जबलपुर
शनिवार 13 जून 2026

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com










## नीट यूजी 2026: नीट परीक्षा में बड़े बदलाव: परीक्षा की अवधि बढ़ाई गई, रफ वर्क के लिए 4 पेज

# परीक्षा के लिए 180 मिनट की जगह अब मिलेंगे 195 मिनट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी 2026 परीक्षा को छात्रों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए कई अहम और ऐतिहासिक बदलावों की घोषणा की है। छात्रों से सालों से मिल रहे फीडबैक के आधार पर एनटीए ने परीक्षा के समय से लेकर प्रश्न पुस्तिका के डिजाइन तक में बड़े सुधार किए हैं। यह परीक्षा 21 जून 2026 को आयोजित होने जा रही है। इस बार उम्मीदवारों को प्रश्न हल करने के लिए अधिक समय मिलेगा। अब तक नीट यूजी परीक्षा के लिए कुल 180 मिनट का समय दिया जाता था, लेकिन इस वर्ष परीक्षा की कुल अवधि बढ़ाकर 195 मिनट कर दी गई है। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होकर शाम 5:15 बजे तक चलेगी। इस अतिरिक्त समय में उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर, परीक्षा कक्ष की औपचारिकताएं और अन्य निगरानी संबंधी प्रक्रियाएं भी शामिल हैं। एनटीए ने प्रश्न पुस्तिका में रफ वर्क के लिए उपलब्ध स्थान भी बढ़ा दिया है। पहले उम्मीदवारों को केवल दो रफ वर्क पेज दिए जाते थे, लेकिन अब उन्हें चार पेज उपलब्ध कराए जाएंगे।


फाइल फोटो

**परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शुरू होकर शाम 5:15 बजे तक चलेगी**

### ऐसा क्यों?

ताकि, प्रशासनिक प्रक्रियाओं में अभ्यर्थियों का परीक्षा समय प्रभावित न हो और वे पूरे समय का उपयोग प्रश्न हल करने में कर सकें

### सुरक्षा व्यवस्था पहली बार अर्धसैनिक बलों के हवाले

एनटीए ने कहा कि परीक्षा के डिजाइन में किए गए ये छोटे-छोटे सुधार छात्रों के अनुभव को बेहतर और तनावमुक्त बनाएंगे। हालांकि, परीक्षा की सुरक्षा, निष्पक्षता और पारदर्शिता के कड़े मानकों में कोई ढील नहीं दी जाएगी। इस साल नीट परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था पहली बार अर्धसैनिक बलों के हवाले होगी और परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। एनटीए ने फीस रिफंड के लिए बैंक डिटेल्स जमा करने की आखिरी तारीख को बढ़ाकर 22 जून कर दिया है। अब तक करीब 13 लाख उम्मीदवार अपनी डिटेल्स जमा कर चुके हैं।

### 21 जून 2026 को नीट परीक्षा, एडमिट कार्ड जल्द

एजेंसी ने नीट के सभी उम्मीदवारों के लिए सलाह दी है कि एडमिट कार्ड और सूचना बुलेटिन में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें। परीक्षा हॉल में स्टाफ के साथ पूरा सहयोग करें। समय का सही बंटवारा करके पेपर हल करें। नीट परीक्षा के लिए समय दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक रहेगा। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जल्द जारी किए जाएंगे। छात्र परीक्षा से जुड़ी जानकारी एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट neet.nta.nic.in पर भी कर सकते हैं।

### कैलकुलेशन को लेकर छात्रों को रही है शिकायत

परीक्षा का समय बढ़ाने के साथ-साथ एनटीए ने रफ वर्क से जुड़ी छात्रों की एक बड़ी समस्या का भी समाधान किया है। नीट यूजी में फिजिक्स और केमिस्ट्री जैसे विषयों के सवालों को हल करने के लिए काफी कैलकुलेशन करनी पड़ती है। ऐसे में कई छात्र रफ वर्क के लिए पर्याप्त जगह न मिलने की शिकायत करते रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार प्रश्नपत्र बुकलेट में रफ वर्क के लिए अतिरिक्त जगह उपलब्ध कराई गई है। इससे अभ्यर्थी आसानी से गणना, डायग्राम और जरूरी नोट्स बना सकेंगे। अधिक जगह मिलने से उत्तर हल करने में सुविधा होगी और गलतियों की संभावना भी कम होगी।

## खबर संक्षेप

### पटवारी को 10 हजार की रिश्वत लेते दबोचा

**सागर।** लोकायुक्त पुलिस सागर ने शुक्रवार को राजस्व विभाग के एक पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पटवारी मानवेंद्र सिंह ठाकुर को 10 हजार रुपए की घूस लेते समय लोकायुक्त टीम ने धर दबोचा। भगवान दास सोलंकी की कृषि भूमि के नामांतरण के लिए रकम मांगी थी। जिसके बाद कार्रवाई की गई।



### मिनी ट्रक से टकराई बाइक, दो की मौत

**हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक भीषण सड़क हादसे ने शादी वाले घर की खुशियों को मातम में बदल दिया। कुसिया गांव के पास एक तेज रफ्तार बाइक आगे चल रहे मिनी ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई।

### मई में खुदरा महंगाई दर बढ़कर हुई 3.93%

**नई दिल्ली।** खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ने के कारण देश में मई महीने के दौरान खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 प्रतिशत पर पहुंच गई। पिछले महीने यानी अप्रैल में यह दर 3.48 प्रतिशत थी। मई में खाद्य पदार्थों की कैटेगरी में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) पर आधारित महंगाई दर 4.78 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 4.2 प्रतिशत दर्ज की गई थी।

## कांग्रेस को शीर्ष कोर्ट से थी बड़ी उम्मीद, अब हाईकोर्ट में जाने को कहा

# मीनाक्षी की याचिका सुप्रीम कोर्ट में 'खारिज' भाजपा दफ्तर में ढोल बजे, आतिशबाजी भी


प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीनाक्षी, पटवारी

### याचिका खारिज होने का आधार

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 329 चुनाव संबंधी मामलों में अदालतों के हस्तक्षेप पर रोक लगाता है ताकि न्यायिक देरी के कारण चुनाव प्रक्रिया प्रभावित न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने मीनाक्षी नटराजन को बड़ी राहत देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है। कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन ने राज्यसभा चुनाव में अपने नामांकन पत्र को रद्द किए जाने के फैसले को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। इसके साथ ही रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा राज्यसभा चुनाव के नामांकन पत्र रद्द करने का फैसला बरकरार रहा। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि चुनावी प्रक्रिया में दखल नहीं दे सकते।

*सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मीनाक्षी नटराजन बोलीं पहले वोट चोरी होती थी, इस बार सीट चोरी हुई*

- कोर्ट बोला चुनावी प्रक्रिया में दखल नहीं दे सकते
- नामांकन पत्र रद्द करने का फैसला बरकरार


दिल्ली में कांग्रेस का प्रदर्शन

**कांग्रेस विधायकों ने राष्ट्रपति भवन तक मार्च निकालने की कोशिश की**

**पुलिस ने उन्हें रोका तो धक्कामुक्की, कई नेता हिरासत में लिए गए**

### सड़क पर उतरी कांग्रेस, राष्ट्रपति भवन के लिए निकले नेताओं की पुलिस से झड़प

कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा चुनाव का नामांकन रद्द होने और इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के झटके के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। दिल्ली पहुंचे मध्य प्रदेश के कांग्रेस विधायकों ने राष्ट्रपति भवन तक मार्च निकालने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी। कांग्रेस नेता इस पर चढ़ गए तो पुलिस से उनकी झड़प हो गई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत तमाम नेताओं को हिरासत में ले लिया।



### तीनों सीटें जीतने के बाद भाजपा कार्यालय में जश्न

## सीएम डॉ. मोहन ने लड्डू खिलाकर बधाई दी

तीनों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जीत के बाद पार्टी में जश्न का माहौल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजयी प्रत्याशियों को लड्डू खिलाकर बधाई दी। उनकी जीत को संगठन की एकजुटता और पार्टी नेतृत्व के प्रति कार्यकर्ताओं के विश्वास की जीत बताया। इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी जाहिर की और जीत का उत्सव मनाया। ढोल बजे और आतिशबाजी की गई।


सीएम ने मिठाई खिलाई

### रतलाम में कब्जे हटाने पहुंची टीम पर पथराव

## महिला पुलिसकर्मी का सिर फूटा भीड़ पर आंसू गैस के गोले 'दागे'


पथराव के दौरान भगदड़

- तीन अन्य जवान घायल, भारी पुलिस बल तैनात
- विस्थापन के डर से ग्रामीण कर रहे परियोजना का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

जिले के पलसोड़ी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने गई टीम पर ग्रामीणों द्वारा किए गए पथराव से भारी बवाल खड़ा हो गया। इस हिंसक झड़प में एक महिला पुलिसकर्मी का सिर फूट गया, जबकि तीन अन्य जवान घायल हो गए। स्थिति को बेकाबू होता देख पुलिस ने भीड़ को खदेड़ने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। फिलहाल इलाके में भारी पुलिस तैनात है और स्थिति नियंत्रण में बनी हुई है।


महिला पुलिसकर्मी

## मुस्लिमों की जबरदस्ती नसबंदी करने पर भी विचार किया जाए

**हरिभूमि न्यूज:भोपाल।** अपने बयानों से हमेशा सुर्खियों में रहने वाले मप्र काडर के रिटायर्ड आईएएस अफसर नियाज खान की एक विवादित टिप्पड़ी से बवाल मच गया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया है कि देश की डेढ़ अरब आबादी अब नासूर बन गई है। अब समय आ गया है कि लोगों की जबरदस्ती नसबंदी करने पर विचार किया जाय। उन्होंने कहा कि मुस्लिम के यहां ज्यादा बच्चे होते हैं, इसलिए कड़ाई से उनकी भी नसबंदी हो। यदि हम यह नहीं करते तो भविष्य अंधकारमय है।


## शोक में डूबा भारतीय खेल जगत : उनको अभी कई खिलाड़ी तैयार करने थे

भारत के निशानेबाजी कोच जसपाल राणा का निधन, एशियन गेम्स में दिलाया था देश को गोल्ड

# म्यूनिख से लौटे थे, असहज महसूस हुआ तो मैक्स अस्पताल ले गए, वहां ली अंतिम सांस

पीएम नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी श्रद्धांजलि, कहा-भारतीय खेल जगत के लिए एक बड़ी क्षति। एक मेंटोर के तौर पर उनका युवाओं को प्रशिक्षित करने का कार्य अत्यंत सराहनीय

- पेरिस ओलिंपिक में 2 मेडल जीतने वाली मनु भाकर के मेंटोर रहे
- उनकी कोचिंग से भारतीय शूटिंग के सबसे प्रभावशाली लोग निकले



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मशहूर निशानेबाजी कोच और पूर्व एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट जसपाल राणा का शुक्रवार को 49 की उम्र में निधन हो गया। राणा भारत के पिस्टल शूटर्स के हाई परफॉर्मेंस कोच की भूमिका निभा रहे थे। म्यूनिख में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप से भारत लौटते समय उन्हें कुछ असहज महसूस हुआ। नई दिल्ली पहुंचते ही राणा को साकेत के मैक्स अस्- पताल में भर्ती कराया गया। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने जसपाल राणा के निधन की पुष्टि की। राणा ने तीन दशक से ज्यादा समय अपनी सेवाएं दी। उन्होंने खिलाड़ी और कोच दोनों की भूमिका बखूबी निभाई। 1990 के समय में वे चर्चाओं का केंद्र बने जब अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन चैंपियनशिप्स में कई मेडल जीते और देश के सबसे सफल निशानेबाजों में से एक बने। राणा ने प्रतिस्पर्धी करियर के बाद कोचिंग में अपनी पारी खेली और जल्द ही भारतीय शूटिंग के सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक बने। वह राष् ट्रीय कोचिंग से जुड़े और 2012 में जूनियर पिस् टल प्रोग्राम की जिम्- मेदारी संभाली। अगले दशक तक राणा ने कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार किया, जिन्- होंने आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई।

### राणा को सम्मान

खेल में योगदान को देखते हुए एनआरएआई ने फरवरी 2025 में जसपाल राणा को 25 मीटर पिस्टल श्रेणी में हाई परफॉर्मेंस कोच बनाया। वह राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रोग्राम में सक्रियता से शामिल थे और मृत्यु से पहले भारत के दिग्गज पिस्टल निशानेबाजों के साथ काम कर रहे थे। कोचिंग और एथलीट विकास में योगदान देने के लिए जसपाल राणा को 2020 में द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जो कि भारतीय खेल जगत में सबसे बड़े सम्मानों में से एक है।



पीएम बोले- 12 वर्षों में महिला विकास को दिया बढ़ावा

# विज्ञान, अंतरिक्ष और नवाचार में बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी

एजेंसी नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा महिला नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों का प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन, उद्यमिता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, आवास, खेल, विज्ञान और शासन जैसे क्षेत्रों में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि देश की माताएं, बहनें और बेटियां अपनी प्रतिभा, परिश्रम और कौशल से हर क्षेत्र में भारत का गौरव बढ़ा रही हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि वित्तीय समावेशन, उद्यमिता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, आवास, खेल, विज्ञान और शासन जैसे क्षेत्रों में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। अपनी प्रतिभा, परिश्रम और कौशल से हर क्षेत्र में भारत का गौरव बढ़ा रही हैं

ड्रोन प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्रों में महिलाओं के लिए नए अवसर

नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला

## महिला स्वयं सहायता समूहों को मिल रहा सक्रिय समर्थन



### महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार के सभी प्रयास गरिमा, अवसर और सशक्तिकरण के सिद्धांतों पर आधारित हैं। इन पहलों ने ऐसा वातावरण तैयार करने में मदद की है, जहां महिलाएं अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकें और राष्ट्र निर्माण में अधिक प्रभावी योगदान दे सकें। उन्होंने 12 वर्षों में नारी शक्ति का उल्लेख करते हुए महिला सशक्तिकरण को सरकार की प्राथमिकता बताया।

### नए क्षेत्रों में बढ़ी भागीदारी

पीएम ने विज्ञान, अंतरिक्ष और नवाचार जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ड्रोन प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी नए अवसरों के द्वार खोल रही है और देश के विकास परिदृश्य को नई दिशा दे रही है। सरकार स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय रूप से समर्थन दे रही है। ये समूह महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहे।

### महिलाओं को सम्मान दिया



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार का 'विमेन-लेड डेवलपमेंट' मॉडल नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण का नया अध्याय लिख रहा है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से लेकर उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन और 12 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण तक महिलाओं के सम्मान और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

### रक्षा क्षेत्र में आगे आईं महिलाएं: राजनाथ सिंह



राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाएं परिचालन, रणनीतिक और नेतृत्वकारी भूमिकाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, जिससे सशस्त्र बलों और देश की सुरक्षा को मजबूती मिल रही है। वर्ष 2014 में सेना में महिलाओं की संख्या लगभग 3,000 थी, जो 2025 तक बढ़कर 11,000 हो गई है।

---

## खबर संक्षेप

### तमिलनाडु में किसानों को 134.83 करोड़ दिए

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने राज्य में धान की खेती को बढ़ावा देने के लिए



'कुरुवई विशेष पैकेज योजना 2026' की घोषणा की है। इस योजना पर 134.83 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका लाभ कावेरी डेल्टा और गैर-डेल्टा दोनों क्षेत्रों के किसानों को मिलेगा। राज्य में बड़े पैमाने पर धान की खेती होती है।

### खड़े ट्रक से टकराई कार, 4 लोगों की मौत

**उन्नाव।** उन्नाव जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर एक कार के खड़े ट्रक से टकरा जाने के कारण चार



लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा आसीवन थाना क्षेत्र में हुआ, जब तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

### दिल्ली में आग से परिवार के 3 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में पांच मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से



बोलने में अक्षम एक महिला समेत एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 70 वर्षीय महिला समेत दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है।

### कोलकाता में खुला भारत का पहला एआई डेटा लैब

**कोलकाता।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने एआई की दुनिया में एक बड़ा कदम उठाया है।



टीसीएस ने टेक दिग्गज ओरेकल के साथ साझेदारी करते हुए कोलकाता के 'डेल्टा पार्क लॉड्स' में भारत का पहला ओरेकल एआई डेटा प्लेटफॉर्म लैब और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लॉन्च किया।

---

## टीएमसी में असली-नकली की लड़ाई: बागी सांसद संसदीय समूह की मान्यता चाह रहे

# सोमवार को लोकसभा स्पीकर से मिलेंगे, डबल इंजन सरकार के साथ काम करने को तैयार

बागी सांसद बसुनिया ने बताया कि हम स्पीकर से हमारे दावे को मान्यता देने का आग्रह करेंगे। उन्होंने दावा किया कि 19 सांसदों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षर इकट्ठा करने की प्रक्रिया 8 जून को शुरू हुई थी


एजेंसी नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में ममता बेनर्जी के लिए स्थिति काफी मुश्किल हो गई है, क्योंकि ममता बेनर्जी के बागी सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिलकर पार्टी के 'असली टीएमसी' संसदीय समूह के तौर पर मान्यता की मांग पाने की तैयारी शुरू कर दी है। कूचबिहार से सांसद जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया ने सोमवार को लोकसभा स्पीकर से मिलने की बात कही है और बागी सांसदों के समूह को असली टीएमसी होने का दावा किया है। बागी सांसद बसुनिया ने बताया कि हमने लोकसभा स्पीकर को पत्र सौंप दिया है। सोमवार को हम स्पीकर के पास जाएंगे और असली टीएमसी संसदीय समूह बनाने का अपना दावा पेश करेंगे। हम स्पीकर से हमारे दावे को मान्यता देने का आग्रह करेंगे। उन्होंने दावा किया कि 19 सांसदों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षर इकट्ठा करने की प्रक्रिया 8 जून को शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि हम लोकसभा में एनडीए का समर्थन करेंगे। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि स्पीकर के साथ प्रस्तावित बैठक का समय अभी तय नहीं हुआ है। 19 टीएमसी लोकसभा सांसदों के नाम और हस्ताक्षर वाली लिस्ट सामने आ चुकी है, हालांकि स्पीकर ओम बिरला को लिखा गया पत्र सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराया गया है और इसकी स्वतंत्र रूप

**19** सांसदों ने 'असली टीएमसी' दावे के ज्ञापन पर 18 मई को ही कर दिए थे हस्ताक्षर



जगदीश बसुनिया



ओम बिरला

### लोकसभा अध्यक्ष के पास जमा कराए नाम

वरिष्ठ नेताओं काकोली घोष दस्तिदार और शताब्दी रॉय सहित 19 अलग हुए सांसदों ने 18 मई को लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय में अपने नाम जमा कराए थे। इस सूची में शामिल हैं- बापी हलदार, डॉ. शर्मिला सरकार, प्रसून बंद्योपाध्याय, जगदीश बर्मा बसुनिया, असित कुमार माल, अरूप चक्रवर्ती, रचना बनर्जी, सायोनी घोष, खलीलुर रहमान, अबू ताहेर खान, यूसुफ पठान, मिताली बाग, माला रॉय, कालिपदा सोरेन, दीपक अधिकारी, जून मालिया और पार्थ भौमिक।

### पार्टी को नए सिरे से खड़ा करेंगे



टीएमसी के बागी सांसद अरूप चक्रवर्ती ने दावा किया कि करीब 20 सांसद उनके गुट का समर्थन कर रहे हैं। उनका गुट टीएमसी को नए रूप में फिर से खड़ा करना चाहता है और राज्य तथा केंद्र के बीच 'डबल इंजन सरकार' के साथ काम करना चाहता है। हम टीएमसी को बचाना चाहते हैं। हमारे चुने हुए प्रतिनिधि टीएमसी के साथ मिलकर एक नई पार्टी बनाएंगे। हम अपनी 20 सीटों के साथ अलग बैठना चाहते हैं। हम किसी की चापलूसी करने नहीं जा रहे हैं।

### ममता बेनर्जी के खिलाफ शिकायत दर्ज

#### चुनाव से पहले कथित सांप्रदायिक बयान देने का आरोप

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बेनर्जी के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। उन पर विधानसभा चुनाव से पहले कोलकाता में धरना मंच से कथित तौर पर सांप्रदायिक टिप्पणी करने का आरोप है। ममता बेनर्जी के खिलाफ नेताजी नगर थाने में शिकायत दर्ज की गई है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फिलहाल प्रकरण की जांच जारी है। शिकायतकर्ता तुषार कांति दास ने आरोप लगाया कि ये बयान भड़काऊ थे और इनसे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया था। ममता बेनर्जी के खिलाफ यह दूसरी शिकायत है। इससे पहले वकील रिंकी चट्टोपाध्याय सिंह की शिकायत पर सिलीगुड़ी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में ममता बेनर्जी के खिलाफ मई में एक एफआईआर दर्ज की थी।

### अलग गुट बनाने का प्रावधान नहीं: मोइत्रा



टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा ने एक पोस्ट में लिखा कि गद्दार टीएमसी सांसदों को कानून का ज्ञान नहीं है। संविधान के 91वें संशोधन 2003 ने विभाजन/अलग गुट बनाने के प्रावधान को हटा दिया है। सांसदों की संख्या मायने नहीं रखती।

### दुश्मनी निभाओ, लेकिन मर्यादा मत लांघो: आजाद



टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने एक्स पर लिखा कि आपको (निशिकांत दुबे) मेरा आशीर्वाद है। मेरा सिर्फ एक सुझाव है कि दुश्मनी उतनी ही निभाओ जिससे आपसी मतभेद व्यक्तिगत रंजिश में न बदलें। उन्होंने भाजपा की तरफ से चलाए जा रहे 'ऑपरेशन लोटस' की पुष्टि करने का दावा भी किया।

---

## ओडिशा सरकार का बड़ा फैसला



सीएम मोहन मांझी दो साल पूरे होने पर उपलब्धियों की जानकारी देते हुए

# केजी से लेकर पीजी तक की पढ़ाई पूरी तरह 'मुफ्त'

आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को मिलेगा सहारा

एजेंसी भुवनेश्वर

ओडिशा सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐसा फैसला लिया है, जो तमाम राज्यों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है।

ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने ऐलान किया है कि अब राज्य के सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में किंडरगार्टन (केजी) से लेकर पोस्टग्रेजुएट (पीजी) स्तर तक की पढ़ाई बिल्कुल मुफ्त होगी। इस फैसले से राज्य के तमाम छात्रों को फायदा होगा और शिक्षा को लेकर जागरूकता भी आएगी। सबसे ज्यादा उन परिवारों को इसका लाभ मिलेगा, जिनके बच्चे पैसों की तंगी के चलते स्कूल या फिर कॉलेज नहीं जा पाते हैं।

### युवाओं का भविष्य मजबूत होगा

सीएम ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को हर वर्ग तक पहुंचाना और आर्थिक कारणों से पढ़ाई छोड़ने की समस्या को कम करना है। फैसले से राज्य के सभी छात्रों को फायदा होगा, खासतौर पर उन लड़कियों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को, जो स्कूल नहीं जा पाते हैं। शिक्षा पर होने वाले खर्च को कम करके अधिक से अधिक छात्रों को उच्च शिक्षा तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। शिक्षा को पूरी तरह से मुफ्त बनाने और सभी के लिए आसान करने के लिए, सरकार की तरफ से ये फैसला लिया गया है।

### केरलम में महिलाओं के लिए बस सफर मुफ्त

केरलम सरकार ने महिलाओं के लिए बस सफर मुफ्त करने का बड़ा फैसला लिया है। यह सुविधा 15 जून से पूरे राज्य में केएसआरटीसी की साधारण बसों में मिलेगी। परिवहन मंत्री सीपी जॉन ने बताया कि मुफ्त यात्रा के लिए महिलाओं को किसी विशेष कार्ड या सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं होगी। सीएम वीडी सतीशन 15 जून को सुबह 8:30 बजे थंपानूर बस स्टेशन पर इस योजना का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के समय बस को चलाने और संभालने का पूरा काम महिला कर्मचारी ही करेंगी। ग्रामीण इलाकों की 'ग्रामवंडी' सेवा में भी महिलाएं मुफ्त सफर कर सकेंगी।

---

## कूरियर कंपनी ने गुमा दिए थे दस्तावेज

# तेलंगाना में भैंस की मौत के 10 साल बाद मिला बीमा का पैसा

एजेंसी हैदराबाद

तेलंगाना में एक किसान को एक दशक बाद बीमा कंपनी से भैंस की मौत के बाद बीमा की राशि मिली है। तेलंगाना राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने किसान को 80,000 भुगतान करने का आदेश दिया है। यह मामला वारंगल जिले के रामावरम गांव के रहने वाले किसान जे रजनी कुमार का है, उनकी भैंस, जिनका बीमा उन्होंने करवा रखा था, वह फरवरी 2016 में मर गई। बाद में पोस्टमार्टम में मौत का कारण गंभीर हेपेटाइटिस पता चला। उसके



डाक्यूमेंट कथित तौर पर कूरियर ट्रांसपोर्टेशन के दौरान खो गए थे। आयोग ने एक पूर्व आदेश के खिलाफ ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा दायर अपील की सुनवाई की। आयोग ने कहा कि मामले में उचित प्रक्रिया का पालन किया गया और शिकायतकर्ता मुआवजे को प्राप्त करने के हकदार है।

## तीन संसदीय समितियों की बैठक

# वित्त, कॉरपोरेट कानून और ऊर्जा पर हुआ गहन 'मंथन'

एजेंसी नई दिल्ली

कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, वित्त और ऊर्जा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए, शुक्रवार को नई दिल्ली में तीन महत्वपूर्ण संसदीय समिति की बैठकें हुईं। तीनों समितियां अपने-अपने क्षेत्रों में नीतियों और विधायी सुधारों को आकार देने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चाओं और विचार-विमर्श में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 पर संयुक्त समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्य सुधीर



गुप्ता, संजय के झा और मुगुंटा एस रेड्डी ने भाग लिया। ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति की बैठक के एजेंडे में विद्युत मंत्रालय और उत्तर पूर्वी विद्युत निगम लि. (एनईईपीको) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वित्त संबंधी समिति के सत्र में प्रतिभूति बाजार संहिता, 2025 विधेयक पर आंतरिक विचार-विमर्श किया गया।

## 200 कलाकारों ने बिखरे लोकसंस्कृति के रंग



छाया उत्तराखंड का चोलिया नृत्य

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति और कला का अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 का 12 जून को समापन हुआ। 8 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित हुए उत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 200 कलाकार ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान और माल रोड पर हुए इस सांस्कृतिक महोत्सव में उत्तराखंड का चोलिया नृत्य पेश करते कलाकार।

---

खाड़ी देशों में फंसे सीबीएसई छात्रों के लिए खुशखबर

# जिनके नतीजे रुके थे, ऐसे छात्रों के लिए विशेष नीति बना रहा केंद्र

एजेंसी नई दिल्ली

पश्चिम एशिया के कई देशों में जारी तनाव और संघर्ष के कारण जिन छात्रों के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हो सके हैं, उनके लिए राहत की खबर सामने आई है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वह ऐसे छात्रों के लिए एक विशेष नीति बनाने पर विचार कर रही है। इससे उन विद्यार्थियों को फायदा मिल सकता है जिनकी परीक्षाएं प्रभावित हुईं।



### 22 जून तक टली सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह केवल एक छात्र का मामला नहीं है, बल्कि ऐसे कई छात्र हैं जो समान परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अदालत को बताया कि सरकार इस मुद्दे पर व्यापक स्तर पर विचार कर रही है और जल्द ही कोई निर्णय सामने आ सकता है। इसके बाद न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 22 जून तक टाल दी।

**सऊदी अरब के छात्र ने लगाई थी याचिका**

यह मामला सऊदी अरब में रहने वाले छात्र प्रांशु जिगरकुमार पटेल की याचिका से जुड़ा है। छात्र का कहना है कि उसका परिणाम अब तक घोषित नहीं किया गया है और उसकी स्थिति 'आरएल (रिजल्ट लेटर)' दिखाई जा रही है। परिणाम न आने की वजह से वह उच्च शिक्षा के कई अवसरों से वंचित हो सकता है।

## पेट्रोल-डीजल की बढ़ती मांग के चलते केंद्र का बड़ा फैसला

# औद्योगिक-व्यावसायिक संस्थानों को पेट्रोल पंपों से नहीं मिलेगा तेल


एजेंसी नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती मांग को देखते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। अब औद्योगिक और व्यावसायिक संस्थान पेट्रोल पंपों से पेट्रोल-डीजल नहीं खरीद सकेंगे। उन्हें अपनी जरूरत का तेल थोक बिक्री केंद्रों से ही लेना होगा। यह पाबंदी 90 दिनों तक लागू रहेगी। दरअसल, पेट्रोल पंप और थोक बाजार की कीमतों में बड़ा अंतर आ गया है। दिल्ली में पेट्रोल पंप पर डीजल 95.20 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं थोक ग्राहकों के लिए इसकी कीमत 134.50 रुपए है। इस भारी अंतर की वजह से बड़े ग्राहक पेट्रोल पंपों से तेल खरीदने लगे थे। इससे देश के कुछ हिस्सों में डीजल की मांग असामान्य रूप से बढ़ गई थी।

## एक दिन में अधिकतम 200 लीटर ही मिलेगा डीजल

**90** दिनों के लिए लगी रोक

थोक केंद्रों से लेना होगा



### 11 जून को नया आदेश जारी किया गया

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 11 जून को नया आदेश जारी किया। इस आदेश का नाम 'मोटर स्पिरिट और हाई स्पीड डीजल (रिटेल आउटलेट के माध्यम से आपूर्ति का अस्थायी विनियमन) आदेश, 2026' है। सरकार ने कहा कि दुनिया के कुछ हिस्सों में जारी तनाव से तेल की सप्लाई और जहाजों के आने-जाने पर बुरा असर पड़ा है। इससे पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता प्रभावित हुई है।

**दोबारा तेल बेचने की मनाही**

नए नियमों के मुताबिक, पेट्रोल पंपों पर डीजल की बिक्री केवल वाहनों की टंकी या मान्यता प्राप्त कंटेनर में ही होगी। एक ग्राहक या वाहन एक दिन में अधिकतम 200 लीटर डीजल ही खरीद पाएगा। इस तेल को दोबारा बेचना पूरी तरह मना है। बड़े ग्राहकों की भीड़ से आम जनता के लिए तेल की कमी हो सकती है।

### जमाखोरी पर कड़ी कार्रवाई होगी

तेल कंपनियों और राज्य सरकारों को इन नियमों को सख्ती से लागू करने को कहा गया है। जमाखोरी, कालाबाजारी और तेल की हेराफेरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। यह कार्रवाई 'आवश्यक वस्तु अधिनियम' के तहत की जाएगी। सरकार जरूरत पड़ने पर किसी खास ग्राहक या क्षेत्र को इन नियमों से छूट दे सकती है। यह पाबंदी 90 दिनों के बाद फिर से बढ़ाई जा सकती है। इसका मुख्य उद्देश्य देश भर में तेल की सही और बराबर सप्लाई सुनिश्चित करना है।

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


13 रोहित की फिटनेस- नीतीश के ...



विचार पेज
8 कांग्रेस-तृणमूल में अस्तित्व ...

haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### शताब्दी पत्थरबाजी केस में दो किशोर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव के मामले का पुलिस ने 15 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस घटना को किसी आतंकी साजिश या संगठित गिरोह ने नहीं, बल्कि रेलवे ट्रैक के किनारे कूड़ा बीन रहे तीन किशोरों ने अंजाम दिया था। पुलिस ने दो बाल अपचारियों को हिरासत में लिया है, तीसरे की तलाश जारी है। एसएसपी आदित्य लांगहे ने ;यह जानकारी दी। बताया कि गुरुवार शाम पेमेश्वर गेट के पास स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस के ई-1 कोच का शीशा पत्थर लगने से टूट गया था। इसी कोच में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी यात्रा कर रहे थे। पुलिस ने 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी व मानवीय इनपुट के आधार पर तीन किशोरों की पहचान की। घटना के बाद रेलवे, जीआरपी और स्थानीय पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया था।




### शेयर बाजार में उछाल 10 लाख करोड़ कमाए

**नई दिल्ली।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार में शानदार तेजी देखने को मिली। यह तेजी तब आई, जब अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता होने की खबर आई है। इसके बाद सेंसेक्स 2.30% चढ़कर गया। निफ्टी 1.99% चढ़कर 23,622.90 पर बंद हुआ। निवेशकों ने 10 लाख करोड़ की कमाई कर ली।



### पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा को कोर्ट से राहत नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने बहुचर्चित आरटीओ भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग मामले के आरोपी परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा को राहत नहीं दी। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने पत्नी की प्रस्तावित सर्जरी और बच्चों की देखभाल का हवाला देकर मांगी गई 60 दिन की अस्थायी जमानत की अर्जी निरस्त कर दी।



### टीईटी के खिलाफ 18 को फिर जुटेंगे शिक्षक

**भोपाल।** मप्र शिक्षक संघ ने कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के मुद्दे पर मोर्चा खोल दिया है। 18 जून 2026 को प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है।



### इंदौर सम्मेलन में भारत ने की ब्रिक्स देशों से अधिक सहयोग की अपील

# ब्रिक्स देश छोटे किसानों को सशक्त बनाएं और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करें

*भारत दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम चला रहा है, जिसके माध्यम से बड़ी आबादी को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है*



समूह फोटो

**भारत में ये तस्वीर**

- देश में गेहूं का उत्पादन करीब 118 मिलियन टन
- बागवानी उत्पादन 378 मिलियन टन
- मछली उत्पादन 19 मिलियन टन से अधिक

**दुनिया भर में टिकाऊ कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करें**



ब्रिक्स देशों से आए प्रतिनिधियों से बात करते केंद्रीय मंत्री शिवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

भारत ने शुक्रवार को ब्रिक्स देशों से अधिक सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी सदस्य देश मिलकर छोटे किसानों को सशक्त बनाने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुनिया भर में टिकाऊ कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करें। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ब्रिक्स देशों के सामूहिक प्रयास वैश्विक कृषि को नई दिशा दे सकते हैं और अधिक सुरक्षित, टिकाऊ तथा समावेशी कृषि भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इंदौर में ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए चौहान ने भारत की कृषि उपलब्धियों, सांस्कृतिक मूल्यों और वैश्विक सहयोग के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

### हमारे फोकस में छोटे किसानों की चुनौतियां

कृषि मंत्री चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय कृषि साझेदारियों को मजबूत करने पर भारत के फोकस को उजागर किया और वसुधैव कुटुंबकम की भावना पर जोर दिया, जो पूरी दुनिया को एक परिवार मानती है। मंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन दुनिया भर के छोटे और सीमांत किसानों के सामने मौजूद चुनौतियों पर सामूहिक रूप से विचार करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव, कृषि लागत में वृद्धि और कृषि बाजारों में अनिश्चितता जैसी चुनौतियां किसानों को प्रभावित कर रही हैं।

### भारत की लगभग 43 प्रतिशत कार्यशक्ति कृषि क्षेत्र में

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की लगभग 43 प्रतिशत कार्यशक्ति कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों से जुड़ी हुई है, जिससे यह देश की अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ बन गया है। भारत की कृषि व्यवस्था में छोटे और सीमांत किसानों की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि देश के लगभग 87 प्रतिशत किसान इसी श्रेणी में आते हैं।

### देश का खाद्यान्न उत्पादन अब लगभग 376 मिलियन टन

उन्होंने कहा कि छोटे किसानों का कल्याण और सशक्तिकरण वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने और टिकाऊ कृषि विकास सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि छोटे और सीमांत किसान आर्थिक रूप से मजबूत और तकनीकी रूप से सक्षम बनते हैं, तो दुनिया की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था भी अधिक मजबूत और लचीली होगी। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में भारत के कृषि क्षेत्र ने औसतन लगभग 4.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन अब लगभग 376 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जो कृषि क्षेत्र में निरंतर प्रगति को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि देश में गेहूं का उत्पादन करीब 118 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जबकि बागवानी उत्पादन 378 मिलियन टन के आंकड़े को पार कर चुका है।

### सतना के नागौद राजघराने में खूनी संघर्ष

# पारिवारिक विवाद में बहू पर दागीं 9 गोलियां, पेट में लगीं

**गुस्साए मायके वालों ने कुंवर को पीटा**


योगिता सिंह

**सतना।** जिले में स्थित ऐतिहासिक नागौद राजघराने की परसमनिया गढ़ी में एक दिलदहला देने वाली वारदात सामने आई है। पारिवारिक विवाद के दौरान राजघराने की बहू योगिता सिंह पर एक महिला ने ताबड़तोड़ नौ गोलियां दाग दीं। पेट में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तुरंत रीवा के विंध्या मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जटिल ऑपरेशन के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।


**दामाद 7 साल से पत्नी को छोड़े था**

पीड़िता की मां का आरोप है कि दामाद लगातार मारो-मारो चिल्ला रहा था और वह पिछले सात साल से पत्नी को छोड़कर उसी महिला के साथ रह रहा था। अपनी आंखों के सामने बेटी को गोली लगते देख उदयपुर से आए मायके वाले और भाई आक्रोशित हो गए। गुस्साए परिजनों ने गढ़ी के भीतर ही दामाद बाबा राजा को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई कर दी।

### तीन थानों की पुलिस जांच में जुटी

# कलेक्शन एजेंट से 30 लाख की लूट, एक्टिवा से आए थे बदमाश

**सीसीटीवी में कैद हुई रात करीब साढ़े आठ बजे की वारदात**



हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

पंढरीनाथ इलाके में गुरुवार रात दो अज्ञात बदमाशों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। यहां एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने एक कलेक्शन एजेंट को रोककर डराया-धमकाया और उससे करीब 30 लाख रुपए से भरा बैग छीनकर रफूचक्कर हो गए। बैग में बर्तन बाजार और मोहनपुरा क्षेत्र के व्यापारियों से वसूला गया कलेक्शन रखा हुआ था। यह पूरी सनसनीखेज वारदात वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें आरोपी साफ तौर पर बैग छीनकर भागते हुए नजर आ रहे हैं। कलेक्शन एजेंट मुकेश अग्रवाल रात करीब साढ़े आठ बजे व्यापारियों से पेमेंट वसूल कर लौट रहा था, तभी घात लगाए बदमाशों ने उसे अपना निशाना बनाया।

### लाइन तोड़ने पर भड़के सुरक्षाकर्मी

# महाकाल मंदिर में फिर श्रद्धालुओं की पिटाई, दोनों गार्ड निलंबित

**मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**



हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

महाकाल मंदिर के गणेश मंडपम में श्रद्धालुओं और सुरक्षाकर्मियों के बीच मारपीट का एक सनसनीखेज वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना 11 जून की सुबह करीब पौने सात बजे की बताई जा रही है, जिसके बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि दो युवक बैरिकेड्स फांदकर आम कतार से शीघ्र दर्शन वाली लाइन में घुस गए। वहां तैनात गार्डों ने जब उन्हें टोका, तो दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि सुरक्षाकर्मियों ने युवकों का कॉलर पकड़कर उनके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। वीडियो सामने आने के बाद महाकाल मंदिर समिति ने सफाई दी है कि लाइन तोड़ना और अराजकता फैलाना अन्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार युवक समझाने पर अभद्रता कर रहे थे। हालांकि, मामले की निष्पक्ष जांच होने तक दोनों संबंधित गार्डों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर गणेश मंडपम से हटा दिया गया है।

### रीवा में भीषण सड़क हादसा

# डंपर ने ऑटो को मारी टक्कर तीन दोस्तों की मौके पर ही मौत

**मौसी के घर से लौटते समय तीनों हादसे का शिकार**


परिजनों से बात करती पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रीवा

जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। डिहिया स्थित बोरी फैक्ट्री के सामने बालू से लदे एक बेकाबू और तेज रफ्तार डंपर ने एक ऑटो को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार तीन दोस्तों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान बहुरी बांध निवासी हरिशंकर चतुर्वेदी, आशीष उपाध्याय और भटलो निवासी शैलेंद्र तिवारी के रूप में हुई है।

तीनों आपस में गहरे दोस्त थे। हरिशंकर अपने दोनों दोस्तों को साथ लेकर अपनी मौसी के घर घूमने गया था। गुरुवार रात जब तीनों वहां से खुशी-खुशी लौट रहे थे, तभी काल बने डंपर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के गांव में मातम पसर गया है। घटना की सूचना मिलते ही गोविंदगढ़ थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद शवों को क्षतिग्रस्त ऑटो से बाहर निकाला।


## अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

**आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।**

दीया

### आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।




### आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in


### एआई-आधारित ट्रांसफॉर्मेशन कंपनी अवतार ने विकसित किया

# अब टेक्स्ट से बनेगा क्वालिटी वीडियो स्वदेशी एआई मॉडल 'वार्या' लॉन्च

- 'वार्या' को भारत की विविध सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया
- यह मॉडल देश के विभिन्न क्षेत्रों, त्योहारों, समुदायों, भोजन, परिधान, सार्वजनिक स्थलों और दैनिक जीवन से जुड़े दृश्य तैयार करने में सक्षम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अच्छी खबर


सीईओ श्रवंत अलूरु जानकारी देते हुए

भारत एआई मिशन के सहयोग से विकसित स्वदेशी वीडियो जनरेशन एआई मॉडल 'वार्या' को गुरुवार को लॉन्च किया गया। इसे एआई-आधारित ट्रांसफॉर्मेशन कंपनी अवतार ने विकसित किया है। कंपनी का दावा है कि यह मॉडल उच्च गुणवत्ता वाले वीडियो बेहद कम लागत और कम समय में तैयार कर सकता है, जिससे एआई वीडियो निर्माण को बड़े पैमाने पर आम लोगों तक पहुंचाया जा सकेगा। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन की उपस्थिति में 'वार्या' का अनावरण किया गया। 'वार्या' को भारत की विविध सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### आइडिया से वीडियो और फिर कहानी

कंपनी ने बताया कि 'वार्या' में डिस्टिलेशन तकनीक का उपयोग किया गया है, जिसके माध्यम से वीडियो निर्माण की प्रक्रिया 50 चरणों से घटकर मात्र 4 चरणों में पूरी हो जाती है। इसके बावजूद वीडियो की गुणवत्ता प्रभावित नहीं होती। अवतार के आंतरिक परीक्षणों के अनुसार, 'वार्या' प्रति सेकंड लगभग 48 पैसे की लागत पर वीडियो तैयार कर सकता है। कंपनी का दावा है कि यह कई प्रमुख वैश्विक वीडियो एआई मॉडलों की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक किफायती है। इस प्लेटफॉर्म का अनुभव 'आइडिया से वीडियो और फिर कहानी' की अवधारणा पर आधारित है।

## खबर संक्षेप

### दो सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बदले जाएंगे

**भोपाल।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में दो सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों के फेरबदल की तैयारी शुरू हो गई है। जल्द ही इसके आदेश जारी किए जा सकते हैं। जोन-9 के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र शर्मा को हटाकर उनकी जगह पूर्व में इसी जोन की जिम्मेदारी संभाल चुके बलवीर मलिक को दोबारा पदस्थ किए जाने की तैयारी है। वहीं जोन-11 में भी बदलाव के संकेत हैं। यहां पूर्व प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अमन पाल की वापसी हो सकती है। अमन पाल को कुछ समय पहले कार्य में लापरवाही के आरोपों के चलते पद से हटाया गया था। हालांकि बाद में हुई विभागीय जांच में उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी।

### जोनल अधिकारी की विभागीय जांच शुरू

**भोपाल।** नगर निगम प्रशासन ने गुरुवार को योजना प्रकोष्ठ के अपर आयुक्त, उपायुक्त तथा उद्यान शाखा की सहायक उद्यान अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए। वहीं उद्यान सुपरवाइजर का 10 दिवस का वेतन काटने सहित जोन-19 के जोनल अधिकारी की विभागीय जांच शुरू कर दी। दरअसल उद्यान विभाग से संबंधित शिकायतों को बिना स्थल निरीक्षण निराकृत दर्शाने पर उद्यान विभाग की सहायक उद्यान अधीक्षक ममता ब्रह्मे को नोटिस जारी करने एवं जोनल अधिकारी जोन-19 को नोटिस जारी कर विभागीय जांच करने, उद्यान सुपरवाइजर का 10 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए थे।

### 25 से फिर खनकेंगी करछियां, बुंदेली शेफ 4 का काउंटडाउन शुरू

**छतरपुर।** इन दिनों बुंदेलखंड की कई रसोइयों में मसालों की खुशबू के साथ एक अलग तरह का उत्साह भी पक रहा है। कहीं नई रेसिपी पर प्रयोग हो रहे हैं, कहीं दादी-नानी के पुराने स्वाद फिर से याद किए जा रहे हैं, तो कहीं महिलाएं अपनी सबसे खास डिश को और बेहतर बनाने में जुटी हैं। वजह है 'बुंदेली शेफ सीज़न 4', जिसका इंतजार, जो कि अब धीरे-धीरे एक उत्सव का रूप लेने लगा है। इस लोकप्रिय ऑनलाइन कुकिंग प्रतियोगिता का पहला ऑडिशन 25 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दूसरा ऑडिशन 10 जुलाई और तीसरा ऑडिशन 20 जुलाई को होगा। इन पड़ावों से गुजरकर 15 प्रतिभागी जुलाई के अंतिम सप्ताह में होने वाले क्वार्टर फाइनल तक पहुंचेंगी। इसके बाद अगस्त के पहले सप्ताह में सेमी फाइनल का रोमांच देखने को मिलेगा, जिसमें 8 चयनित प्रतिभागियों के साथ 3 वाइल्ड कार्ड एंट्री भी अपनी किस्मत आजमाएंगी। और फिर अगस्त के अंत में होने वाले भव्य ग्रैंड फिनाले में 5 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों के बीच बुंदेली शेफ सीज़न 4 का ताज हासिल करने जंग होगी। फाउंडर डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा, 'बुंदेली शेफ' उन्हीं भावनाओं को सम्मान देने का मंच है। सीज़न 4 में भी हम ऐसे ही नए चेहरों की तलाश में हैं, जिनके हाथों का स्वाद और जिनके सपनों की उड़ान दूर तक जाए। पिछले तीन सीज़न्स ने यह साबित किया है कि कभी-कभी पहचान की शुरुआत रसोई से भी होती है। शमिता सिंह, ज़हीदा परवीन और शाजिदा अमीर इसकी सबसे खूबसूरत मिसाल हैं।

## इंदौर में कृषि महाकुंभः ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक में छोटे किसानों पर वैश्विक मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में आयोजित ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यह बैठक छोटे किसानों के सशक्तिकरण, खाद्य सुरक्षा और कृषि में नवाचार को नई दिशा देने का मंच बनेगी।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने गुरुवार रात इंदौर में चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि इस बैठक का मुख्य फोकस छोटे किसानों की आय बढ़ाने, खेती को अधिक उत्पादक और टिकाऊ बनाने तथा खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने पर है। केवल अनाज उत्पादन ही नहीं, बल्कि पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना भी प्राथमिकता है। कृषि में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को सशक्त करने और युवाओं को आधुनिक तकनीक से खेती की ओर आकर्षित करने पर जोर दिया है।

# महिला शक्ति, युवाओं पर विशेष फोकस, खाद्य सुरक्षा से टेक्नोलॉजी तक कृषि का नया रोडमैपः केंद्रीय मंत्री शिवराज

### इन्दौर में अतिथियों और प्रतिनिधियों के सम्मान में दिया रात्रि भोज



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इंदौर में आयोजित ब्रिक्स देशों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल कृषि मंत्रियों एवं अन्य विदेशी प्रतिनिधियों एवं अतिथियों से मुलाकात की। उन्होंने अतिथियों का इन्दौर में स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी के सम्मान में रात्रि भोज भी दिया। मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश की लोक कला, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना पर आधारित प्रस्तुतियों ने देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा से मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों की विशेषताओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। रात्रि भोज एवं सांस्कृतिक आयोजन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसी राम सिलावट, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, सांसद शंकर लालवानी तथा कविता पाटीदार आदि मौजूद रहे।

### कहा- समावेशी विकास, नवाचार और जनकल्याण के दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा मप्र

# नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल में मुख्यमंत्री ने बताईं मप्र की उपलब्धियां

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरूवार को नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहभागिता की। यहां उन्होंने मध्यप्रदेश में सभी वर्गों के विकास के लिए किए जा रहे विशेष प्रयत्नों से अवगत कराया।

डॉ. यादव ने कहा कि काउंसिल की बैठक में 'विकसित भारत @>2047' के संकल्प को साकार करने के लिए केंद्र और राज्यों की साझी भागीदारी, समन्वित प्रयासों तथा विकास के विभिन्न आयामों पर व्यापक और सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि मप्र भी विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए सुशासन, समावेशी विकास, नवाचार और जनकल्याण के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई बैठक




काउंसिल में केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी। बैठक में डॉ. मोहन भी शामिल हुए।

### गवर्निंग काउंसिल ने की इन मुख्य मुद्दों पर चर्चा

नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की इस बैठक में मुख्यतः 'मूलभूत मानव पूंजी और भविष्य के लिए तैयार कौशल', 'उत्पादक रोजगार, उद्यमिता और विकेंद्रीकृत विकास', 'स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण' एवं 'सभी के लिए समानता और गरिमा' से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नदी जोड़ो परियोजनाओं के क्रियान्वयन की तैयारी की गई है। पीएमश्री महाविद्यालयों के माध्यम से युवाओं को अनेक संकायों और विषयों के अध्ययन से जोड़ा गया है। कौशल विकास और औद्योगिकीकरण के प्रयास तेज हुए हैं।

### नक्सलवाद के खात्मे के बाद देंगे विकास को गति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में जानकारी दी कि प्रदेश को नक्सलवाद का खात्मा केंद्र सरकार द्वारा तय की गई समय-सीमा से पहले करने में सफलता मिली है। प्रदेश के जो क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित थे, वहां विकास की गति तेज की जाएगी। युवाओं के विकास पर विशेष रूप से जोर रहेगा। इसके साथ ही प्रदेश में बहनों और बेटियों की उन्नति, कृषक कल्याण, नए मेडीकल कॉलेजों के माध्यम से उपचार कार्य को गुणवत्तापूर्ण बनाते हुए बेहतर कार्य हो रहा है।

## मोहन सरकार बताएगी मोदी सरकार के 12 साल का रिपोर्ट कार्ड, प्रदेशभर में होंगे लाभार्थी कार्यक्रम

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मध्यप्रदेश में भी भाजपा और मोहन सरकार बड़े स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को राजधानी भोपाल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उनके लाभार्थियों से जुड़े आंकड़ों को सार्वजनिक करेंगे। मुख्यमंत्री की यह प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर 12 बजे कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगी। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, उपमुख्यमंत्री तथा सरकार और संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के शामिल होने की संभावना है। इस दौरान मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों के साथ प्रदेश सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का भी विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा।

### कलेक्टरों व निगम आयुक्तों को जारी किए दिशा निर्देश

सरकारी सूत्रों के अनुसार प्रदेशभर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को जोड़ते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं के लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने और उनकी जानकारी व्यापक स्तर पर प्रसारित करने की रणनीति तैयार की गई है। इसके लिए सभी जिलों के कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सरकार का फोकस प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंचने पर रहेगा।

### डीओपीटी जारी करेगा नोटिस

## संपत्ति विवरण छिपाने पर 10 आईएएस पर कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के 10 आईएएस अधिकारियों द्वारा अपनी वार्षिक संपत्ति विवरणी समय पर जमा नहीं करने का मामला सामने आया है। इस पर केंद्र सरकार का कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है।

जानकारी के अनुसार डीओपीटी ने मध्यप्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) को पत्र लिखकर उन अधिकारियों की जानकारी मांगी है जिन्होंने वर्ष 2025 के लिए अपनी अचल और चल संपत्तियों का विवरण निर्धारित समय सीमा तक प्रस्तुत नहीं किया। सूत्रों के मुताबिक, संबंधित अधिकारियों को जून महीने के अंत तक अपनी संपत्ति का पूरा ब्यौरा जमा करना होगा। यदि इसके बाद भी जानकारी प्रस्तुत नहीं की जाती है तो उनके खिलाफ सेवा नियमों के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

### अधिकारियों को जल्द जानकारी देने के निर्देश

केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार सभी आईएएस अधिकारियों को हर वर्ष अपनी संपत्ति का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य होता है। जिन अधिकारियों ने अब तक संपत्ति विवरण जमा नहीं किया है, उनमें वर्ष 2018 और 2019 बैच के कई अधिकारी शामिल बताए जा रहे हैं। इनमें कैलाश बुंदेला, नारायण प्रसाद नामदेव, अनिल कुमार, जितेंद्र सिंह चौहान, कमल सोलंकी, निशा डामर, राकेश कुमार, संतोष कुमार, डोंगरे और सारिका भूरिया के नाम शामिल हैं। डीओपीटी इस मामले को गंभीरता से ले रहा है। संपत्ति विवरण नहीं देने वाले अधिकारियों के नाम केंद्र स्तर पर दर्ज किए जाते हैं, जिसका असर उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट, केंद्रीय प्रतिनियुक्ति और भविष्य की प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर भी पड़ सकता है। यही कारण है कि संबंधित अधिकारियों को जल्द जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मोबाइल चलाते दिखे जिप्सी चालक, जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सफारी के दौरान नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में सफारी के दौरान जिप्सी चालक मोबाइल फोन से टाइगर का वीडियो बनाते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें दो जिप्सी चालक जंगल के भीतर मोबाइल फोन का उपयोग करते नजर आ रहे हैं।

### बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े थे ग्रामीण

## आकाशीय बिजली गिरने से एक उपसरपंच और दो अन्य की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक उप-सरपंच और दो अन्य लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। अंतागढ़ के ग्राम कलगांव में आज सुबह मनरेगा में काम करने के दौरान हुई बारिश से बचने को ग्रामीण पेड़ के नीचे आ गए, जहां आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई।

वहीं पांच लोग घायल हो गए हैं। मामले की जानकारी देते हुए अंतागढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राम कुलगांव में चल रहे मनरेगा में काम करने के लिए करीब 50 से 60 मजदूर काम करने के लिए गए हुए थे। शुक्रवार की सुबह अचानक से हुई बारिश से बचने के लिए सभी मजदूर पास के पेड़ के नीचे आ गये



थे। अचानक से हुए आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अंतागढ़ ब्लॉक के कलगांव में मनरेगा (जी राम जी) योजना के तहत तालाब गहरीकरण का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई तो वहीं 5 महिला गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। जिसमें 1 महिला को कांकेर रेफर किया जा रहा है। सभी घायलों का इलाज अभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ में जारी है।

### बैतूल से कूनो तक कई कार्यक्रमों में होंगी शामिल

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 जून से पांच दिवसीय मप्र दौरे पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 जून से मप्र के पांच दिवसीय दौरे पर रहेंगी। अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रपति बैतूल, ओंकारेश्वर, जबलपुर और श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए संबंधित जिलों में प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति 18 जून को इंदौर पहुंचेंगी, जहां से हेलीकॉप्टर द्वारा बैतूल जाएंगी। बैतूल के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित ब्रह्मकुमारी संस्थान के आध्यात्मिक जागृति द्वारा आदिवासी समाज का सशक्तिकरण महासम्मेलन में वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इसके बाद शाम को खंडवा जिले स्थित पवित्र तीर्थस्थल ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंचकर ज्योतिर्लिंग की रात्रि आरती में भाग लेंगी। 19 जून को राष्ट्रपति सिकल सेल एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करेंगी। राष्ट्रपति 20 जून की शाम को जबलपुर पहुंचेंगी। 21 जून को वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। वे रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। उसी दिन राष्ट्रपति ग्वालियर पहुंचेंगी और वहां से श्योपुर जिले स्थित कूनो नेशनल पार्क जाएंगी।

### चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का मामला, महिला सहित दो ग्राहकों को किया गिरफ्तार

## देह व्यापार के खिलाफ पुलिस का बड़ा कदम, पीटा एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिला मुख्यालय में बीती रात रायगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला दलाल समेत दो ग्राहकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। मामला चक्रधरनगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ पुलिस को सूचना मिली थी कि छोटे अतरमुड़ा साईं मंगलम रोड स्थित किराये के मकान में महिला गुंजन चौहान के द्वारा अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से युवतियों से देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना के आधार पर बीती रात पुलिस टीम ने एक पाइंटर को ग्राहक बनाकर मौके पर भेजा गया।



पाइंटर के द्वारा निर्धारित संकेत मिलने के बाद पुलिस टीम ने तत्काल मकान में दबिश दी। पुलिस की छापेमारी के दौरान मकान के बाहर दरवाजे के पास बैठी महिला अपना नाम गुजन, 36 साल होना बताया, मकान के एक कमरे में एक महिला एवं एक पुरुष आपत्तिजनक हालत में मिले। पूछताछ में पुरुष ने अपना नाम नेहरू चौहान, उम्र 37 वर्ष बताया। वहीं दूसरे कमरे में दो महिलाओं के साथ एक अन्य पुरुष मीर रविउल, उम्र 34 वर्ष, मिला।

### आपत्तिजनक सामग्रियां व नकदी बरामद

संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिस स्टाफ के द्वारा कमरों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई तथा महिला दलाल के कब्जे से पाइंटर द्वारा दिए गए 2 हजार 500 नगद भी जब्त किए गए। पूछताछ में महिला दलाल ने उक्त मकान को किराये पर लेकर देह व्यापार संचालित करना स्वीकार किया। चक्रधरनगर थाना में महिला दलाल गुंजन चौहान एवं आरोपी नेहरू चौहान तथा मीर रविउल के खिलाफ धारा 3, 4 एवं 5 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। प्रकरण में अग्रिम विवेचना जारी है।

### 7,800 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना, निवेश को मिलेगा बढ़ावा

# 'छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट' में विभिन्न क्षेत्रों की सात प्रमुख कंपनियों ने 9,580 करोड़ के दिए निवेश प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ ने निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हैदराबाद में आयोजित 'छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट' कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की सात प्रमुख कंपनियों ने 9,580 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए हैं, जिनसे 7,800 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री साय ने सात प्रमुख कंपनियों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए 'इन्विटेशन टू इन्वेस्ट' (ऑफर लेटर) प्रदान किए। इनमें डेटा सेंटर, सीमेंट, सेमीकंडक्टर एवं जीपीयू इंफ्रास्ट्रक्चर, सौर ऊर्जा उपकरण निर्माण, वस्त्र, फार्मास्यूटिकल और डेयरी प्रसंस्करण क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियां शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा विकसित भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में छत्तीसगढ़ तेजी से उभर रहा है और राज्य में निवेशकों के लिए 'रेड कारपेट' बिछा हुआ है।

### छग के पास देश का सबसे उपयुक्त लॉजिस्टिक हब बनने की क्षमता



छत्तीसगढ़ भी इन क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और दोनों राज्यों के उद्योगपति एवं उद्यमी मिलकर नए अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। मध्य भारत में स्थित छत्तीसगढ़ देश का सबसे उपयुक्त लॉजिस्टिक हब बनने की क्षमता रखता है। छत्तीसगढ़ सात राज्यों से घिरा हुआ है और 60 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं तक सीधी पहुंच प्रदान करता है। रेलवे नेटवर्क, भारतमाला परियोजना, एयर कार्गो सुविधाओं तथा खनिज संसाधनों की उपलब्धता उद्योगों के लिए इसे अत्यंत अनुकूल बनाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश में ग्रीन स्टील को बढ़ावा देने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल है। ऊर्जा क्षेत्र में राज्य को 3.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे प्रदेश देश के प्रमुख पावर हब के रूप में उभर रहा है। कार्यक्रम में सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, इन्वेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सेन, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार, उद्योग विभाग के संचालक प्रभात मलिक एवं अन्य अधिकारीगण शामिल थे।

### दक्षिण भारत के कई उद्योगपति रहे मौजूद

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन सहित दक्षिण भारत के कई बड़े उद्योगपति, निवेशक और कारोबारी प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु के साथ-साथ जापान और दक्षिण कोरिया में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य को 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार इन प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज निवेश के लिए देश के सबसे बेहतर राज्यों में से एक बनकर उभर रहा है। राज्य में उद्योगों के लिए आसान प्रक्रियाएं, सिंगल विंडो व्यवस्था, बेहतर बुनियादी सुविधाएं और उद्योग अनुकूल नीतियां उपलब्ध हैं। उन्होंने निवेशकों को छत्तीसगढ़ में उद्योग स्थापित करने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि हैदराबाद ने आईटी, फार्मा, बायोटेक्नोलॉजी और एयरोस्पेस जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

### सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल, गिरफ्तार

## शराब के नशे में चाचा और ताऊ पर धारदार हथियार से हमला

▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

गौरेला थाना क्षेत्र में शराब के नशे में अपने ताऊ और चाचा पर धारदार हथियार से हमला करने का प्रयास करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

घटना के बाद सोशल मीडिया पर तस्वीरें और जानकारी वायरल होने पर गौरेला पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, कोरजा के बालधार निवासी भारत पाल ने शराब के नशे में अपने ताऊ और चाचा के साथ विवाद करते हुए गाली-गलौज की। आरोप है कि विवाद के दौरान वह गली में धारदार हथियार लेकर उनके सामने पहुंच गया और हमला करने का प्रयास करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसपर मोहल्ले के लोगों ने बीच बचाव कराया। इस घटना से परिवार के सदस्य और आसपास मौजूद लोग भयभीत हो गए। घटना की संबंधित तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए गौरेला पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने आरोपी भारत पाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तथा पीड़ित पक्ष से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई।

# विधायक संजय पाठक के खिलाफ मानहानि याचिका पर सुनवाई से जस्टिस ने खुद को किया अलग

### पूर्व आर्म्स डीलर ने विधायक पर लगाए झूठे आरोप लगाने के आरोप, एफआईआर दर्ज करने की मांग

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा ने विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक के खिलाफ एक और मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। कटनी के पूर्व आर्म्स डीलर नाजिम खान की ओर से विधायक पाठक के खिलाफ दायर मानहानि संबंधी याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामला जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष सूचीबद्ध था, लेकिन उन्होंने स्वयं को प्रकरण की सुनवाई से अलग कर लिया। गौरतलब है कि पाठक के खिलाफ अवैध उत्खनन से जुड़े एक अन्य मामले में भी जस्टिस मिश्रा ने खुद को अलग कर लिया था। उन्होंने 1 सितंबर 2025 को आदेशपत्र में लिखा था कि विधायक पाठक ने उनसे फोन पर संपर्क करने की कोशिश की थी। तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की खंडपीठ ने न्यायपालिका की शुचिता के मद्देनजर इस मामले पर विधायक पाठक के खिलाफ आपराधिक अवमानना का प्रकरण दर्ज किया था। यह फिलहाल लंबित है।



याचिकाकर्ता नाजिम खान का आरोप है कि विधायक संजय पाठक ने अक्टूबर 2025 में सोशल मीडिया पर दिए गए इंटरव्यू में उनके खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और मानहानिकारक बयान दिए थे। इसके पूर्व नाजिम खान ने विधायक को एक करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भी भेजा था। नोटिस में आरोप लगाया गया कि विधायक ने उनकी दुकान से 14 हजार गोलियां गायब होने, अवैध हथियार बिक्री और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के हथियार लाइसेंस बनवाने जैसे आरोप सार्वजनिक रूप से लगाए। याचिका में कहा गया है कि कई शिकायतों के बावजूद पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज की और न ही मामले की जांच की। इसी के चलते हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पुलिस को विधायक के खिलाफ अपराध दर्ज करने के निर्देश देने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान जस्टिस विशाल मिश्रा ने आदेश पारित करते हुए कहा कि प्रकरण को अगले सप्ताह ऐसी न्यायपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जिसमें वे सदस्य न हों।

# कृषि विज्ञान केंद्र में उर्वरक विक्रेताओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित




**जबलपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत सी.सी.आई.एन.एम. द्वारा आयोजित 15-15 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स में भाग लेने वाले खाद एवं उर्वरक विक्रेताओं को आज प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का आयोजन जबलपुर संभाग के के.एस. नेताम की मुख्य आतिथ्य में किया गया। दो बैचों में कुल 60 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। टीपी नंबर 761 बैच 5 में मार्कफेड से जुड़े आदान विक्रेता तथा टीपी नंबर 792 बैच 6 में अन्य आदान विक्रेता शामिल थे। प्रशिक्षण में मृदा विज्ञान, फसल विज्ञान और रासायनिक उर्वरकों सहित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई, ताकि विक्रेता किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग और मृदा स्वास्थ्य के महत्व पर सही सलाह दे सकें। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की सदप्रेरणा एवं संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. रश्मि शुक्ला ने प्रशिक्षण की महत्ता को बताया। मार्कफेड जबलपुर से श्रीमती नीलम कश्यप ने मार्कफेड की गतिविधियों की जानकारी दी। कोर्स के कोआर्डिनेटर डॉ. ए.के. सिंह ने प्रशिक्षण के उद्देश्य और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. डी.के. सिंह, डॉ. नीलू विश्वकर्मा, डॉ. अक्षता तोमर, डॉ. ऋचा सिंह, डॉ. नेहा शर्मा एवं कु. अंजना गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डी.के. सिंह और आभार प्रदर्शन डॉ. ऋचा सिंह ने किया। 50 से अधिक प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# स्वच्छता अभियान : 47 लोगों से वसूला 1 लाख 32 हजार 4 सौ रुपये का जुर्माना

**जबलपुर।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने सभी 16 संभागों में ताबड़तोड़ औचक निरीक्षण और चालानी कार्रवाई का अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले और नियमों का उल्लंघन करने वाले 47 व्यक्तियों एवं प्रतिष्ठानों के खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई करते हुए 1,32,400 रुपये का जुर्माना वसूला गया। नगर निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खुले में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ लगातार निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी। स्वच्छता अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग और मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों की टीमों ने सभी संभागीय क्षेत्रों में निरीक्षण किया। मुख्य बाजारों, व्यावसायिक क्षेत्रों और रिहायशी इलाकों में कचरा फेंकने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया।



कार्यवाही के दौरान उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, धर्मेन्द्र राज, पोला राव सहित सभी मुख्य स्वच्छता निरीक्षक और स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित थे। नगर निगम का कहना है कि यह अभियान शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर जारी रहेगा।

## फ्यूल सरचार्ज वृद्धि पर रोक लगाने की मांग, जन संगठनों ने भेजा ज्ञापन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं पर बढ़ाए गए फ्यूल सरचार्ज को लेकर जन संगठनों ने विरोध जताते हुए राज्य शासन और विद्युत नियामक आयोग से हस्तक्षेप की मांग की है। संगठनों ने जबलपुर जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन भेजकर उत्तर प्रदेश की तर्ज पर फ्यूल सरचार्ज की वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि प्रदेश में मार्च माह में फ्यूल सरचार्ज शून्य प्रतिशत था, जिसे अप्रैल में बढ़ाकर 5.36 प्रतिशत तथा मई-जून में 3.91 प्रतिशत कर दिया गया। उनका आरोप है कि इस वृद्धि से पहले राज्य सरकार को न तो जानकारी दी गई और न ही अनुमति ली गई। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में ऊर्जा मंत्री ने फ्यूल सरचार्ज वृद्धि पर रोक लगाने के साथ इसकी जांच के निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश में भी विद्युत अधिनियम की धारा 108 के तहत सरकार को हस्तक्षेप कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करनी चाहिए। इस दौरान रजत भार्गव, टी.के. रायघटक, संतोष श्रीवास्तव, एडवोकेट वेदप्रकाश अधौलिया, एडवोकेट जी.एस. सोनकर, सुशील कनौजिया, गीता पांडे, राजेश गिदरोनिया, यशवंत कोष्टा, अर्जुन कुमार, अशोक यादव और पी.एस. राजपूत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# होटल "अर्क द कोर्टयार्ड" पर निगम की कार्रवाई 1 लाख रुपये का जुर्माना और रेस्टोरेंट सील

**जबलपुर।** नगर निगम ने नागरिक सुरक्षा और स्वच्छता मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। बिलहरी मेन रोड स्थित होटल "अर्क द कोर्टयार्ड" का स्वास्थ्य, अग्नि शमन, बाजार, अतिक्रमण और भवन शाखा की टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान होटल में फायर सेफ्टी सिस्टम और पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं पाए जाने के साथ-साथ किचन में गंदगी भी पाई गई। इसके अतिरिक्त होटल ने स्वीकृत नक्शे और क्षेत्र से अधिक भूमि पर अवैध रूप से रेस्टोरेंट एवं बार का संचालन किया। नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए होटल पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया और रेस्टोरेंट को सील कर दिया। उपायुक्त संभव अयाची ने बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।



इस मौके पर सहायक अग्नि शमन अधिकारी राजेन्द्र पटैल, सहायक यंत्री अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोला राव, स्वास्थ्य निरीक्षक किशन दुबे, सचिन सहायक अग्नि शमन अधिकारी नीलेश पाटीदार, अखिलेश सिंह भदौरिया और संभागीय यंत्री अभिषेक तिवारी उपस्थित रहे। नगर निगम का कहना है कि शहर में ऐसे सभी प्रतिष्ठानों के खिलाफ निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# पेट्रोल पंपों से थोक डीजल पेट्रोल खरीद पर रोक

### जबलपुर के उद्योगों और संस्थानों पर पड़ेगा असर

**जबलपुर।** जबलपुर। केंद्र सरकार द्वारा डीजल और पेट्रोल की बिक्री को लेकर जारी नई गाइडलाइन का असर अब जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में दिखाई देगा। नए आदेश के तहत औद्योगिक, व्यावसायिक और संस्थागत श्रेणी के बड़े उपभोक्ता आगामी 90 दिनों तक सामान्य पेट्रोल पंपों से ईंधन नहीं खरीद सकेंगे। उन्हें अपनी आवश्यकता के अनुसार डीजल-पेट्रोल केवल अधिकृत बल्क सेल प्वाइंट्स से ही लेना होगा। जबलपुर पेट्रोल-डीजल एसोसिएशन के पदाधिकारी अली असगर के अनुसार मध्य-पूर्व में जारी तनाव के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। इसके बावजूद आम उपभोक्ताओं पर बोझ कम रखने के लिए सरकारी तेल कंपनियों ने खुदरा बिक्री दरों में सीमित वृद्धि की, जबकि थोक ग्राहकों के लिए कीमतें बढ़ा दी गईं। इसी वजह से कई बड़े उपभोक्ता कम कीमत का लाभ लेने के लिए पेट्रोल पंपों से बड़ी मात्रा में ईंधन खरीदने लगे थे।

### आम उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति बनाए रखना उद्देश्य

बताया जा रहा है कि टेलीकॉम टावरों, फैक्ट्रियों और अन्य संस्थागत उपभोक्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर पेट्रोल पंपों से डीजल खरीदने के कारण कई स्थानों पर आम ग्राहकों के लिए आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई थी। आवश्यक सेवाओं और आम नागरिकों को निर्बाध ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने यह प्रतिबंधात्मक व्यवस्था लागू की है।

### डीजल बिक्री पर तय हुई नई सीमा

नई गाइडलाइन के अनुसार पेट्रोल पंपों से डीजल की बिक्री केवल वाहनों के मुख्य ईंधन टैंक अथवा पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पेसो) से अनुमोदित विशेष कंटेनरों में ही की जा सकेगी। इसके अलावा किसी भी संदिग्ध ग्राहक या वाहन को एक पेट्रोल पंप से प्रतिदिन अधिकतम 200 लीटर डीजल ही दिया जाएगा। इससे अधिक मात्रा की बिक्री पर रोक रहेगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल पंप से खरीदे गए ईंधन का पुनर्विक्रय या मुनाफाखोरी के उद्देश्य से उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राज्य सरकारों को जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्ती से निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### जांच और जब्ती के विशेष अधिकार

नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए अधिकृत प्रशासनिक अधिकारियों, डीएसपी स्तर या उससे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तथा तेल कंपनियों के वरिष्ठ सेल्स अधिकारियों को पेट्रोल पंपों का निरीक्षण करने, रिकॉर्ड जांचने और अनियमितता मिलने पर संबंधित सामग्री जब्त करने के अधिकार दिए गए हैं। जबलपुर में भी पेट्रोल पंप संचालक नई व्यवस्था के अनुरूप तैयारियां शुरू कर चुके हैं।

## पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित हो : संभागायुक्त

**जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान अंतर्गत विकास खंड/नगरीय निकाय स्तर पर आयोजित जनकल्याणकारी शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें। उक्त विशेष अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि पीपल, आम, बरगद, नीम आदि के वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दें तथा उनकी समुचित देखभाल भी की जाये। उन्हों ने कहा कि प्रत्येक विकास खंड/नगरीय निकाय मुख्यालयों पर 12 जून से 18 जून तक विशेष जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में अभियान के तहत आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी सहित राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं में पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए।

# महिला सम्मान पर कांग्रेस का दोहरा चरित्र, भाजपा ने उठाए सवाल

**जबलपुर।** राज्यसभा निर्वाचन में मध्यप्रदेश की तीनों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद कांग्रेस द्वारा सुश्री मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त होने को "नारी सम्मान" का मुद्दा बनाने के प्रयास पर भाजपा महिला मोर्चा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे ने कहा कि मामला किसी महिला के साथ अन्याय का नहीं, बल्कि नामांकन पत्र में महत्वपूर्ण तथ्य छिपाने का है। श्रीमती परांजपे ने आरोप लगाया कि तेलंगाना में कांग्रेस नेता कुंभम शिवकुमार रेड्डी पर महिला कार्यकर्ता द्वारा गंभीर आरोप लगाए गए थे, लेकिन मीनाक्षी नटराजन ने पीड़िता का पक्ष न सुनकर आरोपी का समर्थन किया। इस तथ्य का नामांकन पत्र में उल्लेख नहीं किया गया, जिसके कारण उनका नामांकन निरस्त किया गया।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगने पर नैतिकता और जवाबदेही के मानदंड बदल जाते हैं और संगठन महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेता। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस महिलाओं के सम्मान पर उपदेश देने से पहले अपने नेताओं और उनके व्यवहार का इतिहास देखें। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी कांग्रेस की याचिका को खारिज कर यह स्पष्ट किया कि भाजपा की आपत्ति न्यायसंगत और तथ्यों पर आधारित थी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी श्रीकांत साहू और महिला मोर्चा जबलपुर महानगर की अध्यक्ष आत्मिका सिंह उपस्थित थीं।




# बसपा ने बिरसा मुंडा की 126वीं शहादत पर श्रद्धांजलि दी, आदिवासी अधिकारों की सुरक्षा की मांग की

**जबलपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अमर शहीद बिरसा मुंडा के 126वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन अधारताल चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर किया। सभा में माल्यार्पण कर शहीद को याद किया गया और आदिवासी समाज के अधिकारों की सुरक्षा की मांग उठाई गई। सभा के मुख्य अतिथि शरण चौधरी (रीवा, सतना, जबलपुर संभाग) ने कहा कि आदिवासी समाज आज भी जल, जंगल और जमीन के अपने मूल अधिकारों से वंचित है।

वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण उनकी जमीन छीनी जा रही है और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने मण्डला, डिण्डोरी, सीधी, सिंगरौली, धार, झाबुआ और जबलपुर के बरगी, शहपुरा, चरगवां, कटंगी, पाटन, मझौली, सिहोरा, पनागर, कुंडम आदि क्षेत्रों में आदिवासी समाज पर हो रहे अन्याय का उदाहरण दिया। बसपा नेताओं ने आदिवासी समाज की विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में संविधान की 5वीं अनुसूची और पेसा एक्ट के तहत अधिकार दिलाने की, जुल्म और शोषण रोकने की, तथा जनगणना में आदिवासी समाज के लिए अलग कॉलम बनाने की मांग की गई। श्रद्धांजलि सभा में बसपा नेता बालकिशन चौधरी, जिलाध्यक्ष एडवोकेट लखन अहिरवार, राकेश चौधरी, दिनेश कुशवाहा, डॉ. सतपाल सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महंगाई राहत भुगतान की मांग को लेकर पेंशनर्स का जल सत्याग्रह आज



**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जबलपुर एवं विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के संयुक्त आह्वान पर आज 13 जून को माँ नर्मदा के उमाघाट में जल सत्याग्रह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल होंगे। आयोजकों का कहना है कि पिछले 26 वर्षों से लंबित महंगाई राहत भुगतान की मांग का समाधान नहीं हो पाया है। इसी के विरोध में प्रदेशभर के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के सदस्य एकजुट होकर जल सत्याग्रह कर रहे हैं। एच.पी. उरमलिया के नेतृत्व में प्रतिभागी माखनलाल चौक एवं ग्वारीघाट स्थित टोपी वाली बिल्डिंग से एकत्र होकर उमाघाट के लिए प्रस्थान करेंगे। शेषमणि पांडे, चमन लाल दोहर, मोहन अग्रवाल, आर.के. श्रीवास्तव और दिनेश चौधरी सहित संगठन के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### 60 हजार की अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत केण्ट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 16 बोतल एवं 203 पाव अंग्रेजी शराब जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 60 हजार रुपये बताई जा रही है। केण्ट थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चिकनी रोड स्थित बगीचा नंबर-57 में एक व्यक्ति खंडहरनुमा मकान में अवैध रूप से शराब का भंडारण कर बिक्री की तैयारी कर रहा है।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS SHRESTH KHARE I, HAVE CHANGED THE SPELLING OF MY FIRST NAME AND AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS SHRESHTH KHARE S/O RAJENDRA KHARE RESIDENT OF - 56, ASHOK VIHAR, RAMPUR, JABALPUR (M. P.) 482001.

**CHANGE OF NAME**

I, ANJU SINGH GAUR (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No JC-706345K Rank SUB Name MANOJ KUMAR SINGH presently, residing at VILL BANAMAI, PO - HEONRA, TEH- SAIFAI, DISTT- ETAWAH (UTTAR PRADESH)-206002 I, have changed of my name from ANJU SINGH GAUR (Name as per my Husband, Army service records) to ANJU KUMARI (name as per my AADHAR CARD NO. 8581 2545 9391) vide affidavit dated 12/06/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
CORRECT NAME - ANJU KUMARI
INCORRECT NAME - ANJU SINGH GAUR

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/72
दिनांक:- 12/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सुमन गोस्वामी पति श्री वीरेन्द्र गोस्वामी ने मकान नं. 1023/जीएफ-पी-1 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 500 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/71
दिनांक:- 12/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सुशीला मंगलानी पति श्री मोती लाल मंगलानी ने प्लाट नं. 459, 1139, 1139/1 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 600 व.फु. भूतल 525 व.फु. टीन शेड विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2026-27/एम/70
दिनांक:- 12/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमति सुशीला मंगलानी पति श्री मोती लाल मंगलानी (2) श्री सुशील मंगलानी पिता श्री खियल दास मंगलानी ने प्लाट नं. 459, 1139, 1139/1 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 2807.75 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर



छत्तीसगढ़ में अब तक केवल दूसरे राज्यों से शराब की तस्करी ही पुलिस और आबकारी विभाग के लिए सिरदर्द बनी हुई थी, लेकिन हालिया छापों ने एक बेहद डरावने सच से पर्दा उठाया है। तस्कर अब सिर्फ बॉर्डर पार से शराब नहीं ला रहे, बल्कि छत्तीसगढ़ के भीतर ही अवैध बाटलिंग यूनिट्स खोलकर सीधे लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। कबाड़ की बोतलें, स्प्रिट और चायपत्ती के पानी से तैयार होने वाला यह धीमा जहर अब सरकारी और गैर-सरकारी रास्तों से सीधे आम जनता तक पहुंच रहा है। इस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए पुलिस और आबकारी का अमला भले ही कार्रवाई कर रहा है, लेकिन पड़ोसी राज्यों में शराब सस्ती होने के कारण इस पर सफलता हासिल नहीं हो पा रही है।

# एमपी और महाराष्ट्र के शराब ठेकेदारों का छत्तीसगढ़ में आतंक

## तस्करी ही नहीं, अब अवैध बॉटलिंग यूनिट के जरिए लोगों की जान से खिलवाड़

●राजनांदगांव से सचिन अग्रहरि

छत्तीसगढ़ में सरकारी तौर पर शराब दुकानों का संचालन किए जाने के बाद से प्रदेश भर में अवैध शराब की तस्करी का गोरखधंधा इस कदर बढ़ गया है कि एमपी और महाराष्ट्र के शराब ठेकेदारो ने गांव गांव में न सिर्फ कोचियों का एक बड़ा नेटवर्क तैयार कर रखा है, बल्कि अब पुलिस और आबकारी की कार्रवाही से बचने के लिए बकायदा प्रदेश के कई इलाको में अवैध बॉटलिंग यूनिट का संचालन भी शुरू कर दिया गया है। पिछले एक साल में राजनांदगांव, खैरागढ़, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ जिलो में ऐसे बॉटलिंग यूनिट का पर्दाफाश भी हुआ है, जहां मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की शराब को टैंकर्स के जरिए यहां लाया जाता है और फिर उसमें केमिकल और पानी मिलाकर उसे छत्तीसगढ़ की बोतलों में भरकर कोचियों के साथ साथ सरकारी शराब दुकानों के जरिए बेचा जा रहा है। दिल्ली और नागपुर से होलोग्राम और ढक्कन की सप्लाई की जाती है और मिलावटी शराब की बोतलो में उसे चस्पा भी किया जा रहा है। जानकारों की मानें तो दोनों राज्यों के ठेकेदारों ने छत्तीसगढ़ के शराब प्रेमियों के साथ जान से खिलवाड़ करने की साजिश रची है। बहरहाल छत्तीसगढ़ में अवैध शराब का नेटवर्क कम होने की बजाए बढ़ता जा रहा है।



### कोचियों पर कार्रवाई, ठेकेदारों को छूट

मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में शराब दुकानों का संचालन ठेकेदारों के हाथों में है। बार्डर इलाके की दुकानों को ठेकेदार मनमाने दाम पर ले रहे है और वहीं से अवैध शराब को यहां भेजा जा रहा है। प्रदेश में अभी तक लोकल स्तर के कोचियों पर कार्रवाई की गई है, लेकिन आज पर्यन्त तक इस गिरोह में शामिल एमपी और महाराष्ट्र के किसी भी ठेकेदार पर शिकंजा नहीं कसा गया है। छापामार कार्रवाही के दौरान आरोपियों के बयान से भी यह पता चल जाता है कि आखिर बड़े पैमाने पर यह शराब पड़ोसी राज्यों की किस दुकान से आई है, तब भी पुलिस और आबकारी महकमा कार्रवाई नहीं कर पाया है।

### स्प्रिट और केमिकल का जानलेवा कॉकटेल

इन यूनिट्स में किसी मानक का पालन नहीं होता। अत्यधिक तीव्र स्प्रिट, खतरनाक रसायनों और अशुद्ध पानी को मिलाकर शराब की मात्रा बढ़ाई जाती है। केमिकल का थोड़ा भी असंतुलन इसे मिलावटी शराब में बदल देता है, जिससे आंखों की रोशनी जा सकती है या मौके पर ही मौत हो सकती है।



### चायपत्ती के पानी से रंगत का धोखा

रायगढ़ और खैरागढ़ में पकड़े गए मामलों में यह बात सामने आई कि आरोपी स्प्रिट के मिश्रण को ब्रांडेड व्हिस्की जैसा रंग देने के लिए चाय पत्ती को उबालकर उसका पानी मिलाते थे। जिसे लोग महंगी विदेशी शराब समझ कर पी रहे हैं, वह दरअसल केमिकल और उबली हुई चायपत्ती का जानलेवा मिश्रण है।

### करोड़ों रुपए की राजस्व चोरी

यह खेल सिर्फ सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का चूना नहीं लगा रहा, बल्कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और शहरी इलाकों में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट खड़ा कर रहा है। बिना किसी लैब टेस्टिंग के बनाई जा रही यह शराब सीधे लीवर, किडनी और नर्वस सिस्टम को डैमेज कर रही है। पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब पर शिकंजा कसे जाने के बाद दोनों राज्यों के शराब ठेकेदारों द्वारा शुरू किए गए अवैध बाटलिंग यूनिट के गोरखधंधे से शासन को राजस्व की क्षति भी पहुंच रही है। जानकारों का मानना है कि जब तक अन्य राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में शराब महंगी होने के कारण ही तस्करी का खेल ध्वस्त नहीं हो पा रहा है।

### धीमा जहर है केमिकल

अवैध बाटलिंग यूनिट्स में तैयार होने वाली शराब किसी भी सामान्य शराब से दस गुना ज्यादा खतरनाक है। चिकित्सा विशेषज्ञों के मुताबिक इस मिलावटी खेल में मानक पैमाने का कोई ध्यान नहीं रखा जाता। इस नकली शराब में औद्योगिक स्प्रिट मिथाइल अल्कोहलकी जरा सी भी मिलावट सीधे लीवर, किडनी और नर्वस सिस्टम को हमेशा के लिए डैमेज कर देती है। मिथाइल अल्कोहल शरीर में जाते ही फॉर्मिक एसिड में बदल जाता है, जो सीधे आंखों की नसों पर हमला करता है, जिससे इंसान हमेशा के लिए अंधा हो सकता है. बिना लैब टेस्टिंग के तैयार केमिकल का असंतुलन पेट में जाते ही शरीर के मुख्य अंगों को काम करने से रोक देता है, जिससे तड़प-तड़प कर मौत हो जाती है।

---

जिले का एक ऐसा अपराधी, जिसे अपराध करना विरासत यानि अपने मां-बाप से मिला। उसके अपराध की फेहरिस्त इतनी लंबी हो गई थी कि मजबूरन जिंदा न पकड़ पाने पर पुलिस को उसको गोली मारनी पड़ी। दो साल पहले दुर्ग जिले का यह काफी चर्चित एनकाउंटर था, जिसमें भले ही पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े हुए हों, लेकिन रातों रात दुर्ग की जनता के दिल में दुर्ग पुलिस हीरो बन गई थी।



● दुर्ग से डॉ. संदीप उपाध्याय

# मां-बाप से अपराध सीख बड़ा हुआ अमित जोश, पुलिस को करना पड़ा एनकाउंटर

अमित जोश भिलाई टाउनशिप एरिया में रहता था। उसने 14 साल की उम्र में पहली बार अपराध किया। इसके बाद 21 साल की उम्र में हत्या की वारदात को अंजाम दिया। देखते ही देखते उसके खिलाफ दुर्ग सहित कई जिलों में अपराध दर्ज हुए और वो पुलिस डायरी में हिस्ट्रीशीटर बन गया। अमित को बदमाशी और गुंडागर्दी विरासत में




मिली थी। दुर्ग पुलिस के मुताबिक उसके पिता आरजी बोल्ड मोरिस दुर्ग जिले लिस्टेड गुंडा बदमाश रहा। उसकी मां बिजी मॉरिस भी अपराधी है। उसके खिलाफ भी भिलाई नगर थाने में कई अपराध दर्ज हैं। अपने माता पिता को चोरी, लड़ाई झगड़ा करते देख अमित कम उम्र में ही अपराध जगत में प्रवेश कर गया। उसके मन में लोगों के बीच अपनी दहशत कायम करने का जुनून ऐसा सवार था कि वो कहीं भी किसी से भी झगड़ा करता और उसे चाकू मार देता या गोली चला देता था। इधर अमित की बहन भी गुंडा बनने के लिए लड़ाई झगड़े की दुनिया में उतरी और उसने भी बदमाश व गुंडा लकी जॉर्ज से शादी कर ली। पुलिस ने अमित की फरारी में जब लकी के घर में छापा मारा, तो उसके यहां से अमित की पिस्टल, कारतूस और कई घातक हथियार मिले थे।

**मा-बाप, बहन, बहनोई सभी अपराध की दुनिया में थे खुश, बीएसपी के 250 मकानों में कब्जा कर हर महीने वसूल रहे थे लाखों रुपए किराया, तमंचे की नोक पर करते थे गुंडागर्दी**



- अमित पर था 40 हजार का इनाम
- जोश ने तीन युवकों पर की थी फायरिंग
- आईजी और एसएसपी ने घोषित किया था इनाम

### इस तरह बढ़ता गया अपराध

2005 में 14 साल की उम्र में अमित जोश के खिलाफ भिलाई नगर थाने में पहला अपराध दर्ज हुआ। दूसरा अपराध 4 साल बाद वर्ष 2009 में दर्ज हुआ। 2013 में वह 21 साल का था, तब उसके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज हुआ। पिता गुंडा बदमाश तो बेटा उससे भी आगे निकलकर हिस्ट्रीशीटर बन गया। लोगों से गुंडा टैक्स और फिरौती वसूलना उसका मुख्य पेशा हो गया। अपराध जगत में खुद को बड़ा साबित करने के लिए अमित जोश ने मारपीट छोड़कर लोगों को जान से मारने की नीयत से हमला करना शुरू कर दिया। उसके खिलाफ धीरे धीरे 36 अपराध अलग अलग थाने में दर्ज हुए, जिसमें सबसे ज्यादा 26 अपराध भिलाई नगर थाने में दर्ज हुए। कई मामलों में अमित को सजा भी हुई, लेकिन उसकी वारदातों का सिलसिला नहीं रुका।

### बीएसपी के क्वार्टर को किराये पर देकर कमाता था लाखों रुपए

अमित जोश सेक्टर-6 स्थित बीएसपी के एक जर्जर क्वार्टर पर कब्जा करके रहता था। उसने उस मकान को अंदर के आलीशान बंगले का रूप दिया था। इसके साथ ही वहीं पर बीएसपी के लगभग 100 से अधिक जर्जर मकानों पर कब्जा कर उनका मेंटेनेंस किया और उन्हें किराये पर चढ़ा दिया। इस तरह वह गुंडागर्दी की आड़ में कई साल तक लाखों रुपए हर महीने किराये के रूप में लोगों से वसूलता था और बीएसपी के अधिकारी उसके इलाके में घुसने से डरते थे।

### दुर्ग जिले में अब तक हो चुके चार एनकाउंटर

दुर्ग जिले के इतिहास में अब तक चार बदमाश पुलिस एनकाउंटर में मारे जा चुके हैं। पहला एनकाउंटर 2001 में अंजोरा में कुख्यात बदमाश सुखविंदर सिंह का हुआ था। दूसरा 2005 में बहुचर्चित महादेव महार हत्याकांड के आरोपी गोविंद विश्वकर्मा को तालपुरी के पास मारा गया। इस हत्याकांड में जिले के गैंगेस्टर तपन सरकार का भी नाम है, फिलहाल वो जमानत पर है। तीसरे एनकाउंटर में 15 अक्टूबर 2010 को जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोगदा पुलिया के पास पुलिस ने नार्थ बस्तर माड़ ज्वाइंट डिविजनल कमेटी के सदस्य नागेश और उसकी पत्नी रावघाट एरिया कमेटी की सदस्य ताराबाई को मार गिराया। दोनों पति पत्नी दुर्ग में कारतूस खरीदने के लिए आए थे। चौथा एनकाउंटर टाउनशिप में हिस्ट्रीशीटर अमित जोश का हुआ। वो पुलिस की गिरफ्त से भागकर पुलिस पर गोली चलाने लगा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसे कई गोलियां लगी और वो वहीं ढेर हो गया।

---

चित्रोत्पला गंगा महानदी के तट पर बसे करही गांव की कछारी उपजाऊ भूमि में पहले जहां सब्जी, भाजी और खीरा-तरबुज-खरबुज की खेती होती थी, वहीं रेत के कारोबार ने इस हरी-भरी धरती को खून से लाल कर दिया है। पिछले कुछ सालों से चल रहे रेत उत्खनन व परिवहन के कारोबार में बढ़ते व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा व जलन के भाव से छिटपुट लड़ाई झगड़ों के बाद अब हत्या जैसे जघन्य अपराध होने लगे है। इस गांव में पहले उपसरपंच की हत्या हुई तो इसके बाद रेत कारोबारी युवक को घर घुसकर गोली मार दी गई। हालांकि दोनों ही वारदातों में आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया, लेकिन घटना का मूल कारण रेत के अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।



●जांजगीर-चांपा से अभिषेक शुक्ला

# महानदी के तटवर्ती गांव में रेत का खूनी खेल

जिले के बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करही में आयुष कश्यप पिता सम्मेलाल कश्यप छड़, सीमेंट के अलावा रेत सप्लाई का काम करता था। उसने हाईवा और जेसीबी भी खरीदी थी। इस दौरान रेत के कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के साथ उसकी दुश्मनी भी



बढ़ने लगी। परिजन के मुताबिक कुछ लोगों ने घर पहुंचकर धमकी भी दी थी। इसके बाद 23 अप्रैल को आयुष जब्त हुए अपने हाईवा को छुड़ाने के लिए जांजगीर पहुंचा। यहां से चलान पटाकर गाड़ी छुड़वाने के बाद वह अपनी कार से घर लौट रहा था। रात करीब 12 बजे वह जैसे ही घर पहुंचा। उसका पीछा करते तीन नकाबपोश घर तक जा पहुंचे। आरोपियों ने आयुष की गोली मारकर हत्या कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे उसके छोटे भाई आशुतोष को भी गोली मारकर घायल कर दिया। पूरी घटना बहन प्रेरणा के सामने हुई। जाते वक्त उन्होंने घर वालों को धमकाया भी, काफी दिन बाद इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने गांव के ही हेमंत कुमार बघेल (23), भूषण बघेल (23) एवं अमित टंडन (28) को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल, मैगजीन, अतिरिक्त खाली मैगजीन तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई।

### उपसरपंच की हत्या कर नदी में फेंकी लाश

करही पंचायत में उपसरपंच की सुनियोजित तरीके से हत्या कर दी गई। उसे प्लानिंग के तहत बुलाया गया। छंककर शराब पिलाई, फिर गमछे से गला दबाकर उसे सदैव के लिए मौत की नींद सुला दी गई। हत्या के बाद शव को उफनती महानदी में बहा दी गई । 6 सितंबर 2025 की रात्रि में करही पंचायत का उपसरपंच महेन्द्र बघेल घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने 7 सितंबर को थाने में सूचना दी। मामले में परिस्थिति संदिग्ध परिलक्षित होने पर एसपी विजय पांडेय के दिशा निर्देशन में गुम इंसान की पतासाजी शुरू की गई। विवेचना के दौरान पता चला कि उप सरपंच के भाई जितेन्द्र बघेल के द्वारा सरपंच पति राजकुमार साहू द्वारा अनहोनी करने का परिजन ने अंदेशा जताया था। इसी आधार पर पुलिस ने तफ्तीश शुरू की और संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो ग्राम करही सरपंच पति राजकुमार साहू व उसके अन्य साथियों के द्वारा हत्या कर शव को बरेकेल पुल से महानदी में फेकने की जानकारी सामने आई। इस तरह पुलिस ने डीडीआरएफ टीम की मदद से महानदी में उपसरपंच महेन्द्र बघेल के शव कि तालाश शुरू की, लेकिन काफी मशक्कत के बाद कुछ पता नहीं चला था। जिसके वाद ड्रोन कि मदद ली गयी और दूर तक शव कि तालाश कि गयी। इधर पुलिस ने आरोपी सरपंच पति राजकुमार साहू, राजू उर्फ शैलेष कश्यप, राजेन्द्र कुमार साहू, दुर्गेश आदित्य, जितेन्द्र कश्यप, कान्हा यादव, भास्कर मांझी सभी निवासी करही एवं दो विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक को पतासाजी कर ग्राम करही व अन्य क्षेत्र के अलग-अलग ठिकानों से उठाया। उक्त आरोपियों को धारा 103(2),61(2)क बीएनएस एवं 3(2)(व्ही) एसटीएससी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। मामले के मुख्य साजिशकर्ता गणपत बघेल को भी सप्ताहभर बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### विश्व बैंक का अनुमान भारत की जीडीपी 6.6 फीसदी रहेगी




**वाशिंगटन।** भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2026-27 में कम होकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। पिछले साल यह 7.7 प्रतिशत थी। हालांकि, इसके बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक ने बृहस्पतिवार को यह अनुमान लगाया।

### रुपया 77 पैसे की बढ़त के साथ 95.08 प्रति डॉलर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 77 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.08 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ जल्द समझौते के संकेत दिए जाने के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला है। अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख ने भी रुपये को समर्थन दिया।

### मई में बैंकों की ऋण वृद्धि 17.44 प्रतिशत रही




**मुंबई।** खुदरा और कॉरपोरेट दोनों तरह के ऋण की लगातार बनी मांग के कारण मई में बैंक ऋण में सालाना आधार पर 17.44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। यह लगातार नौवां महीना है जब ऋण की वृद्धि दहाई अंक में रही है।

### एनएलसी इंडिया ने तेलंगाना में हासिल किया खनिज ब्लॉक



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने तेलंगाना में एक महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक हासिल किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, खान मंत्रालय की ओर से एनएलसी इंडिया को महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉक की नीलामी के लिए तरजीही बोलीदाता कंपनी घोषित किया गया है।

### हेक्सागन का शेयर सात फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** हेक्सागन न्यूट्रिशन लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 45 रुपये के मुकाबले सात प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 48 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 6.66 प्रतिशत अधिक है। इसके बाद यह 11.97 प्रतिशत चढ़कर 50.39 रुपये तक पहुंच गया।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 71.1 करोड़ डॉलर घटा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जून को समाप्त सप्ताह में 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 93.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 682.32 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, पांच जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 270.4 करोड़ डॉलर घटकर 543.44 अरब डॉलर रह गईं।

# स्पेसएक्स के आईपीओ से मस्क की संपत्ति 970 अरब डॉलर के पार पहुंची

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- आईपीओ से कंपनी ने 75 अरब डॉलर की राशि जुटाई

एलन मस्क की अंतरिक्ष और सैटेलाइट कंपनी स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कॉर्प (स्पेसएक्स) ने अपने अब तक के सबसे बड़े आईपीओ के साथ इतिहास रच दिया है, जिससे यह सबसे बड़ी सार्वजनिक कंपनियों के टॉप लिस्ट में पहुंच गई है। इसी के साथ कई रिपोर्टों के अनुसार, इसके संस्थापक एलन मस्क की कुल संपत्ति बढ़कर 970 अरब डॉलर से ज्यादा हो गई है, जिससे वह दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर (1 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति वाले व्यक्ति) बनने के और करीब आ गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्पेस एक्स ने अपने शेयरों की कीमत 135 डॉलर प्रति शेयर तय की है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी ने लगभग 75 अरब डॉलर जुटाए हैं, जिसे इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ बताया जा रहा है, जिसके बाद कंपनी का कुल मूल्यांकन करीब 1.77 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। स्पेसएक्स के शेयर 12 जून को नैस्डैक स्टॉक एक्सचेंज पर 'एसपीसीएक्स' टिकर नाम से लिस्ट होकर कारोबार शुरू करेंगे।

## दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बनने के करीब पहुंचे एलन

### मस्क की कुल संपत्ति 971 अरब डॉलर पहुंच गई

आईपीओ की कीमत तय होने के बाद एलन मस्क की संपत्ति में लगभग 275 अरब डॉलर की बढ़ोतरी होने का अनुमान है, जिससे उनकी कुल संपत्ति 971 अरब डॉलर तक पहुंच गई है (ब्लूमबर्ग बिलियनर्स इंडेक्स के अनुसार)। आईपीओ मूल्यांकन के आधार पर स्पेस एक्स में एलन मस्क की हिस्सेदारी और शेयर विकल्पों का मूल्य लगभग 688 अरब डॉलर आंका गया है। नियामकीय दस्तावेजों के अनुसार, 1 मई तक मस्क के पास 84.94 करोड़ क्लास-ए शेयर और 557 करोड़ क्लास-बी शेयर थे। दोनों श्रेणियों को मिलाकर उनके पास कुल लगभग 642 करोड़ शेयर हैं।



### मस्क 85 प्रतिशत वोटिंग पावर को नियंत्रित करते हैं

आईपीओ पूरा होने से पहले स्पेसएक्स की दोहरी शेयर संरचना के कारण एलन मस्क कंपनी की लगभग 85 प्रतिशत वोटिंग पावर को नियंत्रित करते हैं। कंपनी की शेयर संरचना के तहत क्लास-बी शेयर को 10 वोट का अधिकार मिलता है, जबकि क्लास-ए शेयर के पास केवल एक वोट का अधिकार होता है। नियामकीय दस्तावेजों में कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और बोर्ड सदस्यों की हिस्सेदारी की जानकारी भी दी गई है।

### स्टारशिप कार्यक्रम लांच किया

एलन मस्क ने वर्ष 2002 में स्पेसएक्स की स्थापना की थी, और आज यह दुनिया की सबसे प्रमुख अंतरिक्ष कंपनियों में शामिल है। कंपनी ने अपने पुनः उपयोग किए जा सकने वाले फाल्कन-9 और फाल्कन हेवी रॉकेट, ड्रैगन अंतरिक्ष यान और स्टारशिप लांच कार्यक्रम के जरिए वैश्विक पहचान बनाई है।

## निवेशकों की संपत्ति 9.66 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

# खाड़ी में शांति के संकेतों से भारतीय शेयर बाजार उछला, सेंसेक्स 1,695 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अमेरिका एवं ईरान में शांति कायम होने के संकेतों से वैश्विक बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतें गिरने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में जोरदार उछाल आया। सेंसेक्स 1,695 अंक से अधिक चढ़ गया जबकि निफ्टी में करीब 461 अंक की तेजी दर्ज की गई। इस तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.66 लाख करोड़ रुपए बढ़ गयी बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,695.40 अंक उछलकर 75,527.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,775.47 अंक चढ़कर 75,608.02 अंक तक पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 461.30 अंक बढ़कर 23,622.90 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 483.75 अंक प्रतिशत चढ़कर 23,645.35 तक पहुंच गया था।

### ट्रंप की घोषणा से निवेशकों की धारणा हुई मजबूत

विश्लेषकों के मुताबिक, ईरान युद्ध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सकारात्मक बयान से शेयर बाजार में तेजी आई। ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध खत्म होने और दोनों देशों के बीच समझौते को लेकर सहमति बनने की बात कही है। इससे वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने की उम्मीद बढ़ी और निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।

### इन शेयरों में रही तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), टाइटन, इटर्नल और एचडीएफसी बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, सेंसेक्स में शामिल टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड ही नुकसान में रहने वाली कंपनियों में शामिल रहीं।

### कच्चा तेल 88 डॉलर के नीचे पहुंचा

बजाज ब्रोकिंग रिसर्च ने अपनी टिप्पणी में कहा, 'वैश्विक धारणा में सुधार और आक्रामक लिवाली से भारतीय बाजारों में तगड़ा उछाल देखा गया। अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता होने की उम्मीद पैदा होने और कच्चा तेल 88 डॉलर के नीचे आ जाने के साथ रुपये में मजबूती से भी निवेशक धारणा को बल मिला।'

**खास बातें**

- कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आनी शुरू
- निफ्टी में करीब 461 अंक की तेजी दर्ज
- वैश्विकधारणा में सुधार से आक्रामक खरीदारी देखी गई




### निवेशकों की झोली में आए 9.66 लाख करोड़ रुपए

*शेयर बाजार में शुक्रवार को जोरदार तेजी रहने से निवेशकों की संपत्ति 9.66 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। सकारात्मक वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू शेयर बाजार में तेजी आई। इस तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 9,66,538.35 करोड़ रुपये बढ़कर 4,62,00,318.80 करोड़ रुपए (4.84 लाख करोड़ डॉलर) पर पहुंच गया।*

### साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1.73 प्रतिशत की तेजी

सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर आए इस उछाल से बीएसई सेंसेक्स में साप्ताहिक आधार पर 1,284.61 अंक यानी 1.73 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 256.2 अंक यानी एक प्रतिशत की बढ़त में रहा।

### एशियाई और अमेरिकी बाजार में रही मजबूती

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 4.63 प्रतिशत और जापान का निक्की सूचकांक 2.81 प्रतिशत चढ़ा। चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक भी बढ़त में रहे। यूरोपीय बाजार भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को मजबूती के साथ बंद हुए थे।

# देश का खाद्य तेल आयात मई में 6.7 प्रतिशत बढ़ा



- खाद्य तेल का मई में आयात 13.39 लाख टन रहा
- बाजार में कच्चे सोयाबीन तेल की अधिक मांग रही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश का खाद्य तेल आयात मई में 6.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 13.39 लाख टन रहा। कच्चे सोयाबीन तेल की अधिक मांग इसकी मुख्य वजह रही। उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, वनस्पति तेल का आयात मई में बढ़कर 13,38,936 टन हो गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 12,54,883 टन था। वनस्पति तेल में खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों तेल शामिल हैं। यह वृद्धि मुख्य रूप से कच्चे सोयाबीन तेल के आयात में बढ़ोतरी के कारण हुई, जो इस अवधि में 3,98,585 टन से बढ़कर 4,93,854 टन हो गया। गैर-खाद्य तेलों का आयात भी दोगुने से अधिक होकर पिछले महीने 26,202 टन हो गया, जो मई 2025 में 12,040 टन था। इससे मई 2026 में भारत का कुल वनस्पति तेल आयात (खाद्य और गैर-खाद्य) 8 प्रतिशत बढ़कर 13.65 लाख टन हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 12.67 लाख टन था। तेल वर्ष 2025-26 के पहले सात महीनों में कुल वनस्पति तेल आयात 12 प्रतिशत बढ़कर 93.65 लाख टन हो गया, जो 2024-25 की इसी अवधि में 83.39 लाख टन था।

### नेपाल से रिफाइंड तेल का आयात जारी

संस्था ने कहा कि सरकार की नीति ने कच्चे और रिफाइंड तेल के बीच शुल्क अंतर बनाए रखा है। इससे घरेलू रिफाइनिंग को बढ़ावा मिला है और रोजगार सृजन में मदद मिली है। एसईए ने बताया कि इस अवधि में रिफाइंड तेल का हिस्सा घटकर तीन प्रतिशत रह गया, जबकि कच्चे तेल का हिस्सा बढ़कर 97 प्रतिशत हो गया। साथ ही नेपाल से रिफाइंड तेल का आयात भी जारी है।

# खाने का सामान महंगा होने से खुदरा महंगाई 4% बढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 3.93 प्रतिशत हो गई
- वैश्विक ऊर्जा में तेजी के कारण महंगाई बढ़ी

खुदरा मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 3.93 प्रतिशत हो गयी। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि और वैश्विक ऊर्जा कीमतों में तेजी के कारण पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पिछले महीने अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 3.48 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 4.78 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 4.20 प्रतिशत थी। पिछले महीने जिन वस्तुओं की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई उनमें कीमती धातुओं से बने आभूषण, टमाटर, अदरक, किशमिश और मुनक्का शामिल हैं। वहीं, आलू, मटर, मोटर कार एवं जीप, जीरा तथा मोटरसाइकिल एवं स्कूटर समेत अन्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति सबसे कम रही। मौद्रिक नीति तय करते समय भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुख्य रूप से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। सरकार ने आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनाये रखने की जिम्मेदारी दी है।

### राज्यों में सबसे अधिक महंगाई तेलंगाना में

एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, मई में शहरी क्षेत्रों की मुद्रास्फीति राष्ट्रीय औसत 3.93 प्रतिशत से कम रही, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 4.25 प्रतिशत दर्ज की गई। राज्यों में सबसे अधिक मुद्रास्फीति तेलंगाना में 6.15 प्रतिशत और सबसे कम मिजोरम में 1.03 प्रतिशत रही।

# टाटा मोटर्स जुलाई से डेढ़ फीसदी बढ़ाएगी यात्री वाहनों की कीमत

- आईसीई और ईवी सहित यात्री वाहनों की कीमतों में वृद्धि का फैसला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सहित अपने यात्री वाहनों की कीमतों में एक जुलाई से 1.5 प्रतिशत तक की वृद्धि करने का फैसला किया है। यह पिछले तीन महीने में दूसरी बढ़ोतरी है। कंपनी ने पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न लागत दबावों के बीच एक अप्रैल से अपने आईसीई वाहनों की कीमतें बढ़ाई थीं। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, '' यह मूल्य संशोधन कच्चे माल की बढ़ती लागत और मुद्रास्फीति के निरंतर दबाव के प्रभावों को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए किया जा रहा है। इसमें कहा गया कि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स इन लागत वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा स्वयं वहन कर रही है, लेकिन इसका कुछ प्रभाव इस मूल्य समायोजन के जरिये ग्राहकों पर डाला जा रहा है।




*मारुति, हुंडई पहले की बढ़ा चुकी कीमत : इससे पहले, कार बाजार की अग्रणी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने मुद्रास्फीति दबाव और प्रतिकूल लागत का हवाला देते हुए एक जून से अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में 30,000 रुपये तक की बढ़ोतरी की थी। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने भी एक जून से अपने वाहनों की कीमतों में मॉडल और संस्करणों के अनुसार 12,800 रुपये तक की वृद्धि की थी।*

## तीन कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशन्स, बॉम्बे कोटेड एंड स्पेशल स्टील्स लिमिटेड और स्वराज ग्रीन पावर एंड फ्यूल लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये पूंजी जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है।

सेबी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बॉम्बे कोटेड एंड स्पेशल स्टील्स ने जनवरी 2026 में, बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशन्स ने फरवरी में और स्वराज ग्रीन पावर एंड फ्यूल लिमिटेड ने मार्च में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। इन तीनों कंपनियों को 11–12 जून 2026 के दौरान सेबी से आईपीओ लाने की मंजूरी मिली।

# सोना 3,000 रुपए मजबूत और चांदी में 10,000 रुपए की तेजी

- सोना बढ़कर 1.56 लाख रुपए प्रति दस ग्राम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 3,000 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं चांदी 10,000 रुपये बढ़कर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

अमेरिका-ईरान तनाव में कूटनीतिक समाधान के संकेतों से इन कीमती धातुओं में दिलचस्पी फिर से बढ़ गई है। स्थानीय बाजार के जानकारों के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के 1,53,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 3,000 रुपये बढ़कर 1,56,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। चांदी की कीमत में भी जोरदार उछाल आया और यह 10,000 रुपये बढ़कर 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी 2,45,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी।

## ईएसएएफ बैंक का कारोबार 50,000 करोड़ रुपए के पार




**नई दिल्ली।** ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक का कुल कारोबार 50,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बैंक ने बताया कि 11 जून को उसकी कुल जमा राशि 26,197 करोड़ रुपये और कुल कर्ज 23,832 करोड़ रुपये थी। बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा, '' ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड का कुल कारोबार (जमा और कर्ज का कुल योग)11 जून, 2026 तक 50,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।'' बैंक के अनुसार, 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए उसने 24 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि पिछले साल समान अवधि में उसे 183 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

## रिटर्न पहले भरने से भविष्य के आर्थिक लेन-लेन को बेहतर बना सकते हैं

# 31 जुलाई का न करें इंतजार, समय से पहले आयकर रिटर्न भरने के फायदे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- आर्थिक जीवन के सबसे जरूरी इस्तेमाल होने वाले दस्तावेजों में से एक हो सकता है

कई करदाता आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने को महज एक वार्षिक कार्य मानते हैं। समय से आईटीआर फाइल करना यह भी बड़ी जिम्मेदारी होती है। लेकिन समय पर रिटर्न दाखिल करने से आपको कर से जुड़ी औपचारिकता पूरी करने के अलावा और भी कई फायदा मिल सकते हैं। रिफंड जल्दी हासिल करने से लेकर भविष्य के आर्थिक लेन-देन को बेहतर बनाने तक, आईटीआर आपके आर्थिक जीवन के सबसे जरूरी इस्तेमाल होने वाले दस्तावेजों में से एक हो सकता है। बहरहाल 31 जुलाई की समय सीमा नजदीक आ रही है।

### नुकसान और भविष्य की समस्याओं से बचाता है

*शेयर बाजार में निवेश या व्यावसायिक गतिविधियों से नुकसान उठाने वाले करदाता उस नुकसान को आगे ले जा सकते हैं और भविष्य की आय के मुकाबले संतुलित कर सकते हैं। हालांकि, यह फायदा आमतौर पर तभी मिलता है जब आयकर रिटर्न तय समय सीमा के भीतर दाखिल किया जाता है। इसी को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर और सही आयकर रिटर्न दाखिल करने से कर अधिकारियों से नोटिस या जांच की संभावना भी कम हो जाती है। समय सीमा से पहले रिटर्न दाखिल करने से न केवल अंतिम समय के तनाव से बचा जा सकता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित होता है कि आप खास तौर पर आर्थिक फायदा बिना किसी देरी के प्राप्त कर सकें।*

### रिफंड का दावा और वित्तीय रिकॉर्ड बना रहता है

अगर वेतन, फिक्सड डिपोजिट, किराया या पेशेवर कमाई के आधार पर कर कटौती (टीडीएस) के जरिए से ज्यादा कर काटा गया है, तो वापसी का दावा करने के लिए आयकर विवरण (आईटीआर) दाखिल करना जरूरी है। करदाताओं को उनकी राशि वापस दिलाने में मदद करने के अलावा, आईटीआर एक आधिकारिक आय और पते के प्रमाण के रूप में भी काम करता है। यह अलग-अलग आर्थिक और कानूनी प्रक्रियाओं में मदद करता है और वर्षों के दौरान आय और टैक्स का बेहतर रिकॉर्ड बनाए रखने में मदद करता है।




### लोन, बीमा और अन्य आर्थिक आवश्यकताओं में मदद

सबसे पहले और जरूरी यह कि आयकर विवरण (आईटीआर) आय और आर्थिक स्थिरता के सबूत के रूप में काम करता है। बैंक और आर्थिक संस्थान अक्सर होम लोन, पर्सनल लोन या वाहन लोन के लिए आवेदन प्रक्रिया करते समय आईटीआर दस्तावेज मांगते हैं। महंगी फिक्सड डिपोजिट बीमा योजनाओं के लिए आवेदन करते समय भी इस दस्तावेज की जरूरत हो सकती है, क्योंकि बीमा कंपनी इसका इस्तेमाल आवेदक की आय और पात्रता का आकलन करने के लिए करते हैं।

**मध्यप्रदेश राज्य सहकारी आवास संघ मर्यादित**

कार्यालय : तृतीय तल, सहकार भवन, नार्थ टी.टी. नगर, भोपाल

दूरभाष : 0755-4200675, ई-मेल : awassangh@gmail.com, वेबसाइट : https: mpawassangh.com

क्रमांक/आसंघ/तक./2026/234 भोपाल, दिनांक :12.06.2026

**ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था उमरिया, जिला उमरिया में साइट डवलपमेंट कार्य एवं आयुष क्लीनिक निर्माण कार्य की ई-निविदा दिनांक 29.06.2026 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, उपरोक्त दर्शित कार्यों के लिये निविदा फार्म क्रय करने एवं उससे संबंधित जानकारी वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in तथा आवास संघ की वेबसाइट http://www.mpawassangh.com पर देखी जा सकती है। यदि किसी भी प्रकार का संशोधन होता है तो वह उक्त वेबसाइट्स पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

| क्र. | ई-निविदा क्र. | स्थल |
|---|---|---|
| 01. | 2026_MSCHF_515469_1 | Site Development Work at 06 Trade Iti Umaria District, Umaria (M.P.) (On Mppwd SOR 01.08.2014) |
| 02. | 2026_MSCHF_496913_2 | Construction of Govt. Ayush Clinic at Village Agariya, Distt. Jabalpur (M.P.) (On MPPWD SOR 15.09.2022) |

नोट : आई.टी.आई. उमरिया कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति MPPWD SOR 01.08.2014 के आधार पर निविदा प्रसारित की जा रही है। अत: निविदाकार कार्य हेतु प्रभावशील एस.ओ.आर. का ध्यान रखकर ही दरें प्रस्तुत करें।

म.प्र. माध्यम/126364/2026 प्रबंध संचालक

चिंतन

# गरीब की थाली तक खाड़ी युद्ध का दबाव

अमेरिका-ईरान के बीच जारी जंग का असर अब गरीब की थाली पर भी दिखने लगा है। हाल के महीनों में खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों ने गरीब और मध्यम वर्ग की चिंता को और बढ़ा दिया है। मई में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 प्रतिशत और खाद्य महंगाई 4.78 प्रतिशत तक पहुंच जाना इस बात का संकेत है कि रसोई का बजट लगातार दबाव में है। टमाटर, अदरक और अन्य आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज उछाल ने परिवारों की मासिक योजनाओं को प्रभावित किया है। वहीं, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और खाड़ी क्षेत्र में युद्ध जैसी स्थिति इस समस्या को लगातार गंभीर बनाती जा रही है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर खाड़ी देशों से आयातित कच्चे तेल पर निर्भर है। जब भी इस क्षेत्र में युद्ध या राजनीतिक तनाव बढ़ता है, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें अस्थिर हो जाती हैं। तेल महंगा होने का असर केवल पेट्रोल और डीजल तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, भंडारण और उत्पादन लागत बढ़ने के कारण इसका प्रभाव खाद्य पदार्थों की कीमतों पर भी पड़ता है। यही कारण है कि खाड़ी क्षेत्र में चल रहे संघर्ष का दबाव अंततः गरीब की थाली तक पहुंच रहा है। महंगाई का सबसे अधिक असर उन परिवारों पर पड़ता है, जिनकी आय सीमित है। गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के लिए भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों के बीच संतुलन बनाना कठिन हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई दर शहरी क्षेत्रों से अधिक होना इस बात का प्रमाण है कि किसान और ग्रामीण परिवार भी इस संकट से अछूते नहीं हैं। खाद्य महंगाई के पीछे केवल अंतरराष्ट्रीय कारण ही नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक गर्मी, बेमौसम बारिश और आपूर्ति शृंखला में आने वाली बाधाएं भी कीमतों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कई फसलों के उत्पादन में कमी और समय पर बाजार तक आपूर्ति न हो पाने से मांग और उपलब्धता के बीच अंतर बढ़ रहा है। इसका सीधा परिणाम उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकाने के रूप में भुगतना पड़ रहा है। रोजमर्रा की जरूरत वाली सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों की महंगाई आम उपभोक्ता के लिए बड़ी चिंता बनी हुई है। यही वजह है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने भी आगामी वित्त वर्ष के लिए महंगाई के अनुमान को बढ़ाया है। यह संकेत है कि आने वाले समय में कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। दूसरी ओर, रिजर्व बैंक को भी महंगाई नियंत्रण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। केवल ब्याज दरों में बदलाव से खाद्य महंगाई पर पूरी तरह नियंत्रण संभव नहीं है, क्योंकि इसके पीछे आपूर्ति संबंधी कारण अधिक प्रभावी हैं। इसलिए केंद्र और राज्यों को मिलकर कृषि, भंडारण और वितरण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। कुल मिलाकर यह समझना होगा कि महंगाई केवल आर्थिक आंकड़ों का विषय नहीं है, बल्कि यह करोड़ों परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा सवाल है। खाड़ी क्षेत्र का युद्ध, वैश्विक तनाव, जलवायु परिवर्तन और घरेलू आपूर्ति संबंधी चुनौतियां मिलकर आम आदमी की थाली को प्रभावित कर रही हैं। यदि समय रहते प्रभावी नीतिगत कदम नहीं उठाए गए, तो इसका सबसे बड़ा बोझ उन लोगों पर पड़ेगा, जो पहले से ही सीमित संसाधनों के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं। इसलिए सरकार, रिजर्व बैंक और समाज के सभी हितधारकों को मिलकर ऐसा समाधान तलाशना होगा, जो आर्थिक स्थिरता के साथ-साथ गरीब की थाली की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सके।

# कांग्रेस-तृणमूल में अस्तित्व की लड़ाई



सियासत
कांतिलाल मांडोत

दिल्ली में राहुल गांधी और अभिषेक बनर्जी की मुलाकात तथा उससे पहले सोनिया गांधी और ममता बनर्जी के बीच हुई बातचीत ने राष्ट्रीय राजनीति में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। इन बैठकों को लेकर भले ही किसी भी पक्ष ने औपचारिक रूप से किसी गठबंधन या विलय की संभावना की पुष्टि नहीं की हो, लेकिन राजनीति में संकेतों का महत्व हमेशा शब्दों से अधिक माना जाता है। विशेष रूप से तब, जब दोनों दल अपने-अपने राजनीतिक जीवन के कठिन दौर से गुजर रहे हों। ऐसे समय में लगातार हो रही मुलाकातें केवल शिष्टाचार तक सीमित नहीं मानी जा सकतीं। इनके पीछे बदलते राजनीतिक समीकरणों और भविष्य की रणनीतियों की झलक भी दिखाई देती है।

दिल्ली में राहुल गांधी और अभिषेक बनर्जी की मुलाकात तथा उससे पहले सोनिया गांधी और ममता बनर्जी के बीच हुई बातचीत ने राष्ट्रीय राजनीति में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। इन बैठकों को लेकर भले ही किसी भी पक्ष ने औपचारिक रूप से किसी गठबंधन या विलय की संभावना की पुष्टि नहीं की हो, लेकिन राजनीति में संकेतों का महत्व हमेशा शब्दों से अधिक माना जाता है। विशेष रूप से तब, जब दोनों दल अपने-अपने राजनीतिक जीवन के कठिन दौर से गुजर रहे हों।

ऐसे समय में लगातार हो रही मुलाकातें केवल शिष्टाचार तक सीमित नहीं मानी जा सकतीं। इनके पीछे बदलते राजनीतिक समीकरणों और भविष्य की रणनीतियों की झलक भी दिखाई देती है। भारतीय राजनीति में कांग्रेस कभी देश की सबसे शक्तिशाली राजनीतिक पार्टी रही है। स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत और लंबे समय तक केंद्र तथा राज्यों में सत्ता के कारण कांग्रेस का प्रभाव लगभग पूरे देश में फैला हुआ था। लेकिन पिछले एक दशक में पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर हुआ है। कई राज्यों में उसका संगठन लगभग निष्क्रिय हो चुका है। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में कांग्रेस अब मुख्य राजनीतिक शक्ति नहीं रह गई है। राष्ट्रीय स्तर पर भी उसका वोट प्रतिशत और सीटों की संख्या पहले की तुलना में काफी घट चुकी है। कांग्रेस की सबसे बड़ी चुनौती यह रही है कि वह भाजपा के उभार के सामने एक प्रभावी वैकल्पिक राजनीतिक कथा प्रस्तुत नहीं कर सकी। कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगाई। कहीं जातीय राजनीति ने जगह बनाई तो कहीं क्षेत्रीय अस्मिता का मुद्दा कांग्रेस पर भारी पड़ा। परिणाम यह हुआ कि राष्ट्रीय पार्टी होने के बावजूद कांग्रेस का प्रभाव सीमित क्षेत्रों तक सिमटता गया। हालांकि राहुल गांधी की यात्राओं और विपक्षी एकता के प्रयासों ने पार्टी को कुछ हद तक राजनीतिक चर्चा के केंद्र में बनाए रखा, लेकिन यह भी सच है कि कांग्रेस अभी तक अपनी पुरानी ताकत हासिल नहीं कर सकी है। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस की कहानी भी कम दिलचस्प नहीं है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में तीन दशक से अधिक समय तक सत्ता में रही वामपंथी सरकार को हटाकर एक नई राजनीतिक शक्ति खड़ी की थी। बाद में उन्होंने भाजपा की चुनौती का भी सफलतापूर्वक मुकाबला किया। एक समय ऐसा लगा कि तृणमूल कांग्रेस केवल बंगाल तक सीमित पार्टी नहीं रहेगी, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यदि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को अपेक्षित समर्थन नहीं मिलता और पार्टी के भीतर असंतोष बढ़ता है, तो यह उसके लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। किसी भी क्षेत्रीय दल की ताकत उसके मजबूत संगठन और निर्विवाद नेतृत्व पर आधारित होती है। जब संगठन में टूट-फूट शुरू होती है और नेताओं का विश्वास डगमगाने लगता है, तब राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंताएं स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती हैं। ऐसे माहौल में राष्ट्रीय स्तर पर सहयोगी तलाशना एक व्यावहारिक राजनीतिक विकल्प बन जाता है। यही कारण है कि राहुल गांधी और अभिषेक बनर्जी की मुलाकात को केवल एक सामान्य राजनीतिक बैठक के रूप में नहीं देखा जा रहा। यह



मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब कांग्रेस अपने खोए हुए जनाधार को वापस पाने की कोशिश कर रही है और तृणमूल कांग्रेस अपने राजनीतिक प्रभाव को बनाए रखने की चुनौती से जूझ रही है। दोनों दलों की परिस्थितियां अलग-अलग हैं, लेकिन उनकी चिंता एक जैसी है- राजनीतिक प्रासंगिकता को बनाए रखना। दोनों दलों के संबंधों का इतिहास भी उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। ममता बनर्जी स्वयं कांग्रेस की ही उपज हैं। उन्होंने कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस बनाई थी और बाद में बंगाल की राजनीति में कांग्रेस को काफी पीछे छोड़ दिया। लंबे समय तक दोनों दलों के बीच प्रतिस्पर्धा और अविश्वास का माहौल रहा। कई चुनावों में दोनों एक-दूसरे के खिलाफ लड़े। इसलिए आज यदि दोनों दलों के बीच संवाद बढ़ रहा है तो यह केवल वैचारिक निकटता का परिणाम नहीं, बल्कि राजनीतिक आवश्यकता का संकेत भी माना जा सकता है। राजनीति में स्थायी मित्र और स्थायी शत्रु नहीं होते। परिस्थितियां बदलती हैं तो रणनीतियां भी बदलती हैं। यदि कांग्रेस को लगता है कि क्षेत्रीय दलों के साथ बेहतर तालमेल के बिना भाजपा का मुकाबला कठिन है, तो वह पुराने मतभेदों को पीछे छोड़ सकती है। इसी प्रकार यदि तृणमूल कांग्रेस को लगता है कि राष्ट्रीय स्तर पर अकेले आगे बढ़ना मुश्किल है, तो वह भी पुराने रिश्तों को फिर से मजबूत करने की कोशिश कर सकती है। हालांकि किसी संभावित गठबंधन या समझौते के सामने कई चुनौतियां भी हैं। कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी है और उसकी अपनी संगठनात्मक संरचना है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस का पूरा राजनीतिक मॉडल ममता बनर्जी के नेतृत्व के इर्द-गिर्द विकसित हुआ है। ऐसे में किसी भी बड़े राजनीतिक समझौते को जमीन पर लागू करना आसान नहीं होगा। फिर भी यह तथ्य नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि भारतीय राजनीति में जनाधार का क्षरण दलों को नए विकल्प तलाशने के लिए मजबूर करता है। जब राजनीतिक समर्थन घटने लगता है तो विचारात्मक मतभेद भी अपेक्षाकृत कम महत्वपूर्ण हो जाते हैं और अस्तित्व का प्रश्न प्रमुख हो जाता है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस की वर्तमान स्थिति को इसी दृष्टि से देखा जाना चाहिए। आज कांग्रेस अपने गौरवशाली अतीत और अनिश्चित भविष्य के बीच खड़ी है। वहीं तृणमूल कांग्रेस अपने क्षेत्रीय प्रभुत्व को बचाए रखने की चुनौती का सामना कर रही है। दोनों दलों के सामने सबसे बड़ी आवश्यकता जनता का विश्वास दोबारा अर्जित करने की है। केवल राजनीतिक समीकरणों और नेताओं की मुलाकातों से जनाधार वापस नहीं आता। इसके लिए मजबूत संगठन, स्पष्ट नेतृत्व, विश्वसनीय नीतियां और जनता के मुद्दों से निरंतर जुड़ाव आवश्यक होता है। राहुल गांधी, सोनिया गांधी, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी की हालिया मुलाकातों ने राजनीतिक अटकलों को जरूर हवा दी है, लेकिन इन मुलाकातों का वास्तविक महत्व आने वाले समय में ही स्पष्ट होगा।

फिलहाल इतना जरूर कहा जा सकता है कि यह दौर भारतीय राजनीति में नए समीकरणों के निर्माण का है। जिन दलों ने कभी एक-दूसरे के खिलाफ अपनी राजनीतिक पहचान बनाई थी, वे आज बदलती परिस्थितियों के कारण संवाद की राह पर दिखाई दे रहे हैं। जब जनाधार मजबूत होता है तो दल आत्मविश्वास से भरे रहते हैं, लेकिन जब वह कमजोर पड़ने लगता है तो नए सहयोगियों की तलाश और पुराने रिश्तों की पुनर्स्थापना राजनीति की अनिवार्यता बन जाती है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस की मौजूदा स्थिति भी इसी राजनीतिक यथार्थ को प्रतिबिंबित करती है। आने वाले महीनों में यह स्पष्ट होगा कि ये मुलाकातें केवल राजनीतिक शिष्टाचार थीं या फिर भारतीय राजनीति में किसी नए अध्याय की शुरुआत का संकेत।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

श्रद्धांजलि
डॉ. घनश्याम बादल



# गोल्डन बॉय शूटर जसपाल राणा का यूं अचानक जाना

भारतीय खेल जगत के लिए 12 जून 2026 का दिन एक गहरे शोक में बदल गया, जब देश के महानतम निशानेबाजों में से एक, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शूटर और कोच जसपाल राणा के निधन का समाचार सामने आया। मात्र 49 वर्ष की आयु में उनका जाना न केवल भारतीय निशानेबाजी के लिए, बल्कि पूरे खेल जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। जिस खिलाड़ी ने दशकों तक अपने अचूक निशाने से भारत का तिरंगा विश्व मंच पर लहराया और बाद में प्रशिक्षक के रूप में नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को सफलता का मार्ग दिखाया, उसका इस प्रकार अचानक चले जाना विश्वास करना कठिन है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी की धरती पर जन्मे जसपाल राणा ने उस समय भारतीय निशानेबाजी को पहचान दिलानी शुरू की, जब यह खेल देश में अपेक्षाकृत कम लोकप्रिय था। कम उम्र में ही उनकी प्रतिभा ने खेल विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित कर लिया था। उनके पिता नारायण सिंह राणा स्वयं शूटिंग से जुड़े रहे और उन्होंने ही अपने पुत्र की प्रतिभा को तराशने का कार्य किया। देखते ही देखते, यह युवा खिलाड़ी भारतीय निशानेबाजी का पर्याय बन गया। जसपाल राणा की उपलब्धियों की सूची इतनी लंबी है कि उसे संक्षेप में समेटना कठिन है। वे भारत के सबसे सफल कॉमनवेल्थ गेम्स खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। उन्होंने 1994 से 2006 के बीच आयोजित चार राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 15 पदक जीते, जिनमें 9 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि उन्हें भारतीय खेल इतिहास के सर्वाधिक सफल खिलाड़ियों की श्रेणी में स्थापित करती है। एशियाई खेलों में भी उनका



प्रदर्शन असाधारण रहा। 1994 एशियन गेम्स में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। इसके बाद 2006 के एशियाई खेलों में उन्होंने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल और 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया। सेंटर फायर पिस्टल प्रतियोगिता में उन्होंने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी भी की थी। एशियाई खेलों में उनके खाते में कुल आठ पदक दर्ज हैं, जो उनकी निरंतरता और उत्कृष्टता का प्रमाण हैं। देश ने भी उनकी उपलब्धियों का सम्मान किया। मात्र 18 वर्ष की आयु में उन्हें 1994 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान प्राप्त करने वाले वे सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में शामिल थे। इसके बाद 1997 में उन्हें देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से अलंकृत किया गया। खेल जगत में उनकी सेवाओं और प्रशिक्षक के रूप में योगदान को देखते हुए वर्ष 2020 में उन्हें द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह एक दुर्लभ उपलब्धि है कि किसी खिलाड़ी को खिलाड़ी और प्रशिक्षक दोनों रूपों में देश के सर्वोच्च सम्मानों से नवाजा जाए। हालांकि जसपाल राणा की महानता केवल उनके जीते गए पदकों तक सीमित नहीं थी। खेल जीवन के बाद उन्होंने भारतीय निशानेबाजी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया। वे उन प्रशिक्षकों में रहे जिन्होंने खिलाड़ियों के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन और विजेता मानसिकता का विकास किया। भारतीय निशानेबाजी की नई पीढ़ी, विशेषकर मनु भाकर जैसी खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर की ऐतिहासिक सफलता ने यह सिद्ध कर दिया था कि जसपाल राणा केवल महान खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि असाधारण गुरु भी थे। उनका असमय निधन इसलिए भी अधिक पीड़ादायक है क्योंकि वे अभी भी भारतीय शूटिंग के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उनके अनुभव, मार्गदर्शन और नेतृत्व की देश को आगे भी आवश्यकता थी। उनके जाने से जो रिक्तता पैदा हुई है, उसे भर पाना आसान नहीं होगा। पदक जीतने वाले खिलाड़ी समय-समय पर आते रहेंगे, लेकिन खेल को दिशा देने वाले व्यक्तित्व विरले ही जन्म लेते हैं। आज जब हम जसपाल राणा को अंतिम विदाई दे रहे हैं, तब उनके द्वारा जीते गए स्वर्ण पदकों, स्थापित रिकॉर्डों और प्राप्त सम्मानों से कहीं अधिक उनकी वह विरासत स्मरणीय है जो उन्होंने आने वाली पीढ़ियों को सौंपी है। उनके निशाने ने केवल लक्ष्य भेदे नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीय युवाओं के सपनों को भी दिशा दी। भारतीय खेल इतिहास में उनका नाम सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। भारतीय खेल जगत का यह सितारा भले ही अस्त हो गया हो, किंतु उसकी चमक कभी मंद नहीं पड़ेगी। भावभीनी श्रद्धांजलि।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चेतना की चौथी अवस्था है शिव तत्व



संकलित
दर्शन

शिव को अनुभव करने का प्रयास न करें। आपको बस उस पल में मौजूद रहना है और निश्चिंत रहना है, शिव तत्व पहले से ही वहां मौजूद है। हमारी चेतना की 3 अवस्थाएं हैं - जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति, और चेतना की एक चौथी अवस्था भी है, जहां हम न तो जाग्रत होते हैं, न स्वप्न देखते हैं और न ही सोते हैं। इसका अनुभव ध्यान में होता है। उस चौथी अवस्था की झलक को ही शिव तत्व कहा जाता है। उपनिषद कहते हैं शिवम्, शांतम्, अद्वैतम्, चतुर्थम्, मन्यन्ते, सा आत्मा, सा विज्ञेय। अर्थात शुभ, शांतिपूर्ण चौथी अवस्था, जहां दो नहीं हैं, वह तुम्हारा स्वरूप है, वही जानने योग्य है। आपको क्या लगता है कि आप क्या हैं? आप केवल एक नाम नहीं हैं, मात्र एक रूप नहीं हैं। आप वह प्रकाशमान चेतना हैं जो शिव तत्व है। शिव का मंदिर पत्थरों से नहीं मनुष्य की चेतना से बना है। वह जो संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करता है, वह सत्ता जिसमें हर जीवन समाया है, वह रहस्यमय शिव तत्व है। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है। ये आनंद है, जो यह नहीं जानता, वह दुःखी होता है, निराश होता है, पीड़ित होता है। जो यह जानता है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक नृत्य है, उसे आनंद मिलता है। यह सत्य शिव तत्व है।

## व्यक्ति की अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## सटाका




## आज की पाती


### पाकिस्तान की बर्बरता पर ये मौन क्यों?

पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर के नागरिक लंबे समय से सम्मानजनक जीवन जीने के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग करते आ रहे हैं, किंतु पाकिस्तानी सरकार अपने कब्जे वाले कश्मीरी क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के बजाय सेना के दमन चक्र से वहां के नागरिकों की हत्याएं करती आई है। पाकिस्तानी हुकूमत और सेना द्वारा वर्षों से अधिकृत कश्मीरी लोगों को जबरन जेलों में बंद कर प्रताड़ित किया जाता है, उनके घरों की महिलाओं और बच्चियों की अस्मिता लूटी जाती है और विरोध के बदले मौत दी जाती है। अभी हाल ही में, इस बार भी कश्मीरियों की मांग नागवार गुजरी और सेना प्रमुख मुनीर के इशारे पर बर्बरतापूर्वक अंधाधुंध गोलाबारी की गई।

- **संगीता देवी**, हांसी

## ट्रेंड


### कांग्रेस और एनडीए



कांग्रेस और एनडीए की विकास दर में साफ़ फर्क है! एक ऐसा सिस्टम था जहां काम हमेशा अटकता और टलता रहता था, जबकि आज का सिस्टम कहता है कि काम समय पर और बड़े पैमाने पर होगा।

- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री


### त्रिपक्षीय समझौता



भारत सरकार, असम और नागालैंड सरकार के बीच एक ऐतिहासिक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इससे पूर्वोत्तर में दशकों से चला आ रहा विवाद खत्म हो गया है। इस क्षेत्र में तेल और गैस की खोज का रास्ता खुल गया है। यह भारत की एकता का बेहतरीन उदाहरण है।

-**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### विपक्ष गैरजिम्मेदार



आज विपक्ष कितना गैरजिम्मेदार हो गया है! अगर हम हिमाचल प्रदेश जीत जाते हैं, तो हम शेर बन जाते हैं, लेकिन अगर चुनाव हार जाते हैं, तो चुनाव आयोग खराब हो जाता है! आप किस तरह की पार्टी बन गए हैं, आपकी क्या हालत है?

- **जगत प्रकाश नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### राणा को श्रद्धांजलि




भारत के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों में से एक और एथलीटों की कई पीढ़ियों को प्रेरित करने वाले मार्गदर्शक जसपाल राणा के निधन से मैं अत्यंत दुखी हूं। उत्कृष्टता के प्रति उनके समर्पण और भारतीय खेल जगत में उनके अपार योगदान ने हमारे राष्ट्र पर अमिट छाप छोड़ी है।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर


# पाक में गरीबों की संख्या बढ़कर सात करोड़ हुई



पाकिस्तान में पिछले छह वर्षों में गरीबी सात प्रतिशत बढ़ गई है जिससे लगभग 2.7 करोड़ लोग गरीबी के दायरे में आ गए हैं और इसके साथ ही देश में कुल गरीबों की संख्या बढ़कर सात करोड़ हो गई है। देश के राष्ट्रीय आर्थिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26, को बृहस्पतिवार को वार्षिक प्रक्रिया के तहत जारी किया गया। यह प्रक्रिया संघीय बजट पेश किए जाने से पहले आर्थिक संकेतकों को साझा करने के लिए की जाती है। इस सर्वेक्षण में सामने आया है कि वर्ष 2018-19 में गरीबी का स्तर 21.9 प्रतिशत था, जो 2024-25 में बढ़कर 28.9 प्रतिशत हो गया। सर्वेक्षण के अनुसार ग्रामीण गरीबी 28.2 प्रतिशत से बढ़कर 36.2 प्रतिशत हो गई जबकि शहरी गरीबी 11 प्रतिशत से बढ़कर 17.4 प्रतिशत तक पहुंच गई। प्रांतीय स्तर के आंकड़ों से पता चलता है कि सभी क्षेत्रों में गरीबी में वृद्धि दर्ज की गई है। पंजाब प्रांत में यह 16.5 प्रतिशत से बढ़कर 23.3 प्रतिशत हो गई, सिंध में 24.5 प्रतिशत से बढ़कर 32.6 प्रतिशत, खैबर पख्तूनख्वा में 28.7 प्रतिशत से बढ़कर 35.3 प्रतिशत और बलूचिस्तान में 41.8 प्रतिशत से बढ़कर 47 प्रतिशत हो गई। बलूचिस्तान में गरीबी दर सबसे अधिक दर्ज की गई, जबकि चारों प्रांतों में पंजाब में गरीबी दर सबसे कम रही।

## ऑफ बीट

# क्या युवाओं में कैंसर के लिए रसायन ज़िम्मेदार हैं



पहले कैंसर को आमतौर पर बुज़ुर्गों की बीमारी माना जाता था लेकिन अब 50 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंताजनक है। आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका में आपके डीएनए की एक प्रति होती है - जो उस कोशिका को ठीक से कार्य करने का निर्देश देती है। हालांकि, डीएनए में ऐसे तरीकों से म्युटेशन हो सकता है जिससे वह कोशिका अपना वह कार्य करना बंद कर देती है जो उसे करना होता है। कुछ म्युटेशन कोशिका को अनियंत्रित रूप से बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। कुछ म्युटेशन इसे मरने से बचाते हैं। और कुछ इसे शरीर के अन्य भागों में फैलने में मदद करते हैं जहां यह नहीं होना चाहिए। डीएनए में अधिक मात्रा में म्युटेशन कैंसर को जन्म दे सकता है। जब भी शरीर में नई कोशिका बनती है, तो डीएनए की एक नई प्रति भी बनती है। कभी-कभी संयोगवश गलतियां हो जाती हैं, जिससे म्युटेशन हो सकता है। इसे आप ऐसे समझें जैसे एक फोटोकॉपी की फोटोकॉपी बनाना। इस प्रक्रिया में हर प्रति दूसरे से थोड़ी भिन्न होती है। ज्यादातर डीएनए म्युटेशन हानिरहित होते हैं। लेकिन शरीर में हर दिन अरबों कोशिकाएं बनती हैं। इसलिए जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर में डीएनए की प्रतियों की संख्या बढ़ती जाती है, जिससे गलतियां होने की संभावना भी बढ़ जाती है। साथ ही, उम्र बढ़ने पर शरीर इन खराब कोशिकाओं को पहचान कर हटाने में भी कमजोर हो जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

सनसनीखेज वारदातः परसमनिया पहाड़ स्थित फार्म हाउस पर हुआ जानलेवा हमला, घायल महिला रीवा रेफर; आरोपी दूसरी पत्नी गिरफ्तार, थाने में 'वीआईपी ट्रीटमेंट' की तस्वीर वायरल होने पर उठे सवाल

# नागौद रियासत का पारिवारिक विवाद खूनी संघर्ष में बदला, पहली पत्नी पर ताबड़तोड़ 9 राउंड फायरिंग



**सतना। नागौद रियासत से जुड़ा एक पारिवारिक विवाद गुरुवार को उस समय बेहद खूनी और खौफनाक मोड़ पर आ गया, जब उचेहरा थाना अंतर्गत परसमनिया पहाड़ स्थित एक गढ़ी (फार्महाउस) पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई। रियासत के रूपेंद्र सिंह उर्फ राजा बाबा की पहली पत्नी योगिता सिंह पर जानलेवा हमला करते हुए एक के बाद एक कुल 9 राउंड फायरिंग की गई। गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल योगिता सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल सतना से रीवा के विंध्या हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। गौरतलब है कि यह पूरा घटनाक्रम नागौद के विधायक नागेंद्र सिंह के परिवार से जुड़ा हुआ है।**

## ससुर के निधन के बाद फार्महाउस में रहने आई थीं पीड़िता

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित योगिता सिंह का विवाह वर्ष 2000 में नागौद रियासत के रूपेंद्र सिंह उर्फ राजा बाबा के साथ हुआ था। दोनों का एक 25 वर्षीय बेटा भी है, जो हाल ही में अपनी उच्च शिक्षा पूरी करके लौटा है। योगिता सिंह पहले अपने पति राजा बाबा के साथ सतना शहर में निवास करती थीं। लेकिन कुछ समय पूर्व अपने ससुर के निधन के बाद वह परसमनिया गढ़ी (फार्महाउस) में आकर रहने लगी थीं। इसी दौरान परिवार में संपत्ति और आपसी संबंधों को लेकर विवाद गहरा गया।



## 'मारो इसे... ' पति के उकसाने पर खिड़की से दागीं गोलियां

घायल महिला की मां नरेन्द्र कुमारी ने दामाद और उनकी दूसरी पत्नी पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि दामाद राजा बाबा ने सुनीता परिहार नाम की एक महिला को रखा हुआ है, जो उसी फार्महाउस में रह रही है। गुरुवार को जैसे ही पहली पत्नी योगिता सिंह वहां पहुंचीं, राजा बाबा ने अपनी दूसरी पत्नी सुनीता को उकसाते हुए कहा- 'मारो इसे।' इसके बाद सुनीता परिहार ने घर के भीतर से खिड़की के रास्ते योगिता सिंह पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। घटना में योगिता को कई गोलियां लगीं और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ीं। पीड़िता की मां का आरोप है कि सुनीता परिहार और राजा बाबा पिछले काफी समय से योगिता को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। पिछले वर्ष भी योगिता का गला दबाकर उन्हें जान से मारने का प्रयास किया गया था।

## पुलिसिया कार्रवाई मुख्य आरोपी महिला गिरफ्तार

परसमनिया पहाड़ जैसे दुर्गम और हाई-प्रोफाइल इलाके में हुई इस गोलाबारी की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही उचेहरा थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी महिला सुनीता सिंह (परिहार) को पारसमनिया गढ़ी से गिरफ्तार कर लिया है। उचेहरा थाना प्रभारी सतीश मिश्रा ने आरोपी महिला की गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



## सोशल मीडिया पर फोटो वायरलः 'वीआईपी ट्रीटमेंट'


इस हाई-प्रोफाइल मामले में उस समय एक नया मोड़ आ गया, जब दोपहर बाद सोशल मीडिया पर आरोपी महिला सुनीता परिहार की एक तस्वीर तेजी से वायरल हो गई। इस वायरल फोटो में आरोपी महिला थाने के भीतर आराम से बैठी हुई नजर आ रही है और उसके हाथ में कोल्ड ड्रिंक की बोतल दिखाई दे रही है। इस तस्वीर के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया यूजर्स ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। लोगों का आरोप है कि इतने गंभीर और जानलेवा अपराध की आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में 'वीआईपी ट्रीटमेंट' (विशेष सुविधाएं) दिया जा रहा है। हालांकि, पुलिस प्रशासन की ओर से इस वायरल फोटो और आरोपों पर अभी तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस मामले के अन्य पहलुओं और हथियारों के स्रोत की जांच कर रही है।



## आरोपी को कोर्ट ने भेजा जेल

आरोपी सुनीता परिहार को पुलिस ने गिरफ्तार न्यायलय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी महिला सुनीता परिहार के खिलाफ पुलिस ने बीएस की धारा 109 जान से करने का प्रयास और धारा 296 गाली गलोज करना का अपराध पंजीबद्ध किया है। टीआई सतीश मिश्रा के मुताबिक आरोपीय महिला की रायसेंसी राइफल जप्त की गई है साथ ही मौके से चार खाली खोखे मिले हैं।

## अजयगढ़ रेस्ट हाउस के रहस्यमयी कुएं में आधी




**पन्ना।** अजयगढ़ रेस्ट हाउस कुआं इन दिनों रहस्य और चर्चाओं का केंद्र बना हुआ है। नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य के बीच स्थानीय लोगों में यह चर्चा तेज है कि वर्षों पहले इसी कुएं से कथित रूप से खजाना मिला था। इसी कड़ी में सूत्रों के अनुसार, बीती कई रातों के अंधेरे में मशीनों की मदद से कुएं के अंदर खजाने की तलाश की गई। बताया जा रहा है कि पूरी कार्रवाई बेहद गोपनीय तरीके से की गई, जिससे क्षेत्र में तरह-तरह की अटकलें लगने लगी हैं। सूत्रों का दावा है कि खोज के दौरान कुछ महत्वपूर्ण वस्तुएं मिलने की चर्चा है, हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर उस प्राचीन कुएं में ऐसा क्या छिपा है, जिसके लिए रात के अंधेरे में मशीनें उतारनी पड़ीं? अजयगढ़ में यही चर्चा हर जुबान पर है।

# थाने में तीन-तीन घंटे बिठाकर प्रताड़ना का आरोप, प्रधान आरक्षक दीपक डोंहरे पर अवैध वसूली मांगने के गंभीर आरोप

### दो ग्रामीणों ने एसपी से लगाई गुहार, मोबाइल कॉल के जरिए रुपये मांगने और अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जिले के लांजी थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक दीपक डोंहरे पर दो ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि थाना परिसर में बुलाकर उन्हें घंटों तक बैठाए रखा गया, अभद्र व्यवहार किया गया और कथित रूप से अवैध रूप से धनराशि की मांग भी की गई। मामले ने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है। शिकायतकर्ता अनतराम निवासी बिंझलगांव और दीपक धनवले निवासी किन्ही ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे आवेदन में बताया कि घरेलू उपयोग के लिए करवाए गए एक बोर से जुड़े मामले में उनकी बोर मशीन प्रशासन द्वारा जब्त कर थाने में रखी गई थी। इसी प्रकरण के चलते उन्हें कई बार थाने बुलाया गया। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि संबंधित प्रधान आरक्षक ने उन्हें थाने बुलाकर करीब तीन-तीन घंटे तक पूछताछ केंद्र में बैठाकर रखा। इस दौरान उनके साथ कथित रूप से अपमानजनक व्यवहार किया गया और ऐसी भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे उन्हें मानसिक रूप से ठेस पहुंची। शिकायत में कहा गया है कि एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी से इस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा नहीं की जा सकती।ग्रामीणों का कहना है कि वे जांच में सहयोग करने के लिए थाने पहुंचे थे, लेकिन उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया गया। इससे वे मानसिक तनाव और असहज स्थिति का सामना करने को मजबूर हुए। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित अधिकारी द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से बार-बार संपर्क कर कथित रूप से धनराशि की मांग की गई। शिकायतकर्ताओं ने दावा किया है कि पूछताछ के दौरान उन्हें बंद कमरे में बैठाकर रखा गया, जिससे वे भय और दबाव महसूस कर रहे थे।दोनों ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने पर संबंधित प्रधान आरक्षक के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शिकायत की निष्पक्ष जांच होती है तो इससे आम नागरिकों का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास और मजबूत होगा।हालांकि, समाचार लिखे जाने तक संबंधित पुलिस अधिकारी अथवा पुलिस विभाग की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# साथी को बचाने नदी में कूदा युवक, तीसरे दिन मिला शव

**रीवा।** जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीहर नदी में डूबे युवक का शव घटना के तीसरे दिन बरामद कर लिया गया। मृतक की पहचान ग्राम कुशहा निवासी अनुपम मिश्रा (38 वर्ष) के रूप में हुई है, जो अपने साथी को डूबने से बचाने के प्रयास में स्वयं नदी की गहराई में समा गया था ।

युवक का शव शुक्रवार सुबह ग्राम कटकी बरहा के समीप नदी में उतराता हुआ दिखाई दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को ग्राम कुशहा के चार युवक बीहर नदी में नहाने के लिए पहुंचे थे। नहाने के दौरान उनमें से एक युवक अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथी को संकट में देखकर अनुपम मिश्रा ने बिना देर किए उसे बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अनुपम ने साथी को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण वह स्वयं भी संतुलन खो बैठे और नदी में लापता हो गया घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे एकत्र हो गए थे। सूचना मिलने पर सगरा थाना पुलिस, राजस्व अमला एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश के लिए सर्च अभियान शुरू कराया गया। स्थानीय गोताखोरों तथा ग्रामीणों की मदद से लगातार दो दिनों तक नदी में खोजबीन की जाती रही, लेकिन अनुपम मिश्रा का कोई सुराग नहीं मिल पाया। तीसरे दिन शुक्रवार सुबह ग्राम कटकी बरहा के समीप कुछ ग्रामीणों ने नदी में एक शव उतराता हुआ देखा। नजदीक जाकर देखने पर शव अनुपम मिश्रा का निकला। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से शव को बाहर निकाला।

## निर्माणाधीन मकान में मिला महिला का रक्तरंजित शव

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट के बैहर थाना क्षेत्र में मोदीनगर इलाके में शुक्रवार को एक निर्माणाधीन मकान में 35 वर्षीय महिला सविता धुर्वे की आधी गर्दन कटी लाश मिली है। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।**

मृतक सविता धुर्वे चार बच्चों की मां थीं और उनके पति जगानंद धुर्वे का पहले ही देहांत हो चुका है। वह अपनी बेटियों के साथ रहती थीं। गुरुवार शाम को जब उनकी दो बेटियां काम से वापस लौटीं, तो सविता घर पर नहीं थीं। बेटियों ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन मां का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद वे खाना खाकर सो गईं। शुक्रवार सुबह जब बेटियां अपने नए बन रहे मकान पर पहुंचीं, तो वहां मां का शव चित्त हालत में खून से लथपथ पड़ा था और गर्दन आधी कटी हुई लटकी थी। बेटियों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। बैहर थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना की गंभीरता को देखते हुए बालाघाट से फोरेंसिक साइंस लैब (FSL) की टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले के अनुसार, हत्या की आशंका महिला के ही किसी परिचित व्यक्ति पर जताई जा रही है। हालांकि, हत्या के असली कारणों और इसके पीछे की वजह का अभी तक साफ पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए संदिग्धों और आसपास के लोगों से लगातार पूछताछ कर रही है।

# जबलपुर खपाने ले जाया जा रहा पौने दो टन अवैध लोहा जब्त

### इटारसी का चालक गिरफ्तार, दो आरोपी फरार

**शहडोल।** जिले में सक्रिय कबाड़ माफियाओं के काले कारोबार पर सोहागपुर पुलिस ने सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए अवैध लोहे के एक बड़े खेप को जब्त किया है। 10 जून 2026 को मुखबिर की पुख्ता सूचना पर पुलिस ने पाली मार्ग स्थित आकाशवाणी और मुड़ना नाला के बीच घेराबंदी की। इस दौरान सोहागपुर निवासी कुख्यात कबाड़ व्यापारी रहीम के ठिकाने से निकले एक मेटाडोर वाहन क्रमांक एमपी 04 एचई 6803 को दबोचा गया, जो अवैध कबाड़ लादकर जबलपुर भागने की फिराक में था।

## गत्तों के नीचे छिपा था चोरी का माल

जब पुलिस ने वाहन की सघन तलाशी ली, तो ऊपर से रखे गत्तों के नीचे कबाड़ माफिया की चालाकी दफन थी। पुलिस ने अंदर से भारी मात्रा में ट्रैक्टर के कलपुर्जे, पुराना कल्टीवेटर, बिजली के सरकारी तार और भारी लोहे के एक्सल बरामद किए। इस जब्त कबाड़ का कुल वजन लगभग 1,746 किलोग्राम (करीब पौने दो टन) है, जिसकी बाजारू कीमत 1,21,720 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने अवैध कबाड़, मेटाडोर और मोबाइल सहित कुल 9,31,720 रुपये की संपत्ति जब्त की है।

## चालक गिरफ्तार, सरगना की तलाश

मौके से पुलिस ने वाहन चालक रूप सिंह पाल (निवासी इटारसी) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। इस पूरे सिंडिकेट का मुख्य सरगना रहीम कबाड़ी और एक अन्य आरोपी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। सोहागपुर पुलिस ने साफ कर दिया है कि बेखौफ घूम रहे कबाड़ माफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही फरार आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## 1.01 लाख के पांच मोबाइल जब्त

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रेलवे स्टेशन अनूपपुर में चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विभिन्न कंपनियों के पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जब्त मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत 1 लाख 1 हजार रुपये बताई गई है। स्टेशन परिसर में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए मोबाइल बेचने की फिराक में पाया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मोहम्मद आजाद उर्फ सोनू पिता गौस मोहम्मद (उम्र 33 वर्ष), निवासी बड़ा मदार छल्ला बाबा टोला, थाना हनुमानताल, जिला जबलपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 ओप्पो, 2 रियलमी, 1 रेडमी एवं 1 वीवो कंपनी के कुल 5 मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनकी कुल कीमत लगभग 1,01,000 रुपये आंकी गई।

## नशीली कफ सिरप की तस्करी करता दबोचा गया नाबालिग

**शहडोल।** मादक पदार्थों और नशीली दवाइयों के काले कारोबार के खिलाफ शहडोल पुलिस ने एक बार फिर कड़ा प्रहार किया है। धनपुरी पुलिस ने मुखबिर की पुख्ता सूचना पर नरगड़ा नाला मुक्तिधाम के पास घेराबंदी कर नशीली कफ सिरप बेचते हुए एक विधि विरुद्ध बालक (नाबालिग) को अपनी अभिरक्षा में लिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के नशा माफियाओं में हडक़ंप मच गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक खेमसिंह पेन्द्रो के नेतृत्व में की गई इस त्वरित कार्रवाई के दौरान नाबालिग के कब्जे से प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप की 15 बोतलें 08 बोतल ओनेरेक्स एवं 07 बोतल केंडीकोफ जब्त की गईं, जिनकी कुल कीमत लगभग 2,739 रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक बिना नंबर की होंडा लिवो मोटरसाइकिल और एक कीमती आईफोन-15 मोबाइल भी जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत करीब 80 हजार रुपये है। पुलिस ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट और मध्य प्रदेश ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की है। इस बड़ी सफलता में एसडीओपी विकास पाण्डेय के मार्गदर्शन सहित सउनि भूपेन्द्र सिंह, भारत सिंह और अन्य आरक्षकों की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है।

**भ्रष्ट अधिकारी अभ्यंकर शर्मा के कारनामे से बैंकिंग महकमे में हडक़ंप**

# शहडोल में सीबीआई की सर्जिकल स्ट्राइक

### गुरुद्वारे के पास घूस लेते सेंट्रल बैंक का असिस्टेंट मैनेजर रंगे हाथों गिरफ्तार! 4 बैंकिंग कियोस्क के बदले मांगी थी घूस

**गुरुद्वारे के पास जैसे ही पकड़ी रकम, सीबीआई ने डाल दिया हाथ**

**जबलपुर सीबीआई एसपी की अगुवाई में 8 सदस्यीय टीम का खुफिया जाल**

शहडोल।

सरकारी कुर्सियों पर बैठकर जनता को चूसने और ईमानदारी का चोला ओढक़र रिश्वतखोरी का धंधा चलाने वाले सफेदपोशों पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने शहडोल की धरती पर एक और करारी चोट की है।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ सहायक प्रबंधक (असिस्टेंट मैनेजर) अभ्यंकर शर्मा को सीबीआई की जबलपुर इकाई ने 10 हजार रुपये की कडक़ड़ाती घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। गुरुद्वारे के पवित्र माहौल के पास अपनी काली कमाई की डील कर रहे इस भ्रष्ट अधिकारी को भनक तक नहीं थी कि उसका पूरा साम्राज्य ताश के पत्तों की तरह ढहने वाला है। इस हाई-प्रोफाइल कार्रवाई के बाद पूरे जिले के प्रशासनिक और बैंकिंग गलियारों में हडक़ंप मच गया है।







## कियोस्क मंजूरी के नाम पर अटका रखा था काम

जानकारी के मुताबिक, शहडोल के जागरूक नागरिक दीपेंद्र सिंह ने क्षेत्र में स्वरोजगार और जनता की सुविधा के लिए चार बैंकिंग कियोस्क (ग्राहक सेवा केंद्र) खोलने का मन बनाया था। उन्होंने नियमानुसार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में आवेदन भी किया। लेकिन उन्हें क्या पता था कि बैंक की ऊंची कुर्सी पर कोई जनसेवक नहीं, बल्कि एक लालची अधिकारी बैठा है। फाइल आगे बढ़ाने, प्रस्ताव को हरी झंडी देने और आवश्यक अनुमति जारी करने के बदले में सहायक प्रबंधक अभ्यंकर शर्मा ने दीपेंद्र से 10 हजार रुपये की सीधी घूस मांग ली। आवेदक दीपेंद्र सिंह ने कई बार ईमानदारी से काम करवाने की कोशिश की, लेकिन जब रिश्वतखोर मैनेजर अपनी जिद पर अड़ा रहा और बार-बार चक्कर कटवाने लगा, तो दीपेंद्र ने घुटने टेकने के बजाय इस भ्रष्टाचार को बेनकाब करने की ठान ली।

## गुरुद्वारे के पास बिछाया जाल, दबोचा

परेशान होकर दीपेंद्र सिंह ने सीधे सीबीआई जबलपुर इकाई के पुलिस अधीक्षक एस.के. राठी से संपर्क साधा और पूरे मामले की लिखित शिकायत ठोक दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई प्रमुख ने तुरंत तस्दीक कराई और घूसखोर मैनेजर को दबोचने के लिए एक अचूक चक्रव्यूह तैयार किया। 11 जून को सीबीआई की 8 सदस्यीय विशेष टीम शहडोल पहुंची और सादे कपड़ों में पूरे इलाके को घेर लिया। तय रणनीति के तहत जैसे ही सहायक प्रबंधक अभ्यंकर शर्मा बैंक के बाहर गुरुद्वारे के पास दीपेंद्र सिंह से 10 हजार रुपये की रिश्वत की रकम हाथ में थामी, वैसे ही घात लगाए बैठी सीबीआई की टीम ने चीते जैसी फुर्ती दिखाते हुए उसे रंगे हाथों दबोच लिया। जब आरोपी के हाथ धुलवाए गए तो वे केमिकल के कारण लाल हो गए, जिससे भ्रष्टाचार का ऑन-स्पॉट वैज्ञानिक सबूत भी मिल गया।

## अब खुलेगी और भी काली पोल!

सीबीआई की टीम आरोपी मैनेजर अभ्यंकर शर्मा को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ कर रही है। सूत्र बताते हैं कि इस जाल में कुछ और बड़े मगरमच्छों के नाम भी सामने आ सकते हैं, क्योंकि बिना किसी ऊपरी शह के बैंक स्तर पर ऐसे प्रस्तावों को लटकाना मुमकिन नहीं है। इस धमाकेदार कार्रवाई ने यह साफ संदेश दे दिया है कि भ्रष्टाचार करने वाले चाहे कितनी भी चालाकी कर लें, कानून के लंबे हाथ उनकी गर्दन तक पहुंच ही जाते हैं। फिलहाल सीबीआई मामले की बारीकी से तफ्तीश कर रही है और इस बड़ी सफलता से जिले के आम नागरिकों में न्याय के प्रति विश्वास बढ़ा है।

यात्रा 2026 की सुरक्षा तैयारियों की गृह मंत्री ने की समीक्षा

# अमरनाथ यात्रा से पहले हाई अलर्ट: बाबा बर्फानी के दर्शन होंगे सुरक्षित, अमित शाह ने की उच्चस्तरीय बैठक

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आगामी अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा और संचालन संबंधी तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने जा रही है, जिसके मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियां और प्रशासन व्यापक स्तर पर तैयारियों में जुटे हुए हैं*

बैठक की अध्यक्षता अमित शाह ने की

आधुनिक तकनीकों के व्यापक उपयोग पर भी जोर दिया

पर्यटन स्थलों पर भी मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा 2026 की तैयारियों को लेकर आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव, थलसेना प्रमुख, आसूचना ब्यूरो (आईबी) के निदेशक, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के महानिदेशक तथा गृह मंत्रालय, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस वर्ष भी अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक आयोजित होगी।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यात्रा पर जोर

*अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं की सर्वोच्च सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी सुरक्षा एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ यात्रा के लिए एकीकृत और अभेद्य सुरक्षा कवच तैयार करने के निर्देश दिए।*

### मल्टी-लेयर्ड सुरक्षा ग्रिड स्थापित करने के निर्देश

*गृह मंत्री ने कहा कि यात्रा मार्ग पर जम्मू-कश्मीर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से मल्टी-लेयर्ड सुरक्षा ग्रिड स्थापित किया जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए ड्रोन, सीसीटीवी निगरानी, सर्विलांस सिस्टम और अन्य आधुनिक तकनीकों के व्यापक उपयोग पर भी जोर दिया।*

### शिविर स्थलों पर वरिष्ठ अधिकारी करेंगे निगरानी

अमित शाह ने निर्देश दिया कि यात्रा के दौरान विभिन्न सीएपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शिविर स्थलों पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी करें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के पंजीकरण, आवास, स्वास्थ्य सेवाओं और आपदा प्रबंधन सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### मौसम के अनुसार आगे बढ़ेंगे श्रद्धालुओं के जत्थे


बैठक में गृह मंत्री ने कहा कि मौसम की स्थिति और पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए ही श्रद्धालुओं के जत्थों को आगे बढ़ाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यात्रा मार्ग के अलावा अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित रूप से पर्यटन गतिविधियों का आनंद ले सकें।

### स्थानीय लोगों और पशुओं को मिलेंगे क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र, स्वास्थ्य शिविर लगाएं जाएंगे

बैठक में जानकारी दी गई कि यात्रा से जुड़े स्थानीय लोगों और पशुओं का पंजीकरण किया जाएगा तथा उन्हें क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे। यात्रा पंजीकरण और श्रद्धालुओं की सहायता संबंधी जानकारी https://jksasb.nic.in/ पर उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### नेपाल: बस दुर्घटना में 8 लोगों की मौत



**काठमांडू।** नेपाल के कावेरपलानचौक जिले में शुक्रवार को एक यात्री बस के गहरी खाई में गिर जाने से आठ लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, रोशी ग्रामीण नगरपालिका के सुंगुरे जा रही थी। काठमांडू से लगभग 60 किलोमीटर पूर्व बनेपा-बरदीबास राजमार्ग पर बुच्चाकोट के निकट सेल्फी हिलॉक में यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि बस में 24 यात्री सवार थे। पुलिस के मुताबिक, बस पहाड़ी सड़क से करीब 200 मीटर नीचे खाई में जा गिरी।

### भारत ने अपने नागरिकों को सावधान किया



**ओटावा।** कनाडा में भारतीय मिशन ने भारतीय नागरिकों को परामर्श जारी कर कहा है कि वे फोन करने वाले ऐसे लोगों से सावधान रहें जो खुद को दूतावास का अधिकारी बताकर वीजा, आव्रजन स्थिति और नौकरी की पेशकश से जुड़ी धोखाधड़ी करते हैं। टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश में भारतीय नागरिकों को धोखाधड़ी करने वाले लोगों से लगातार फोन आ रहे हैं, जो कभी-कभी दूतावास के अधिकारी होने का दावा करते हैं। नौकरी की पेशकश जैसी चीजों के बारे में होती हैं।

### पाक: अलग हमलों में दो पुलिसकर्मियों की मौत



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को निशाना बनाकर की गयी अलग-अलग गोलीबारी की घटनाओं में दो पुलिसकर्मी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पहली घटना सेदगी बकाखेल इलाके में उस समय हुई, जहां अज्ञात बंदूकधारियों ने घर के बाहर ही कांस्टेबल मोहम्मद रोशन की गोली मारकर हत्या कर दी। दूसरी घटना में, आजाद मंडी के पास अज्ञात हमलावरों ने पुलिस अधिकारी मिशक्वत उल्ला अमीर को निशाना बनाया।

अमेरिकी नौसेना की ओर से लगातार किए जा रहे हमलों पर विरोध जताया

# अपने 3 नागरिकों की मौत पर भड़का भारत, अमेरिकी दूत को फिर किया तलब, 40 मिनट तक चला विरोध

*जहाज पर हुए अमेरिकी हमले में 3 भारतीय नाविकों की दुखद मौत के बाद भारत ने सख्त रुख अपनाया है। नई दिल्ली में अमेरिकी राजनयिक जेसन मीक्स को तलब कर 40 मिनट तक कड़ा विरोध दर्ज कराया गया*



### 18 हजार नाविकों के लिए सुरक्षा एडवाइजरी

अमेरिकी राजनयिक को विदेश मंत्रालय के अपर सचिव ने बातचीत के लिए बुलाया था। यह दूसरी बार है जब भारत ने इस मुद्दे को लेकर अमेरिकी दूतावास के अधिकारी को तलब किया है। व्यापारिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों के बाद डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ शिपिंग ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, ओमान की खाड़ी और उसके आस-पास के समुद्री इलाकों में काम करने वाले लगभग 18,000 भारतीय नाविकों के लिए एक नई समुद्री सुरक्षा एडवाइजरी जारी की थी। इस एडवाइजरी के जारी होने के कुछ ही घंटों बाद अमेरिकी राजनयिक को दोबारा तलब किया गया। यह सुरक्षा एडवाइजरी हाल ही में हुई।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओमान के समुद्र तट के पास भारतीय नाविकों वाले जहाजों पर लगातार हो रहे हमले को लेकर भारत ने अमेरिका के कार्यकारी राजदूत जैशने मीक्स को तलब किया।

विदेश मंत्रालय के ऑफिस में वह करीब 45 मिनट रुके और फिर वहां से निकले। हाल ही में एक और जहाज पर हमला हुआ, जिसमें 20 भारतीय क्रू मेंबर सवार थे। यह चार दिनों में भारतीय नाविकों से जुड़ी इस तरह की तीसरी घटना है। भारत ने इस पर कड़ा विरोध जताने के लिए अमेरिकी अधिकारी को बुलाया था।

### अमेरिकी राजदूत को तलब करने के बाद विदेश मंत्रालय का बयान, इस प्रकार के हमले चिंताजक

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में बताया गया, 'भारत ने ओमान की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों पर अमेरिकी नौसेना की ओर से लगातार किए जा रहे हमलों पर विरोध जताया। इन हमलों के कारण तीन भारतीय नाविकों की दुखद और दर्दनाक मौत हो चुकी है, जिसे रोका जा सकता था'। विदेश मंत्रालय ने एक बार फिर साफ किया कि आम नागरिक वाले व्यापारिक जहाजों पर इस तरह जानलेवा और घातक हथियारों का इस्तेमाल करना चिंताजनक है। इसे किसी भी हाल में मंजूर नहीं है। ऐसी कार्रवाइयों से अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार की सुरक्षा और स्थिरता खतरे में पड़ती है। भारत ने अमेरिकी दूत से कहा है।

### कब-कब हुए जहाज पर अटैक

पहली घटना 8 जून की है जब एमटी मारिवेक्स नाम के जहाज पर अटैक हुआ। इस हमले के बाद जहाज में आग लग गई थी। जहाज पर सवार सभी 24 भारतीय चालक दल के सदस्य सुरक्षित बताए गए। दूसरी घटना 10 जून की है जब ओमान की खाड़ी में एमटी सेटेबेलो नाम के टैंकर पर हमला हुआ। इस जहाज पर भी 24 भारतीय नाविक सवार थे। इनमें से 21 नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया, लेकिन शुरुआत में लापता बताए गए 3 भारतीय नाविकों की बाद में मौत की पुष्टि हो गई।

### पीएम भारत माता के बेटों की रक्षा नहीं कर सकते, राहुल गांधी ने नाविकों की मौत पर चुप्पी पर घेरा



*नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक वाणिज्यिक जहाज पर अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नागरिकों की मौत पर चुप्पी को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर शुक्रवार को निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कंप्रोमाइज्ड पीएम भारत माता के बेटों की रक्षा नहीं कर सकते क्योंकि इन बेटों की जान लेने वालों को नाराज करने की इनमें न हिम्मत है, न ताकत। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर एक पोस्ट में, इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, अन्तरराष्ट्रीय जल (क्षेत्र) में तीन दिन में तीन जहाजों पर अमेरिकी हमलों में तीन भारतीयों की मृत्यु हो गई। और हमारे कंप्रोमाइज्ड (दबाव में आ चुके) पीएम... एक शब्द तक नहीं कहा। जब कोई विदेशी ताकत किसी भारतीय की हत्या करे, तो प्रधानमंत्री को बोलना पड़ता है। लेकिन मजाल है जो ये एक शब्द बोल जाएं। राहुल गांधी ने कहा, अगले हफ्ते जी7 में, हमारे नाविकों की हत्या के बस चंद दिनों बाद, मोदी जी मुस्कुराएंगे, गले मिलेंगे और समझौते करेंगे- मगर, उन तीन भारतीयों के लिए उनके पास एक शब्द भी नहीं होगा। उन्होंने कहा, कंप्रोमाइज्ड पीएम भारत माता के बेटों की रक्षा नहीं कर सकें।*

### होर्मुज में देवरिया के शिवानंद की मौत गरीबी से लड़ने के लिए छोड़ा था घर




*नई दिल्ली। दो साल तक परिवार से दूर रहकर शिवानंद ने कभी आधा पेट खाकर तो कभी भूखे रहकर दिन गुजारे, मगर उसके हौसले कभी नहीं टूटे। उसका एक ही सपना था कि परिवार की आर्थिक स्थिति सुधरे, बच्चे अच्छे स्कूल में पढ़ें, माता-पिता और पत्नी को परेशानी न हो। परिजनों के अनुसार, पानी के जहाज पर नौकरी पाने के लिए काफी धन की आवश्यकता थी। गरीब परिवार से होने के कारण शिवानंद ने दो साल तक जी-तोड़ मेहनत कर एक-एक रुपए जोड़कर अपना सपना पूरा किया। उसने कहा था, अब हमारी सारी परेशानियां दूर हो जाएंगी। बच्चों को अच्छे स्कूलों में पढ़ाएंगे और परिवार को किसी चीज की कमी नहीं रहने देंगे। बेटे की बात सुनकर माता-पिता और पत्नी की आंखों में भी सुनहरे भविष्य के सपने सज गए थे, मगर किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।*

फिनलैंड में पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर

## आपके हथियारों से हम बन रहे शिकार, रूस संग दोस्ती पर घेरने वाले यूरोप को लताड़ा

### यूरोप का चेहरा बेनकाब किया

एजेंसी ▶▶ हेलसिंकी



रूस-यूक्रेन जंग में भारत शुरू से ही किसी एक गुट का हिस्सा नहीं रहा है। इसके बावजूद यूरोप ने भारत पर शक जताया। इसी के मद्देनजर भारत को घेरने की यूरोप की कोशिश को बड़ा झटका लगा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फिनलैंड की धरती से ही यूरोप का चेहरा बेनकाब कर दिया और ऐसे सबूत पेश किए, जिससे यूरोपियन यूनियन की आंखें खुल गई हैं। भारत की विदेश नीति पर सवाल उठाने वाले यूरोपीय देशों को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फिनलैंड में करारा जवाब दिया। जयशंकर ने यूरोप को आइना दिखाते हुए कहा कि भारत के हथियार से कभी यूरोप पर हमले नहीं हुए, लेकिन उल्टा यूरोप के हथियारों से भारत पर हमले किए गए।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारत पर सालों से ऐसे हथियारों से हमले होते रहे हैं जिन्हें यूरोपीय देशों ने बेचा था। फिनलैंड में आयोजित कुल्तारांता टॉक्स कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे एस जयशंकर की फिनलैंड की विदेश मंत्री एलीना वाल्टोनेन और यूएई की सहायक विदेश मंत्री लाना नुसैबेह के साथ चर्चा हुई। पैनल डिस्कशन में जब एस जयशंकर से पूछा गया कि यूरोप में यह धारणा है कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर नैतिक समानता की बात करता है लेकिन रूस से तेल खरीदकर उसके प्रति नरम रुख भी दिखाता है। इस पर विदेश मंत्री ने ऐसा जवाब दिया, जिसे सुनकर यूरोपीय नेता सन्न रह गए।

### जयशंकर ने यूरोप को दिखाया आइना

*जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी यूरोपीय देश पर कभी भारतीय हथियारों से हमला नहीं हुआ है। काश मैं यही बात भारत के संदर्भ में यूरोपीय हथियारों के लिए भी कह पाता- विदेश मंत्री ने आगे कहा कि कई सालों से यूरोपीय देश ऐसे हथियार बेचते रहे हैं, जिनका इस्तेमाल भारत पर हमलों में किया गया। इसके बावजूद भारत ने कभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जिससे यूरोप की सुरक्षा को खतरा पहुंचा हो। जयशंकर ने कहा कि भारत तेल लागत और उपलब्धता के आधार पर खरीदता है। उस समय बाजार में उपलब्ध अधिकांश तेल रूसी था। इसकी वजह यह थी कि यूरोपीय देश मिडिल ईस्ट से तेल खरीद रहे थे, जो भारत का पारंपरिक आपूर्तिकर्ता रहा है। ऐसे में परिस्थितियों ने हमें एक अलग दिशा में जाने के लिए मजबूर किया। उन्होंने याद दिलाया कि 2022 से पहले भारत रूस से बड़ी मात्रा में तेल नहीं खरीदता था लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ऊर्जा बाजार में बदलाव आया और अमेरिका ने ही गुहार लगाई थी कि भारत रूस से तेल खरीदे।*

पाक को चीनी वेपन सिस्टम का लंबे समय से इंतजार था

## चीन में बनी हंगोर क्लास पनडुब्बी पहुंची कराची, पाक नौसेना करेगी इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶ कराची



पाकिस्तानी नौसेना की रणनीतिक ताकत को बढ़ाने और उसके आधुनिकीकरण की दिशा में एक बहुत बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। चीन के साथ हुए समझौते के तहत निर्मित पाकिस्तान की पहली एडवांस हंगोर-क्लास पनडुब्बी सफलतापूर्वक कराची पोर्ट पर पहुंच गई है। पाकिस्तानी नौसेना ने कहा कि गुरुवार को कराची स्थित नौसेना डॉकयार्ड में इस पनडुब्बी के आने पर समारोह किया गया। इस समारोह में पाकिस्तान फ्लीट के कमांडर, वाइस एडमिरल अब्दुल मुनीब मुख्य अतिथि थे। समारोह में पाकिस्तान नेवल एकेडमी के कैडेटों ने कराची बंदरगाह में प्रवेश कर रही इस अत्याधुनिक पनडुब्बी और इसके जांबाज चालक दल को पारंपरिक समारोह सलामी दी। इसके साथ ही, आसमान में पाकिस्तानी नौसेना ने हेलीकॉप्टरों ने शानदार फ्लाई-पास्ट कर इस पनडुब्बी का स्वागत किया।

भारत की तात्कालिक जरूरतों को पूरा कर सकता है एसयू-57

## एसयू 57 जेट: भारत के लिए गेमचेंजर हो सकता है सुखोई-57

एजेंसी ▶▶ मॉस्को



रूस ने एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान के नए 2 सीट वाले वेरिएंट का ऑफर भी भारत को दे दिया है। पिछले हफ्ते रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि रूस भारत के साथ पांचवी पीढ़ी के इस विमान का उत्पादन करना चाहता है और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के लिए तैयार है। रूस यूएस-57 को एक समाधान के तौर पर भले ही पेश कर रहा है लेकिन इसके प्रोडक्शन से जुड़ी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर सकती है। इस महीने सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस के एसयू-57 पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर के लिए बिना किसी रोक-टोक के जॉइंट प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का अपना प्रस्ताव फिर से दोहराया।

दीक्षांत समारोह में विक्रम मिसरी ने छात्रों को डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया

## 12 देशों के 46 विद्यार्थियों ने आईआईटी मद्रास से ली डिग्री, अमेरिका-सोमालिया, सूडान के छात्र शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




एक ओर जहां बड़ी संख्या में भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाते हैं, वहीं अब वैश्विक स्तर पर भारतीय शिक्षा का मान बढ़ रहा है। नेपाल, अमेरिका, सोमालिया, अफगानिस्तान, सूडान, युगांडा, तंजानिया और कैमरून समेत 12 देशों के 46 छात्रों ने आईआईटी मद्रास से एमटेक, एमए और एमएससी की डिग्री हासिल कर भारतीय शिक्षा प्रणाली पर अपना भरोसा जताया है। आईआईटी मद्रास में आयोजित विशेष दीक्षांत समारोह में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इन छात्रों को डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया। छात्रों के अभिभावक भी उपस्थित थे। विदेश सचिव ने तकनीक के बदलते स्वरूप पर जोर देते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में बदलाव की गति अत्यंत तीव्र है। उन्होंने बंगलूरू की तरह ही लागोस, अक्रा और काहिरा जैसे शहरों को उभरते हुए स्टार्टअप हब बताया। भारतीय उच्च शिक्षा की वैश्विक स्वीकार्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस सत्र में भारत के पहले विदेशी कैंपस आईआईटी जांजीबार से चार छात्र ग्रेजुएट हो रहे हैं। 17 देशों के लगभग 150 अंतरराष्ट्रीय छात्र पोस्ट-ग्रेजुएशन और पीएचडी पाठ्यक्रमों के लिए चयनित किए गए हैं, जो वैश्विक पटल पर भारत की शैक्षणिक साख को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

नेत्र से बढ़ेगी वायु सेना की ताकत, अब दुश्मनों की खैर नहीं

## भारत की तीसरी आंख को 25 जून को मिलेगा फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेंस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की स्वदेशी हवाई निगरानी और टोही क्षमताओं के क्षेत्र में 25 जून को एक नया और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओ आगामी 25 जून को बेंगलुरु स्थित सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स में स्वदेशी हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली- नेत्र के लिए फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेंस की घोषणा करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

यह घोषणा भारतीय वायु सेना के लिए विकसित किए गए इस स्वदेशी रणनीतिक प्लेटफॉर्म के विकास, परीक्षण और परिचालन साइकिल की सफल समाप्ति का प्रतीक है। मिलने का सीधा मतलब यह है कि यह सिस्टम अब युद्ध या किसी भी सैन्य संकट के दौरान पूर्ण पैमाने पर मोर्चे पर तैनात होने के लिए पूरी तरह तैयार और प्रमाणित हो चुका है।



### आसमान में भारत की तीसरी आंख और इसकी मारक क्षमताएं

*डीआरडीओ द्वारा विकसित नेत्र सिस्टम को आसान भाषा में आसमान में उड़ता हुआ बेहद आधुनिक रडार और कमांड सेंटर कहा जा सकता है। यह अत्याधुनिक सर्विलांस सेंसर ब्राजीलियाई एम्ब्रेयर विमान पर फिट किए गए हैं। इस सिस्टम का मुख्य काम भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले दुश्मन के लड़ाकू विमानों, ड्रोनों, मिसाइलों और यहां तक कि समुद्री सतह पर मंडराने वाले खतरों की बहुत पहले ही टोह लेना और अर्ली वॉर्निंग जारी करना है।*

भारत ने अपने पड़ोसी देश को संकट से उबारने की फिर से एक बड़ी पहल की है। अरब सागर में स्थित आइलैंड देश को बड़ी संख्या में मीजल्स वैक्सीन और अन्य मेडिकल सामग्री की जरूरत पड़ी और भारत ने तुरंत यह सहायता पहुंचा दी

भारत ने पहुंचाई तुरंत सहायता, भारत बना भरोसेमंद फर्स्ट रेस्पॉन्डर

## संकट के समय फिर पड़ोसी के साथ खड़ा हुआ भारत, गंभीर बीमारी से जूझ रहा है आइलैंड देश, कभी कहा था इंडिया ऑउट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




भारत ने संकट के वक्त में अपने निकट पड़ोसी मालदीव की ओर फिर से मदद का हाथ बढ़ाया है। अरब सागर में स्थित यह आइलैंड देश अभी मीजल्स खसरा संक्रमण के संकट से जुझ रहा है, जिससे निपटने के लिए गुरुवार को भारत ने मीजल्स वैक्सीन की 20,000 डोज भेजी। भारत ने इसके अलावा माले की सरकार की सहायता के लिए अलग से तीन टन अतिरिक्त मेडिकल सप्लाई भी भेजी है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार समय पर भेजी गई सहायता से मालदीव को खसरे के बढ़ते मामलों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

**भारत से घनिष्ठ समन्वय दर्शाता है:** मालदीव के विदेश मंत्रालय ने भारत से समय पर पहुंची मदद की सोशल मीडिया के माध्यम से तुरंत ही सराहना की।

### कभी चल चुका है इंडिया-ऑउट अभियान

### यह वही मालदीव है, जहां पहले भारत-विरोधी अभियान भी चला था

- मालदीव के नेता मोहम्मद मुइज्जू ने चीन के प्रभाव में आकर इंडिया आउट अभियान चलाने से भी परहेज नहीं किया था।
- मुइज्जू से पहले मालदीव में भारत-विरोधी भावना का बीज पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन बोकर गए।
- लेकिन, इंडिया आउट अभियान के कुछ ही समय बाद जब आइलैंड देश के मीठे पानी वाला अकेला प्लांट बैठ गया तो भारत ने घंटों में द्वीप पीने का पानी पहुंचा दिया।
- यही नहीं, मौजूदा पश्चिम एशिया संकट में जब भी माले ने नई दिल्ली की ओर उम्मीद भरी नजरों से देखा है, तो भारत ने कभी मुंह नहीं फेरा है।
- भारत ने मालदीव को तेल और गैस की सप्लाई बनाए रखने में सहायता की हर संभव कोशिश की है।

# 50 साल बाद चांद पर कदम रखेंगे ये जांबाज अंतरिक्ष यात्री

वॉशिंगटन। इंसान एक बार फिर चांद पर कदम रखने के बेहद करीब पहुंच गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपने ऐतिहासिक 'आर्टेमिस-3' मिशन के लिए चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों का ऐलान कर दिया है। यह मिशन चांद की सतह पर इंसानों की वापसी से पहले सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं और डॉकिंग टेस्ट को अंजाम देगा। इस टीम में मिलिट्री एविएशन, स्पेसफ्लाइट, इंजीनियरिंग और मेडिकल रिसर्च के सबसे अनुभवी दिग्गजों को शामिल किया गया है, जिनके कंधों पर पूरी दुनिया की उम्मीदें टिकी हैं।






## क्यों जरूरी है यह मिशन?

आर्टेमिस-3 मिशन के दौरान ये चारों अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी की निचली कक्षा में बेहद कठिन डॉकिंग टेस्ट करेंगे। यह टेस्ट इसलिए जरूरी है, ताकि इसके ठीक बाद होने वाले आर्टेमिस-IV मिशन के जरिए इंसानों को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सुरक्षित उतारा जा सके. यह टीम रेडिएशन, स्पेसक्राफ्ट की परफॉर्मेंस और क्रू ऑपरेशन्स से जुड़ा बेहद कीमती डेटा जुटाएगी। सीधे शब्दों में कहें तो यह मिशन मानव इतिहास के अगले सबसे बड़े अंतरिक्ष अध्याय की नींव रखने जा रहा है।

## आर्टेमिस-3 मिशन क्या है?

आर्टेमिस-3 नासा का एक बेहद महत्वपूर्ण अंतरिक्ष मिशन है। यह मिशन चांद की सतह पर इंसानों की दोबारा वापसी (आर्टेमिस-4 मिशन) से पहले अंतरिक्ष में बेहद जटिल और जरूरी डॉकिंग टेस्ट, रेडिएशन की जांच और स्पेसक्राफ्ट की परफॉर्मेंस का डेटा जुटाएगा. यह इंसानी इतिहास के अगले बड़े अंतरिक्ष सफर की नींव रखेगा।

## कर्नल रैंडी ब्रेसनिक करेंगे मिशन का नेतृत्व

इस बेहद महत्वपूर्ण मिशन का नेतृत्व नासा के अनुभवी अंतरिक्ष यात्री और पूर्व अमेरिकी मरीन कॉर्प्स कर्नल रैंडी ब्रेसनिक करेंगे। रैंडी ब्रेसनिक अंतरिक्ष अभियानों के लिए कोई नए नाम नहीं हैं। वे पहले भी अंतरिक्ष में 149 से ज्यादा दिन बिता चुके हैं। वे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के कमांडर भी रह चुके हैं और कई सफल स्पेस वॉक कर चुके हैं।

## यूरोप के पायलट लूका परमितानो की एंट्री

इस मिशन में पायलट की जिम्मेदारी यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री लूका परमितानो को दी गई है। लूका इटैलियन एयरफोर्स के पूर्व टेस्ट पायलट हैं और इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की कमान संभालने वाले पहले इतालवी नागरिक भी रह चुके हैं। उन्होंने अपने करियर में एक साल से ज्यादा का समय अंतरिक्ष में बिताया है।

## रिकॉर्ड बनाने वाले सर्जन फ्रैंक रूबियो की वापसी

आर्टेमिस-3 के मिशन स्पेशलिस्ट के रूप में फ्रैंक रूबियो को चुना गया है। फ्रैंक अमेरिकी सेना के पूर्व हेलीकॉप्टर पायलट और फ्लाइट सर्जन हैं। उन्होंने अपने पहले ही अंतरिक्ष मिशन में लगातार 371 दिन आईएसएस पर बिताकर इतिहास रच दिया था, जो किसी भी अमेरिकी के लिए सबसे लंबी सिंगल स्पेसफ्लाइट का रिकॉर्ड है।

## नई पीढ़ी के रोबोटिक्स एक्सपर्ट आंद्रे डगलस

इस क्रू में चौथे सदस्य के रूप में आंद्रे डगलस को शामिल किया गया है। आंद्रे इस टीम के सबसे नए सदस्य यानी 'रुकी' हैं और यह उनकी पहली अंतरिक्ष उड़ान होगी। नासा में आने से पहले आंद्रे एक बेहतरीन इंजीनियर और रिसर्चर थे, जो एडवांस्ड सिस्टम्स, रोबोटिक्स और स्पेस टेक्नोलॉजी के एक्सपर्ट माने जाते हैं। वे पहले से ही नासा के चंद्र मिशन की प्लानिंग टीम का हिस्सा रहे हैं और अब खुद अंतरिक्ष जाकर नई पीढ़ी के खोजकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करेंगे।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## हिमाचल महिलाएं हैं सबसे पियक्कड़ ! मर्दों को किया फेल

शिमला। हिमाचल प्रदेश की महिलाएं अब नशे के मामले में पुरुषों को भी पीछे छोड़ती नजर आ रही हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-6 की हालिया रिपोर्ट ने यह चौंकाने वाला खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, 15 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में तंबाकू उत्पादों का सेवन बढ़कर 1.9 प्रतिशत हो गया है। खास बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा 2 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 1 प्रतिशत है।




## बैंक ऑफ इंडिया की बिजनेस प्रमोशन मीट में व्यवसाय वृद्धि पर मंथन

जबलपुर। बैंक ऑफ इंडिया के जबलपुर अंचल में व्यवसाय संवर्धन को लेकर बिजनेस प्रमोशन मीट-2026 का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एफजीएमओ भोपाल के फील्ड महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव ने की, जबकि अंचलिक प्रबंधक रमेश कुमार ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। बैठक में अंचल की सभी 52 शाखाओं के शाखा प्रमुखों ने भाग लिया। इस दौरान पिछले वित्तीय वर्ष के व्यवसाय की समीक्षा की गई तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में व्यवसाय वृद्धि के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। फील्ड महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव ने विभिन्न व्यावसायिक मदों में शाखाओं की प्रगति का आकलन करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों एवं प्रोसेसिंग सेंटरों के प्रमुख भी उपस्थित रहे और शाखाओं की व्यावसायिक वृद्धि में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उप-अंचलिक प्रबंधक संतोष सहाय ने ग्राहक सेवा को और बेहतर बनाने पर जोर देते हुए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## पश्चिम मध्य रेल

### निविदा आमंत्रण सूचना , वाणिज्य विभाग, जबलपुर मंडल

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है । कार्य का प्रकार : खानपान, कैटलॉग क्र. : JBP-C-Catg-26-4, ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय : 23/06/2026, 11:00 hrs

GMU Catering units

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिट क्र. | ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| करेली | Catg-JBP-KY-GMU-300-25-1 | KY-CS-6 | 23.06.2026 11:30 hrs |
| करेली | Catg-JBP-KY-GMU-299-25-1 | KY-CS-4 | 23.06.2026 11:40 hrs |
| खुरई | Catg-JBP-KYE-GMU-306-26-1 | KYE-CS-5 | 23.06.2026 11:50 hrs |
| जैतवारा | Catg-JBP-JTW-GMU-14-25-1 | JTW-CS-5 | 23.06.2026 12:00 hrs |

SMU Catering units

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिट क्र. | ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| जबलपुर | Catg-JBP-JBP-SMU-200-25-2 | JBP-CS-20 (SC Women) | 23.06.2026 12:10 hrs |
| जबलपुर | Catg-JBP-JBP-SMU-1-25-2 | JBP-CS-16 | 23.06.2026 12:20 hrs |
| कटनी | Catg-JBP-KTE-SMU-221-25-2 | KTE-CS-14 (SC Women) | 23.06.2026 12:30 hrs |
| कटनी | Catg-JBP-KTE-SMU-198-25-2 | KTE-CS-10 (OBC) | 23.06.2026 12:40 hrs |
| बांदकपुर | Catg-JBP-BNU-SMU-303-26-1 | BNU-CS-5 | 23.06.2026 12:50 hrs |
| सागर | Catg-JBP-SGO-SMU-190-26-1 | SGO-CS-6 | 23.06.2026 13:00 hrs |
| खुरई | Catg-JBP-KYE-SMU-309-26-1 | KYE-CS-2 | 23.06.2026 13:10 hrs |
| बीना मालखेड़ी | Catg-JBP-MAKR-SMU-244-26-2 | MAKR-CS-1 | 23.06.2026 13:20 hrs |

संभावित बोली दाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट–वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई–बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

हस्ता.
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग कवर्धा वनमंडल, कवर्धा (छत्तीसगढ़)

### नीलाम की संक्षिप्त सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत काष्ठागार चिल्फी में एकत्रित ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-आक्शन में भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / काष्ठागार चिल्फी से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 22.06.2026 समय - 2:00 बजे दोपहर से

वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है

| प्रजाति | नया काष्ठ | | | अनबिके काष्ठ | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंग़री | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| साल | 264.792 | - | 55 | 558.790 | - | 205 | 823.582 | - | 260 |
| बीजा | 15.467 | - | 5 | 11.351 | 4 | 5 | 26.818 | 4 | 10 |
| साजा | - | - | - | 19.919 | - | 23 | 19.919 | - | 23 |
| तिंसा | - | - | - | 2.866 | - | 11 | 2.866 | - | 11 |
| हू.मु. | - | - | - | 1.309 | - | - | 1.309 | - | - |
| धावड़ा | - | - | - | 19.267 | - | 14 | 19.267 | - | 14 |
| कसही | - | - | - | 41.332 | 5 | 88 | 41.332 | 5 | 88 |
| अन्य | - | - | - | 1.948 | - | - | 1.948 | - | - |
| योग :- | 280.259 | - | 60 | 656.782 | 9 | 346 | 937.041 | 09 | 406 |

टीप :- (1) क्रेताओ को ई-आक्शन के पूर्व MSTC E-Auction portal में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।(2) क्रेताओं को ई-आक्शन के पूर्व कय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है ।(3) लाट की थप्पीसूची एवं फोटो MSTC E-Auction portal में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देखें सकते है ।(4) ई-आक्शन में लॉट क्रय करने हेतु प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं को क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा ।(5) प्रत्येक लॉट 30 सेकंड की अवधि के लिए बोली लगाने के लिए लाइव रहेगा। यदि अंतिम 20 सेकंड में कोई बोली प्राप्त नही होती है तो लॉट बंद कर दिया जायेगा ।

262701393/2
वन मंडलाधिकारी, कवर्धा, वनमण्डल कवर्धा

## राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
## NATIONAL SEEDS CORPORATION LTD.

(भारत सरकार का उपक्रम–मिनी रत्न कम्पनी)
कॉरपोरेट पहचान संख्या (CIN): U74899DL1963GO1003913
क्षेत्रीय कार्यालय : ब्लॉक–एक्यू, प्लॉट–12, सेक्टर–5, सॉल्ट लेक, कोलकाता–700091
फोन: 033-2367-1077 / 74, ई–मेल : nsc.kolkata.ro@gmail.com

### सूचना / NOTICE

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) द्वारा प्रमाणित श्रेणी के प्याज बीज की किस्म एग्री फाउंड डार्क रेड (AFDR) के 150 क्विंटल ताज़ा तैयार उत्पाद की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन ई-निविदा सूचना अधिकतम 19.06.2026 को 14:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। आपूर्ति एक्स-गोदाम (Ex-Godown) एवं एफ.ओ.आर.(F.O.R) आधार पर की जानी है, जिसमें बीज की डिलीवरी गुवाहाटी (असम) तथा साल्ट लेक, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) गंतव्यों पर की जाएगी। समस्त पैकिंग सामग्री की व्यवस्था/उपलब्धता निविदादाता/आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वयं की जाएगी। विस्तृत विवरण के लिये निविदा सूचना के अन्तर्गत निगम की वेबसाइट www.indiaseeds.com देखें। शुद्धीपत्र / परिशिष्ट केवल निगम की वैबसाइट पर प्रकाशित होगी ।

National Seeds Corporation Ltd., (NSC), Regional Office, Kolkata (WB) invites Short term e-Tender Notice for supply of 150 qtls of fresh finished product of certified category Onion Seed, variety Agri Found Dark Red (AFDR), on Ex-Godown and F.O.R. basis (delivery to Guwahati, Assam and Salt Lake, Kolkata, West Bengal destinations), when all packing materials will be arranged / provided by the Tenderer/Supplier latest by 19.06.2026 by 14:30 hrs. For details, please visit the Tender Section of Corporation's website www.indiaseeds.com. Corrigendum / Addendum will be published only on the NSC's website.

S/D क्षेत्रीय प्रबंधक, राष्ट्रीय बीज निगम, कोलकाता

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## यूको बैंक UCO BANK

(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
अंचल कार्यालय : भोपाल
ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8 (6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

### अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ जो **यूको बैंक, संबंधित शाखा** प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **कब्जा यूको बैंक, संबंधित शाखा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर निम्न वर्णित ऋणियों से **यूको बैंक, अरेरा कालोनी शाखा** प्रतिभूत लेनदार **दिनांक 29.06.2026** को बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 29.06.2026 को सुबह 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक**
(भारतीय समयानुसार) बीच 10 मिनिट प्रत्येक असीमित विस्तार के साथ
**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 28.06.2026 शाम 4.30 बजे तक**

| ऋणी एवं जमानतदारों के नाम | मांग सूचना दि. / कब्जा दिनांक / वर्तमान बकाया राशि | बंधक संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड़ बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| जवाहरगंज शाखा, जबलपुर फोन : 0761-2406626, 9827254537, E-mail : jabalp@ucobank.co.in | | | |
| ऋणी : **श्री गोविंद प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व. श्री कन्छेदीलाल गुप्ता मेसर्स गोविंद प्रसाद गुप्ता के सोल प्रोपराइटर** जमानतदार: **श्रीमती उर्मिला गुप्ता पत्नि श्री गोविंद प्रसाद गुप्ता** | 05-10-2021 / 31-12-2021 / ₹ 1,54,66,718.72 +अप्रभारित ब्याज एवं अन्य खर्चे | एक मंजिला व्यावसायिक परिसर (गोडाउन) स्थित एनबी नं. 264, खसरा नं. 285 और 290, टीचर्स कॉलोनी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड, तहसील और जिला जबलपुर (म.प्र.) क्षेत्रफल - 2000 वर्गफुट, संपत्ति मालिक- श्री गोविंद प्रसाद गुप्ता (विलेख के अनुसार चर्तुसीमाएँ) उत्तर-नरेश बाजपेयी का मकान, दक्षिण- आर. एन.रिछारिया का मकान, पूर्व- नरेश बाजपेयी का मकान, पश्चिम- लेन **भौतिक कब्जा** | ₹ 51,00,000/- / ₹ 5,10,000/- / ₹ 10,000/- |

**बिक्री की विस्तृत नियम एवं शर्तो के लिए कृपया दिए गए लिंक https://baanknet.com देखें।**

उधारकर्ताओं / जमानतदारों को एतद् द्वारा नीलामी की दिनांक के पूर्व उपरोक्त राशि का भुगतान बैंक को करने हेतु सूचित किया जाता है अन्यथा उपरोक्त वर्णित संपत्ति की ई-नीलामी कर दिया जावेगा तथा शेष राशि ब्याज एवं अन्य खर्चो सहित उनसे वसूल की जावेगी। यह प्रकाशन सरफेसी अधिनियम के अन्तर्गत 30 दिवसीय वैधानिक सूचना भी है।

**नियम एवं शर्ते :**

1. ई-नीलामी "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है आधार" और "बिना किसी दायित्व के" के आधार पर ऑनलाइन आयोजित की जा रही है। बैंक संपत्ति को एक लॉट में या अलग से बिक्री का अधिकार सुरक्षित रखता है। नीलामी सर्विस प्रदाता (पीएसबी एलायंस के) वेबपोर्टल https:// baanknet.com पर आयोजित की जाएगी।
2. इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा जमा करने से पूर्व संपत्ति से संबंधित कोई भार (इन्कम्ब्रेन्स), संपत्ति का स्वत्वाधिकार, दावे, देयताएं आदि जो किसी भी प्रकार से संपत्ति को प्रभावित करते हो, के विषय में स्वतंत्र निरीक्षण एवं जानकारी बोली लगाने से पूर्व स्वतः प्राप्त करें। ई-नीलामी विज्ञप्ति बैंक की प्रतिबद्धता अथवा प्रतिनिधित्व निर्धारित नहीं करता है। संपत्तियां समस्त मौजूदा एवं आगामी भार, चाहे वे ज्ञात हो या अज्ञात, के साथ विक्रय की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी / सिक्योर्ड क्रेडिटर संपत्ति पर किसी तीसरे पक्ष के दावे/अधिकार/ देयता/भार के लिए जिम्मेदार नहीं होगा ।
3. **इच्छुक बोलीदाताओं की यह जिम्मेदारी होगी कि वे बोली जमा करने से पहले संपत्ति/आयटम का निरीक्षण करें एवं संपत्तियों के संबंध में स्वयं संतुष्ट हों। इच्छुक बोलीदाता/खरीदार 25.06.2026 से 28.06.2026 के पहले दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे के बीच ई-नीलामी में रखी गई संपत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं।**
4. क्रेता को लागू स्टांप शुल्क/अतिरिक्त स्टांप शुल्क/हस्तांतरण शुल्क, शुल्क आदि और किसी के भी बकाया सभी वैधानिक/गैर-सांविधिक बकाया, कर, दरें, मूल्यांकन शुल्क, आदि वहन करना होगा।
5. प्राधिकृत अधिकारी/बैंक उच्चतम प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और उसे बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर ई- नीलामी में प्राप्त किसी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार करने या अस्वीकार करने या ई-नीलामी को स्थगित/आगे बड़ाने/रद्द करने या किसी संपत्ति या उसके हिस्से को वापस लेने का पूर्ण अधिकार है।
6. बिक्री प्रमाणपत्र केवल क्रेता/आवेदक के नाम पर जारी किया जाएगा एवं किसी अन्य नाम पर जारी नहीं किया जायेगा ।
7. बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। विवाद की स्थिति में अंग्रेजी शब्द में लिखित अखबार को मान्य किया जायेगा।

नोटः अधिक विवरण हेतु सम्पर्क करें: 9589864148 / 9455001818
तारीख : 11.06.2026
स्थानः भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी
यूको बैंक

## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

### // द्वितीय निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाईन निवदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO- 294 Date- 12/06/2026 2026_UAD_ 514950_1 | संभाग क्रमांक -06 अंतर्गत डॉ राममनोहर लोहिया वार्ड अंतर्गत त्रिमूर्ती नगर गली नम्बर 04 में मुख्य मार्ग से प्रेमशंकर तिवारी के निवास तक एम-30 सी.सी सड़क निर्माण (महापौर -अनुशंसा) | 03 माह 16.11/- लाख | 2000/- 11334/- | 30/06/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
जबलपुर

## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी जिला कटनी (म.प्र.)

महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्रमांक 26, मिशन चौक के पास कटनी (म.प्र.) पिन कोड 483501

क्रमांक /821/लो.नि.वि. /निर्माण/ 2026 कटनी दिनांक:- 04/06/2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंन्दीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_ 513283_1 | जगमोहन दास वार्ड क्रमांक 11 में स्थित संतनगर चौराहे से कृष्णा मेडिकल तक नाला मरम्मत कार्य। | 60 दिवस 7,20,639/- | 2,000/- 7,206/- | 22/06/2026 |
| 2 | 2026_UAD_ 513283_2 | जगमोहन दास वार्ड क्रमांक 11 में स्थित गोवर्धन कालोनी एवं कटनी पब्लिक स्कूल के प ास दो नग आ.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य। | 60 दिवस 5,21,838/- | 2,000/- 5,218/- | 22/06/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगरपालिक निगम, कटनी

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान मिलेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई–बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

**मीन** — शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6255



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

### शब्द पहेली - 6254 का हल



## सूडोकु नवताल - 6265

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6264 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

MANGAL SEMADHA BANGALORE




## अल्फा का नया पोस्टर हुआ जारी, आलिया संग नजर आए शरवरी-बॉबी और अनिल

**मुंबई।** फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज होने के ठीक एक दिन बाद, आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस नए पोस्टर में आलिया के अलावा शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावेल कर रहे हैं। बुधवार को फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया गया था। टीजर की शुरुआत में आलिया भट्ट और बॉबी देओल एक साथ खाना खाते हुए दिखते हैं। बॉबी देओल, आलिया को उनके 18वें जन्मदिन की बधाई देते हैं और उन्हें एक कमरे का नंबर लिखा हुआ कार्ड देते हैं। बॉबी कहते हैं कि अब ट्रेनिंग को सच में आजमाने का समय आ गया है। इसके बाद फिल्म के कुछ शानदार एक्शन सीन दिखाए जाते हैं। टीजर से पता चलता है कि बॉबी देओल ने आलिया को एक खतरनाक एजेंट बनने के लिए कई साल तक ट्रेनिंग दी है।

लाइफ Style



## भूमि
## सशस्त्र बलों के प्रति जताया आभार

सिक्किम सीमा के दौरे के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति अपना गहरा आभार जताया है। इस दौरान भूमि ने सीमा का दौरा किया और साथ ही सैनिकों से बातचीत भी की। भूमि पेडनेकर सिक्किम की तीन दिवसीय यात्रा पर गई थीं। इस दौरान उन्होंने भारत की सीमा का दौरा किया और वहां तैनात सैनिकों से मुलाकात की।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भूमि ने बताया कि वह खुद को हमेशा से एक सच्ची देशभक्त मानती हैं। सीमा पर जाकर उन्हें अहसास हुआ कि हमारे सैनिक देश के लिए कितना बड़ा बलिदान देते हैं। सैनिकों से बात करके वह खुद को उनका कर्जदार महसूस कर रही हैं। भूमि ने बताया कि सीमा पर बेहद ठंड थी, लेकिन वहां का नजारा बहुत खूबसूरत था। भूमि ने उस क्षेत्र के इतिहास को भी समझा और कहा कि देश की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर उन्हें बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए हम आम नागरिक उतना योगदान नहीं दे पाते, जितना हमें देना चाहिए। भूमि ने साल 2015 में फिल्म 'दम लगाके हईशा' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके काम की जमकर तारीफ हुई। इसके बाद उन्होंने टॉयलेट एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान, बाला, पति पत्नी और वो, सांड की आंख, बधाई दो और भक्षक जैसी कई बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज दलदल में काम किया है। अभिनय में आने से पहले भूमि ने यश राज फिल्म्स में लगभग छह साल तक सहायक कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में काम किया था। भूमि को आखिरी बार क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज दलदल में देखा गया था, जो 30 जनवरी, 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज में भूमि ने मुंबई क्राइम ब्रांच की डीसीपी रीता फरेरा का मुख्य किरदार निभाया है।

## हॉलीवुड मसाला



## ऑब्सेशन ने खर्च से 300 गुना से ज्यादा की कमाई

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों 'ऑब्सेशन' नामक ऐसा तूफान आया है, जिसकी चर्चा बड़े-बड़े फिल्म स्टूडियोज और सुपरस्टार्स के बीच हो रही है। दर्शकों के लिए भले ही यह मनोरंजन है मगर मात्र 6.3 करोड़ रुपए में बनी इस फिल्म ने रिलीज के महज चार सप्ताह में 1,900 करोड़ रुपए की वैश्विक कमाई कर ली है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जब 'ऑब्सेशन' को दिखाया गया था, तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह इतिहास रच देगी। इस फिल्म ने अब तक के फिल्म फेस्टिवल इतिहास की सबसे बड़ी 'एक्विजिशन' ( फेस्टिवल के दौरान किसी बड़ी कंपनी द्वारा खरीदे जाने के बाद बंपर कमाई करने वाली फिल्म) बनने का गौरव हासिल कर लिया है। इस मामले में इसने दिग्गज डाक्युमेंट्री फिल्म 'फारेनहाइट 9/11' का सालों पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।



## टेलर होंगी सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम क्लब का हिस्सा

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनियाभर में हैं। इस पॉप सिंगर ने हाल ही में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। गुरुवार को उन्हें प्रतिष्ठित 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया। इसके साथ ही सिंगर इस क्लब में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन चुकी हैं। सिंगर टेलर स्विफ्ट ने महज 36 साल की उम्र में यह सफलता प्राप्त की है। मशहूर सिंगर और म्यूजिशियन के क्लब 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में उनकी एंट्री हो गई है। सबसे खास बात यह है कि वो इस क्लब की सबसे कम उम्र की मेंबर हैं। उन्होंने कैरोल बायर सिंगर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1987 में कैरोल हॉल ऑफ फेम का हिस्सा बनीं, उस वक्त उनकी उम्र 43 साल थीं। 'सॉन्गराइटर्स हॉल ऑफ फेम' में सिर्फ मशहूर गायकों और संगीतकारों को शामिल किया जाता है। 1983 में अमेरिकन सिंगर और म्यूजिशियन स्टीवी वंडर इस क्लब का हिस्सा बने थे। तब वह महज 32 साल के थे। क्लब के अब तक के इतिहास में वह सबसे कम उम्र के सेलिब्रिटी हैं। इस क्लब में शामिल होने के लिए हस्तियों की उम्र लगभग 50 साल या उससे ऊपर होनी चाहिए।



## नर्स बनकर कंगना के साहस ने जीता दिल

**मुबई।** कंगना रनौत की फिल्म भाग्य विधाता रिलीज हो गई है। इसमें कंगना ने एक नर्स का किरदार निभाया है। इसके अलावा फिल्म 26/11 हमले पर आधारित है। इस मुद्दे पर वैसे तो कई फिल्में बनी हैं, लेकिन डायरेक्टर मनोज तपाड़िया की फिल्म इसमें एक ऐसा एंगल लेकर आई हैं, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि जब आतंकवादी उस दौरान एक अस्पताल में घुस गए थे तब क्या हुआ था। इसमें कंगना का किरदार रियल लाइफ नर्स अंजलि कुल्ते पर आधारित है, जिनके साहस और उनके साथ जो नर्स थीं उनकी मदद से उन्होंने 400 लोगों की जिंदगी को बचाया था। कंगना ने अपना किरदार बखूबी निभाया है। उनकी परफॉर्मेंस इतनी क्लीन थी कि नर्स का मरीजों के साथ जो बॉन्ड दिखता है वो काफी साफ और इमोशनली कनेक्ट करता है।




## ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया जा चुका है। 'भठकंडी' नाम के एक काल्पनिक गांव पर बेस्ड यह सीरीज ह्यूमर के जरिए देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवा की कड़वी सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश करती दिख रही है। इस ट्रेलर में अमोल पाराशर एक बार फिर डॉक्टर के किरदार में गांव के ढर्रों से जूझते दिख रहे हैं। वह चाहते हैं कि भठकंडी के हेल्थ सेंटर को किसी तरह से बचाया जा सके और इसी के साथ वो एक आदर्श पीएचसी का खिताब भी पाना चाहते हैं। डॉक्टर प्रभात गांववालों को चिकित्सालय बुलाने के लिए नई-नई तरकीब लगानेवाले हैं, लेकिन अब देखना ये है कि वे कितना सफल होते हैं। हालांकि, ये सब इतना आसान नहीं। इस ट्रेलर की शुरुआत डॉक्टर के सामने ऐसे पेशेंट से होती है, जिसे सुनकर शायद किसी को भी उल्टी आ जाए।

## टीवी मसाला




## दिव्यांका ने दिखाई जुड़वां बेटों की झलक, कहा शुक्रिया

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी ने आखिरकार अपने जुड़वां बेटों की पहली झलक शेयर की है और फैंस इन प्यारी तस्वीरों को बार-बार देख रहे हैं। एक्ट्रेस ने 25 मई को अपने पति विवेक दहिया के साथ अपने बेटों का स्वागत किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्यारी तस्वीरें पोस्ट करके अपने फॉलोअर्स को एक मां के तौर पर अपनी नई जिंदगी की एक प्यारी सी झलक दिखाई है। इन तस्वीरों में मां बनने के शुरुआती दिनों के कुछ सबसे खास पल कैद हैं। तस्वीरों में दिव्यांका त्रिपाठी अपने नवजात बेटों को गले लगाए और उन्हें प्यार से चूमती हुई नजर आ रही हैं। ये तस्वीरें उस खुशी और प्यार को दिखाती हैं जो जुड़वां बच्चों के आने के बाद से ही इस कपल के घर में भर गया है। तस्वीरों के साथ दिव्यांका ने एक सादा लेकिन दिल को छू लेने वाला मैसेज भी शेयर किया। उन्हें मां बनाने के लिए अपने बेटों का शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने लिखा, 'मुझे चुनने के लिए धन्यवाद'। उनके इस दिल से निकले मैसेज ने तुरंत ही फैंस का दिल जीत लिया और कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में परिवार के लिए प्यार और दुआओं की बौछार कर दी। 'ये है मोहब्बतें' में इशिता भल्ला के किरदार से घर-घर में मशहूर हुईं इस एक्ट्रेस को फैंस अक्सर प्यार से 'इशी मां' कहकर बुलाते हैं। अब वह असल जिंदगी में भी मां बन गई हैं, और उनके कई फॉलोअर्स उन्हें इस नए रोल में देखकर बहुत खुश हैं।

### 'टीवी शो और फिल्मों में आए थे नजर'

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई चर्चित हिंदी फिल्मों और टीवी शोज में अभिनेता दिनयार तीरंदाज नजर आए थे। यह कलाकार अब हमारे बीच नहीं हैं। इनके निधन की खबर से फिल्म जगत के कलाकारों और प्रशसंकों के बीच शोक लहर दौड़ पड़ी है। इस दिग्गज अभिनेता के निधन की जानकारी पारसी जोरोसट्रियन फेसबुक पेज के जरिए साझा की गई है। दिनयार तीरंदाज कई दशकों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे। उन्होंने 1984 में रिलीज हुई फिल्म दुनिया से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।



नुक्कड़ और ब्योमकेश बख्शी जैसे हिट टेलीविजन शो में काम किया था। टेलीविजन के अलावा यह दिग्गज अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखाई दिए। हैलो ब्रदर, अलबेला, चलते-चलते, मैंने प्यार क्यों किया, क्या कहना, दिल है के मानता नहीं और कमाल धमाल मालामाल जैसी फिल्मों में दिनयार तीरंदाज ने अभिनय किया था।

## 50 साल बाद चितचोर के कलाकारों का मिलन

**नई दिल्ली।** साल 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' ने दर्शकों को काफी ज्यादा प्रभावित किया था। इसके लगभग पांच दशक बाद अब इस फिल्म के एक्टर्स जरीना वहाब और मास्टर राजू फिर से साथ देखकर फैंस की खुसी का ठिकाना नहीं है। जरीना वहाब ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है जोकि फैंस को काफी ज्यादा आकर्षित कर रही है। तस्वीर में वह मास्टर राजू के साथ मुस्कुराते हुए पोज देती दिख रही हैं। तस्वीर सामने आते ही फैंस को फिर से चर्चित फिल्म 'चितचोर' की याद आ गई। वहाब के प्यार भरे सोशल मीडिया पोस्ट से फैंस को दिखा दिया कि कुछ ऑन-स्क्रीन रिश्ते फिल्म खत्म होने के बाद भी बने रहते हैं।



### क्या है चितचोर की कहानी?

चितचोर का निर्देशन बासु चटर्जी ने किया था। यह सुबोध घोष की बंगाली कहानी चित्तचोर पर आधारित थी। फिल्म में विजयेंद्र घाटगे, अमोल पालेकर, ए.के. हंगल, दीना पाठक, रितु कमल, शैल चतुर्वेदी और सी.एस. दुबे जैसे कलाकार शामिल थे। फिल्म की कहानी एक पिता पर केंद्रित है, जो गलती से गलत दूल्हे को घर ले आता है। इसी दौरान लड़की और उस युवक के बीच प्यार पनपने लगता है। बाद में एक पत्र आने के बाद कहानी में बड़ा मोड़ आता है और कई भावनात्मक घटनाएं सामने आती हैं। मास्टर राजू का असली नाम राजू श्रेष्ठ है। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। अमर प्रेम, बावर्ची, परिचय, दाग, अभिमान, दीवार, चितचोर, किताब और खट्टा मीठा उनकी कुछ यादगार फिल्में हैं।

## इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर होगा बड़ा क्लैश आमने-सामने होंगे बॉबी और सामंथा

**नई दिल्ली।** जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ फिल्मों के चाहने वालों के लिए ये हफ्ता बेहद खास होने वाला है। एक तरफ जहां इस हफ्ते सिनेमाघरों में एक से बढ़कर एक फिल्मों की बाढ़ आई है। वहीं, दूसरी तरफ साउथ की फिल्में इस हफ्ते बवाल काटने के लिए तैयार है। जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तो चलिए बताते हैं कौन-कौन सी फिल्में रिलीज होने वाली हैं।



### बालनः द बॉय

बालनः द बॉय एक ऐसे लड़के की कहानी है जो उथल-पुथल भरे बचपन से जूझ रहा है और अपनी मां के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद समाधान की तलाश में बेताब है। कलाकार- चंदू सलीम कुमार, गणपति, टोविनो थॉमस, निर्देशक चिदंबरम, शैली किशोरावस्था से वयस्कता में परिवर्तन की कहानी, भाषा मलयालम, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### मां इंटी बंगारम

मां इंटी बंगारम एक ऐसी महिला की कहानी है, जो दो साल बाद अपने पति के परिवार से मिलने जाती है, बिना उनका आशीर्वाद लिए। एक आदर्श गृहिणी बनने की कोशिश में उसका अतीत उसके दरवाजे पर दस्तक देता है। फिर जो होता है वो इस फिल्म को और भी दिलचस्प बनाता है। कलाकार-सामंथा रुथ प्रभु , गुलशन देवैया, दिगंत मनचले, गौतमी तडिमल्ला, श्रीमुखी, मंजूषा, श्रीनिवास गविरेड्डी, निर्देशक बी.वी. नंदिनी रेड्डी, शैली एक्शन कॉमेडी, भाषा तेलुगु, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### जना नायकन

जून में थलपति विजय की धमाकेदार फिल्म 'जना नायकन' को लेकर दर्शकोंके बीच काफी क्रेज बना हुआ है। ये फिल्म विजय के 52वें जन्मदिन के सप्ताह में सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है। हालांकि, इसे लेकर ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है लेकिन ये टिकट बुकिंग ऐप्स पर नोटिफाई हो चुकी है। कहानी थलपति वेत्री कोंडन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी दत्तक पुत्री विजी को एक सशक्त और साहसी सेना अधिकारी बनाना चाहते हैं।

## जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी... आज भी सुनकर रो पड़ते हैं लोग
# रफी ने अमिताभ के मरने वाले सीन पर फ्री में गाईं थीं सिर्फ ये 4 लाइनें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं। आज भी इस गाने को बेहद पसंद किया जाता है। बॉलीवुड के लेजेंड्री सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज का जादू आज भी लोगों के सिर पर चढ़कर बोलता है। उनके गानों को हर उम्र के लोग सुनना पसंद करते हैं। मौका कोई भी दर्द का खुशी का या फिर रोमांस का रफी के गाने हर मूड के लिए परफेक्ट हैं। लेकिन, अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं।



### क्लाइमेक्स सीन ने हर, किसी को रुला दिया था

इस पर मोहम्मद रफी ने आनंद जी बात रखी और चार लाइनें गाने के लिए तैयार हो गए। ये गाना था 'जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी / मौत महबूबा है, अपने साथ लेकर जाएगी...'। इस लाइन को गाने के लिए रफी ने कल्याणजी-आनंदजी ने एक पैसा नहीं लिया और अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद इसे फ्री में गाया। रफी की इस बात कल्याणजी-आनंदजी ऐसे कायल हुए कि कहा ये सिर्फ वो ही कर सकते हैं। इस गाने ने रिलीज के बाद हर किसी को रुला दिया और आज भी इसे सुनकर आंखें भर आती हैं।

### 1978 में रिलीज हुई थी 'मुकद्दर का सिकंदर'

हम बात कर रहे हैं अमिताभ बच्चन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' की जो साल 1978 में रिलीज हुई थी। 'मुकद्दर का सिकंदर' अमिताभ के कॅरियर की सफल फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म में का म्यूजिक कल्याणजी-आनंदजी ने तैयार किया था। वहीं, इसके निर्देशक प्रकाश मेहरा का मानना था। इसके गीत अनजान ने लिखे। इस फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार ने गाए थे। इस मूवी के क्लाइमेक्स सीन ने हर किसी को रुला दिया था। क्लाइमेक्स को और भी असरदार बनाने में रफी का बहुत बड़ा रोल था।

### आनंदजी चाहते थे रफी गाएं

दरअसल, हम पहले ही बता चुके हैं कि 'मुकद्दर का सिकंदर' के सारे गानों को किशोर कुमार ने गाया। इसमें फिल्म का टाइटल ट्रैक 'वो मुकद्दर का सिकंदर', 'ओ साथी रे' शामिल है। इस फिल्म के क्लाइमेक्स सीन, जिसमें अमिताभ बच्चन की मौत होती है, उसके लिए कल्याणजी-आनंदजी को सिर्फ चार लाइने चाहिए थे, जिसे वो किशोर कुमार से नहीं बल्कि, मोहम्मद रफी गाएं। आनंदजी जो दर्द चाहते थे इस गाने में उन्हें यकीन था के सिर्फ रफी ही दे सकते हैं।

### किशोर से क्यों नहीं गवा लेते

कल्याणजी-आनंदजी को लेकिन ये बात खाए जा रही थी कि वो मोहम्मद रफी से सिर्फ चार लाइन गाने के लिए कैसे कहें। क्योंकि, उनकी फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार गा रहे थे। हुआ भी कुछ ऐसा ही। हिम्मत करके आनंदजी ने रफी को कॉल करके अपनी बात बताई कि वो चाहते हैं कि आप उनकी फिल्म के लिए सिर्फ चार लाइनें गा दें। रफी ने कहा कि क्यों, किशोर से क्यों नहीं गवा लेते, वो तो सारे गाने गा रहे हैं। इस पर आनंद जी ने कहा कि नहीं, जो दर्द और फील हम उस लाइन में चाहते है वो आप ही दे सकते हैं।



# बीओम ने दागा शानदार गोल, दक्षिण कोरिया ने चेक गणराज्य को हराया

एजेंसी ▸▸| गुआडालाजारा

ह्वांग इन-बीओम ने एक गोल किया और एक अन्य गोल में मदद की, जिससे दक्षिण कोरिया ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विश्व कप फुटबॉल के दूसरे मैच में चेक गणराज्य को 2-1 से हरा दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और मैदान से बाहर जाते समय दर्शकों ने उनकी हूटिंग की। इसके बाद चेक गणराज्य ने 59वें मिनट में कप्तान लादिस्लाव क्रेजी के हेडर से किए गए शानदार गोल से बढ़त हासिल कर ली। यह गोल पेनल्टी एरिया में एक लंबी थ्रो-इन के बाद हुआ।

दक्षिण कोरिया ने 67वें मिनट में बराबरी कर ली, जब ह्वांग ने दो खिलाड़ियों को चकमा देने के लिए शॉट मारने का नाटक किया और गोल दाग दिया। इसके बाद उन्होंने दाहिनी ओर से क्रॉस पास दिया, जिस पर ओह ह्योन-ग्यू ने 80वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। यह मैच ग्वाडालाजारा स्टेडियम में खेला गया जहां सैकड़ों सीट खाली पड़ी थी। मैच खत्म होने के बाद दक्षिण कोरियाई टीम ने गोलपोस्ट के पीछे खड़े होकर अपने प्रशंसकों के साथ जश्न मनाया।



# विश्व कप से बाहर हुए एंडो ने की संन्यास की घोषणा

एजेंसी ▸▸| टोकियो

जापान के कप्तान वतारू एंडो पांव में चोट के कारण विश्व कप से बाहर हो गए हैं, जिसके बाद लिवरपूल की तरफ से खेलने वाले इस मिडफील्डर ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी। जापान को विश्व कप के ग्रुप एफ में अपना पहला मैच नीदरलैंड के खिलाफ खेलना है लेकिन इससे पहले 33 वर्षीय एंडो ने अपने एक्स अकाउंट पर जापानी भाषा में टूर्नामेंट से हटने का अपना फैसला सुनाया। जापान की टीम टेनेसी के नैशविले में अभ्यास कर रही है। फरवरी में अपने बाएं पैर की सर्जरी कराने वाले एंडो ने कहा, 'चोट लगने के बाद से अब तक मैंने अपनी तरफ से हर संभव कोशिश की है और मुझे कोई पछतावा नहीं है। मैं अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से भी संन्यास ले रहा हूं।'' एंडो ने 31 मई को तोक्यो में आइसलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में वापसी की थी लेकिन वह हाफटाइम के बाद मैदान पर वापस नहीं लौटे थे। जापान की टीम के निदेशक मसाकुनी यामामोटो ने बताया कि डिफेंडर को इटाकुरा को नया कप्तान बनाया गया है, जबकि फॉरवर्ड शुटो माचिनो को एंडो की जगह टीम में शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप



### द. अफ्रीका क्रिकेट के लिए बेकरार : स्टेन

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने एसए20 लीग की सफलता में आईपीएल और दक्षिण अफ्रीका की इस टी20 लीग के बीच तालमेल को बड़ा पहलू बताते हुए कहा कि एसए20 ने उनके देश में दर्शकों को फिर स्टेडियम में लौटाया है। पहले चार सत्रों में एसए 20 काफी कामयाब रही है और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका को पांचवें सत्र में भी यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। स्टेन ने एसए 20 के पांचवें सत्र से कहा,' दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए बेकरार है। कोरोना काल में दक्षिण अफ्रीका भी खेल से दूर हो गया था। स्थानीय खेलों पर उसकी बड़ी गाज गिरी। एसए 20 कमिश्नर ग्रीम स्मिथ और लीग ने क्रिकेट को देश में लौटाया है।' स्ट्रेन ने कहा,' लोग क्रिकेट देखने को उतावले थे और हमने दर्शकों को वह दिया। उन्होंने इसे हाथोंहाथ लिया और एसए20 ने भी निराश नहीं किया। लोग बड़ी तादाद में अपनी टीमों का समर्थन करने स्टेडियम आ रहे हैं।'

### बेंगलुरु में 3 सितंबर से ग्लोबल शतरंज लीग




**नई दिल्ली।** ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) का चौथा सत्र 3 सितंबर से बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। लीग आयोजकों ने इसकी घोषणा की। टेक महिंद्रा और शतरंज की वैश्विक संचालक फिडे की संयुक्त पहल के रूप में शुरू हुई ग्लोबल शतरंज लीग ने शतरंज के पारंपरिक प्रारुप में कई नए बदलाव किए हैं। इसमें फ्रेंचाइजी आधारित टीमें, मिश्रित (पुरुष और महिला) टीम संयोजन तथा तेज गति वाले मुकाबलों का प्रारुप शामिल है। चौथे सत्र में भी दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी टीम आधारित प्रारुप में खिताब के लिए मुकाबला करते नजर आएंगे। ग्लोबल शतरंज लीग के आयुक्त गौरव रक्षित ने कहा, ग्लोबल शतरंज लीग की स्थापना शतरंज को वास्तव में एक वैश्विक दर्शक खेल बनाने के उद्देश्य से की गई थी।

### स्कॉटलैंड विश्वकप टीम में शामिल हुईं हन्ना रेनी



**नई दिल्ली।** स्कॉटलैंड को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की शुरुआत से ठीक पहले अपनी टीम में बदलाव करना पड़ा है। चोटिल लेग-स्पिनर अबताहा मकसूद की जगह स्कॉटलैंड ने हन्ना रेनी को टीम में शामिल किया है। इस बदलाव को आईसीसी की आधिकारिक मंजूरी मिल गई है। टूर्नामेंट की इवेंट तकनीकी समिति ने रेनी को शामिल करने की मंजूरी दी। मकसूद को 9 जून को पाकिस्तान के खिलाफ स्कॉटलैंड के वार्म-अप मैच के दौरान मेटाकार्पल फ्रैक्चर हो गया था, जिसके कारण वह बाहर हो गई थीं।

## दोपहर 1.30 बजे से धर्मशाला में गिल और शाहिदी की टीमों में मुकाबला

### अफगानिस्तान के खिलाफ आज से टीम इंडिया का 'मिशन वर्ल्ड कप'

# रोहित की फिटनेस-नीतीश के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

एजेंसी ▸▸| धर्मशाला

भारतीय क्रिकेट टीम अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से अगले साल होने वाले विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी। इस श्रृंखला में जहां रोहित शर्मा की मैच फिटनेस की परीक्षा होगी, वहीं चोटिल हार्दिक पंड्या के बैकअप के रूप में नीतीश कुमार रेड्डी के प्रदर्शन पर भी कड़ी नजर रहेगी।

आईपीएल के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के कारण कुछ मैच नहीं खेल पाने वाले रोहित अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के लिए समय रहते पूरी तरह से फिट हो गए हैं, लेकिन भारतीय टीम और दर्शकों को विराट कोहली की कमी खलेगी, जो मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। भारत अक्टूबर-नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप की तैयारी कर रहा है। ऐसे में इस बात पर संदेह बना हुआ है कि क्या 39 वर्षीय रोहित वनडे विश्व कप तक टीम में बने रहेंगे या नहीं। भले ही उम्र उनके पक्ष में नहीं हो लेकिन वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में सक्षम रहे हैं।



### टीमें इस प्रकार

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा, श्रेयस अय्यर, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, वॉशिंगटन सुंदर, हर्ष दुबे, इशान किशन, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव।

**अफगानिस्तान:** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), सेदिकुल्लाह अटल, रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलिखिल (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह उमरजई, बिलाल सामी, नांगेयालिया खरोती, फरीद अहमद मलिक, एएम गजनफर, मोहम्मद नबी, राशिद खान, दरविश रसूली, इब्राहिम जादरान, जिया उर रहमान शरीफी।

### विश्व कप से पहले भारत खेलेगा 25 वनडे

विश्व कप से पहले भारत को लगभग 25 वनडे मैच खेलने हैं, जिससे टीम को खिलाड़ियों और अलग-अलग संयोजन आजमाने का पर्याप्त मौका मिलेगा। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने तीन वनडे श्रृंखला खेली हैं, जिनमें से दो में उसे हार का सामना करना पड़ा था। मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ मिलकर वह इस रिकॉर्ड में सुधार करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। गिल और रोहित के पारी की शुरुआत करने की उम्मीद है, जबकि कोहली की अनुपस्थिति में तीसरे नंबर पर ईशान किशन और यशस्वी जायसवाल में से किसी एक को उतारा जा सकता है।

### अच्छी फॉर्म में नहीं कुलदीप

टीम में दूसरे ऑलराउंडर ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर हैं। स्पिन गेंदबाजी में कुलदीप यादव दूसरे विकल्प हो सकते हैं लेकिन वह अभी अच्छी फॉर्म में नहीं हैं। कुलदीप ने हालांकि 120 वनडे में 194 विकेट लिए हैं और उनका अनुभव काफी मायने रखता है। अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने वाले बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे टीम में स्पिन गेंदबाजी का एक और विकल्प हैं। दुबे अच्छे बल्लेबाज भी हैं। अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभालेंगे, जबकि प्रिंस यादव या गुरनूर बराड़ तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं।

## क्रिकेट

# केन विलियमसन ने किया हैरान अचानक क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी ▸▸| क्राइस्टचर्च

अपने दौर के सबसे उम्दा बल्लेबाजों में से एक न्यूजीलैंड क्रिकेट के सबसे सफल दौर के नायक और अपने गरिमामय आचरण से विरोधी टीम को भी मुरीद बना लेने वाले केन विलियमसन ने 15 बरस से अधिक के सुनहरे कैरियर के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेने की घोषणा की।

इसके साथ ही न्यूजीलैंड क्रिकेट में तीनों प्रारुपों में एक युग का अंत हो गया। अपने शानदार कैरियर में विलियमसन ने देश के लिए 378 मैच खेले, अनगिनत बल्लेबाजी रिकॉर्ड बनाए और पूरी दुनिया में सम्मान पाया। विलियमसन ने 2025 में ही टी20 प्रारुप से संन्यास ले लिया था ।



### विलियमसन ने कई प्रारुपों में बनाए 19346 रन

35 वर्ष के विलियमसन ने न्यूजीलैंड के लिए विभिन्न प्रारुपों में 19346 रन बनाए हैं, जिनमें टेस्ट क्रिकेट में 33 शतक और छह दोहरे शतक समेत 9500 से अधिक रन हैं। उनकी कप्तानी में न्यूजीलैंड दो बार आइसीसी विश्व कप फाइनल , तीन सेमीफाइनल में पहुंचा और 2021 में पहली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती।


### संन्यास का सही समय : विलियमसन

*विलियमसन ने कहा,' मैंने इस पर काफी सोचा और पिछले कुछ दिन से लग रहा था कि यह सही समय है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए मेरे भीतर हमेशा मजबूत इच्छाशक्ति और ललक रही है और मुझे इस बात में गर्व है कि न्यूजीलैंड के लिए हर मैच में मैंने अपना सब कुछ दिया है।' उन्होंने कहा,' इससे कम पर खेलते रहना सही नहीं होगा और मैं खुशकिस्मत हूं कि अपने हिसाब से मैंने यह फैसला लिया है।' विलियमसन ने कहा,' मैं पिछले कुछ दिन से इसके बारे में सोच रहा था और लगा कि यह सही समय है इसका दूसरा पहलू यह है कि मैं एक प्रतिभाशाली समूह देख रहा हूं, जिनके आगे एक सफर है, जो इस न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के साथ कुछ खास चीजें कर सकते हैं। वही टीम, जिसका मैं इतने लंबे समय तक हिस्सा बनकर बहुत खुशकिस्मत रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'न्यूजीलैंड टीम के लिए मेरे मन में काफी सम्मान है और इस खेल के लिए भी।*

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन

# सिंधू ने सू यू को मात्र 27 मिनट में हराया, सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▸▸| सिडनी



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की चेन सू यू को मात्र 27 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में सीधे गेमों में 21-6, 21-9 से पराजित किया। सिंधू ने शुरुआत से ही मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा और आसानी से अंतिम चार में जगह पक्की कर ली। सेमीफाइनल में सिंधू का सामना जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची से होगा। यामागुची ने भारतीय किशोरी तन्वी शर्मा के शानदार अभियान का अंत करते हुए उन्हें 21-14, 21-14 से हराया। यह मुकाबला 32 मिनट तक चला।

### सिंधू के लिए सेमीफाइनल काफी महत्वपूर्ण

सिंधू और यामागुची के बीच अब तक हुए मुकाबलों के आंकड़ों में भारतीय स्टार का पलड़ा थोड़ा भारी रहा है। दोनों खिलाड़ियों के बीच खेले गए 28 मुकाबलों में सिंधू ने 15 जबकि यामागुची ने 13 जीत दर्ज की हैं। सिंधू के लिए यह सेमीफाइनल काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि मौजूदा सत्र में उनका प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। वह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर लंबे समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को समाप्त करने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल करने की कोशिश कर रही हैं। सिंधू को दिसंबर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल का खिताब जीतने के बाद से अपने अगले खिताब का इंतजार है। पुरुष युगल में भारत के हरिहरन अम्साकरुनन और एमआर अर्जुन क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के चेन चेंग कुआन और लियू कुआंग हेंग से 19-21, 9-16 से पिछड़ने के बाद बाहर हा गए ।

# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को 7 विकेट से हराया, पॉवेल ने लगाया शानदार सिक्स



एजेंसी ▸▸| किंग्स्टन

रोवमैन पॉवेल ने अंतिम ओवर में छक्का लगाया, जिससे वेस्टइंडीज ने तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में श्रीलंका को 7 विकेट से हराया।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 147 रन बनाए। उसकी तरफ से कामिंदु मेंडिस ने 51 रन तथा कप्तान और सलामी बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने 36 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से जेसन होल्डर और शमर जोसेफ ने तीन-तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने 3 विकेट पर 149 रन बनाकर जीत दर्ज की। उसकी तरफ से कप्तान और सलामी बल्लेबाज शाई होप ने नाबाद 65 रन बनाए। इसके बाद पॉवेल ने नाबाद 10 रन बनाकर टीम को चार गेंद पहले ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग ने 37 रन का योगदान दिया। टी20 श्रृंखला के आखिरी दो मैच शनिवार और रविवार को किंग्स्टन के सबीना पार्क में ही खेले जाएंगे।

# डब्ल्यूएफआई की कार्रवाई, 500 से अधिक पहलवान अयोग्य

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने उम्र में धोखाधड़ी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंडर-17 राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता से 500 से अधिक पहलवानों को अयोग्य घोषित कर दिया है। आधार आधारित सख्त सत्यापन प्रणाली लागू होने के बाद खिलाड़ियों के दस्तावेजों में बड़े पैमाने पर विसंगतियां सामने आईं। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में 6 से 8 जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला वर्गों में करीब 1,200 पहलवानों ने पंजीकरण कराया था। आयु सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण पत्र के साथ-साथ खिलाड़ियों से मोबाइल नंबर से जुड़े आधार कार्ड प्रस्तुत करने और आधार ऐप के जरिए ओटीपी प्रमाणीकरण कराने को कहा गया। आधार ऐप में दस्तावेजों में किए गए सभी बदलावों का रिकॉर्ड उपलब्ध रहता है, जिससे जांच और अधिक प्रभावी हो सकी।




### आधार और जन्म प्रमाण पत्र की जानकारी में विसंगति

जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए, जिनमें आधार और जन्म प्रमाण पत्र की जानकारी मेल नहीं खा रही थी। कई जन्म प्रमाण पत्र खिलाड़ियों के जन्म के वर्षों बाद जारी किए गए थे, जिससे संदेह और गहरा गया। एक मामले में एक पहलवान ने जन्म प्रमाण पत्र में अपनी जन्म तिथि वर्ष 2007 और जन्म स्थान दिल्ली के नरेला क्षेत्र का बताया था, जबकि उसके आधार रिकॉर्ड में जन्म वर्ष 2004 और जन्म स्थान हरियाणा दर्ज था। इस विसंगति के बाद डब्ल्यूएफआई ने संबंधित अस्पताल से भी स्पष्टीकरण मांगा।

## मैदान के बाहर बेबाक अंदाज और युवा खिलाड़ियों को पहचानने में माहिर कोच

# सिर्फ चैंपियन नहीं, भारतीय शूटिंग में क्रांति का चेहरा थे राणा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

निशानेबाजी में विलक्षण प्रतिभा, मैदान के बाहर बेबाक अंदाज और युवा खिलाड़ियों को पहचानने में माहिर कोच, जसपाल राणा शायद पहले ऐसे निशानेबाज थे, जिन्होंने इस खेल में भारत के मजबूत होने से पहले ही भारतीयों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था।

राणा ने 49 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उन्हें दिल से जुड़ी समस्याएं हो गई थीं, जो म्यूनिख से दिल्ली लौटते समय उनकी उड़ान के दौरान सामने आईं। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में जन्मे राणा सिर्फ एक चैंपियन निशानेबाज ही नहीं थे। वह एक खेल क्रांति का चेहरा थे। भारत के विश्व में निशानेबाजी में एक ताकत के रूप में उभरने से काफी पहले किशोर राणा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शानदार प्रदर्शन से एक पीढ़ी को प्रेरित किया और उस खेल के पहले स्टार खिलाड़ियों में से एक बन गए, जो उस समय भारत में क्रिकेट के दीवाने लोगों के लिए काफी हद तक अनजान था। उनका उदय भारतीय निशानेबाजी के लिए मील का पत्थर साबित हुआ।



### निशानेबाजी के थे नायक

वह तस्वीर भारतीय खेल जगत की स्मृतियों में हमेशा के लिए बनी रहेगी जब विक्टोरिया में 1994 के राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद किशोर राणा को उनके पिता ने कंधों पर उठा दिया था। जिस निशानेबाजी खेल से भारत लगभग अपरिचित था, उस खेल में उन्हें एक नायक मिल गया था। उनका यह प्रदर्शन एक ऐसे खिलाड़ी का उदय था, जो एक चैंपियन और एक कोच दोनों के रूप में भारतीय निशानेबाजी के भाग्य को नई दिशा देने वाला था। उस सफलता ने राणा परिवार की किस्मत बदल दी, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने भारत के लिए पदक दिलाने वाले खेल के रूप में निशानेबाजी की क्षमता को उजागर किया।

### 12 साल की उम्र में जीता था स्वर्ण पदक

महज 12 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले राणा का करियर लगभग दो दशकों तक चला, जिसके दौरान उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में कई पदक जीते। वह ओलंपियन भी थे। उन्होंने 1996 के अटलांटा ओलंपिक खेलों में भाग लिया था लेकिन पदक नहीं जीत पाए थे। राजवर्धन सिंह राठौड़ (2004 एथेंस ओलंपिक में रजत पदक) और अभिनव बिंद्रा (2008 बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण पदक) ने बाद में ओलंपिक में पदक जीते लेकिन इसकी नींव एक तरह से राणा ने रखी थी। दोहा में 2006 के एशियाई खेलों में उन्होंने तेज बुखार और मतली आने के बावजूद तीन स्वर्ण पदक जीते।

## मृत श्रमिक के बच्चों के मुआवजा दावे में हस्तक्षेप, हाईकोर्ट ने श्रम न्यायालय को पहले दस्तावेज संबंधी आवेदन पर निर्णय के दिए निर्देश

# नाबालिगों के हक के दस्तावेज दबे न रह जाएं, अंतिम फैसले से पहले सुनवाई जरूरी

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक आदेश ने स्पष्ट किया कि न्याय का अर्थ केवल फैसला सुनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि हकदार पक्ष को अपना पक्ष साबित करने का पूरा अवसर मिले। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने कहा कि इसलिए नाबालिगों के मुआवजा दावे में आवश्यक दस्तावेजों पर विचार किए बिना अंतिम निर्णय नहीं किया जा सकता। किसी मुकदमे में अंतिम निर्णय की जल्दबाजी ऐसी न हो कि वास्तविक हकदारों को अपने दावे के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर ही न मिले। विशेषकर तब, जब मामला नाबालिग बच्चों के अधिकारों और मृतक श्रमिक के मुआवजे से जुड़ा हो। कोर्ट ने श्रम न्यायालय को निर्देश दिया है कि अंतिम फैसला सुनाने से पहले आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कराने संबंधी आवेदन पर निर्णय किया जाए।



सिवनी निवासी मृत श्रमिक कुलपत दास के नाबालिग बच्चों की याचिका में कहा गया था कि उनके पिता की कार्यस्थल से जुड़ी मृत्यु के बाद कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम के तहत मुआवजे का दावा लंबित है। अंतिम बहस पूरी होने के बाद बच्चों को पता चला कि उनके पिता के रोजगार संबंधी कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज रिकार्ड पर नहीं हैं। चूंकि वे नाबालिग हैं और दस्तावेज उनके पास नहीं हैं, इसलिए उन्होंने सीपीसी के आदेश 11 नियम 14 के तहत दस्तावेज तलब करने का आवेदन प्रस्तुत किया था।

याचिका में कहा गया था कि आवेदन के साथ शीघ्र सुनवाई का निवेदन भी किया गया, लेकिन श्रम न्यायालय ने उस पर विचार किए बिना प्रकरण को अंतिम निर्णय की ओर बढ़ा दिया। इस पर हाई कोर्ट ने कहा कि जब विवाद मुआवजे के दावे और नाबालिग बच्चों के अधिकारों से जुड़ा है, तब दस्तावेजों की मांग संबंधी आवेदन पर पहले निर्णय किया जाना आवश्यक है। कोर्ट ने श्रम न्यायालय को निर्देश दिया कि अंतिम निर्णय पारित करने से पूर्व उक्त आवेदन का निराकरण किया जाए। साथ ही स्पष्ट किया कि यदि आवेदन खारिज किया जाता है तो याचिकाकर्ताओं को उस आदेश को चुनौती देने के लिए उचित समय भी दिया जाए। इसी निर्देश के साथ याचिका का निराकरण कर दिया गया।

## नगर निगम ने 20 करोड़ की सरकारी भूमि कराई कब्जामुक्त परिसर में की तालाबंदी

**जबलपुर।** नगर निगम ने शहर के पॉश क्षेत्र राइट टाउन में स्थित करोड़ों रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की बड़ी कार्रवाई की है। निगम अधिकारियों के अनुसार चंचला बाई स्कूल के समीप स्थित नगर निगम स्वामित्व की लगभग 20 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि एवं भवन को कब्जामुक्त कराकर परिसर में तालाबंदी कर दी गई है। संभाग क्रमांक 13 के संभागीय अधिकारी सागर बोरकर एवं संपदा शाखा के उपयंत्री प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि डायवर्सन प्लॉट नंबर 440 एवं शीट नंबर 152-सी का एक हिस्सा नगर निगम के नाम दर्ज है। इस परिसर में पूर्व में कस्तूरबा स्कूल संचालित होता था, लेकिन कुछ समय से यहां लॉ कॉलेज के नाम पर अवैध कब्जा किया गया था। नगर निगम के निर्देश पर अतिक्रमण विरोधी दस्ते और अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की तथा पूरे परिसर को अपने नियंत्रण में लेते हुए मुख्य द्वारों पर तालाबंदी कर दी। निगम प्रशासन ने इसे सरकारी संपत्ति संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

### हाई कोर्ट की टिप्पणी-मेडिकल रिपोर्ट में नहीं दिखी आपात स्थिति, परिवार में अन्य सदस्य भी उपलब्ध

## पत्नी की सर्जरी का आधार नहीं आया काम सौरभ शर्मा को अस्थायी जमानत नहीं



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने बहुचर्चित आरटीओ भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग मामले के आरोपी परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा को राहत नहीं दी। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने पत्नी की प्रस्तावित सर्जरी और बच्चों की देखभाल का हवाला देकर मांगी गई 60 दिन की अस्थायी जमानत की अर्जी निरस्त कर दी। कोर्ट ने कहा कि प्रस्तुत मेडिकल दस्तावेजों में ऐसी कोई आपात स्थिति परिलक्षित नहीं होती, जिसके आधार पर अस्थायी जमानत दी जाए। साथ ही परिवार की देखभाल के लिए अन्य सदस्य उपलब्ध होने का तथ्य भी सामने आया है। दरअसल, सौरभ शर्मा की ओर से दायर आवेदन में कहा गया था कि उनकी पत्नी दिव्या तिवारी को साइनस की सर्जरी करानी है तथा दो नाबालिग बच्चों की देखरेख के लिए उनकी उपस्थिति आवश्यक है। वहीं प्रवर्तन एजेंसियों ने तर्क दिया कि शर्मा से जुड़े आर्थिक नेटवर्क में कई रिश्तेदार और सहयोगी शामिल रहे हैं, इसलिए परिवार की देखभाल के लिए अन्य व्यक्ति उपलब्ध नहीं होने का दावा स्वीकार्य नहीं है।

उभयपक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुरक्षित रखा गया फैसला सुनाते हुए हाई कोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी। उल्लेखनीय है कि सौरभ शर्मा को पूर्व में जिला अदालत, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिली है।

### अवैध कालोनी विकास मामले में कलेक्टर-एसडीओ के आदेशों का प्रभाव स्थगित

## अधिकार क्षेत्र से बाहर दंडात्मक कार्रवाई पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक फैसले में स्पष्ट किया कि कानून जिन शक्तियों को न्यायालय के लिए सुरक्षित रखता है, उनका प्रयोग प्रशासनिक अधिकारी नहीं कर सकते। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इस सिद्धांत से जुड़े मामले में कथित अवैध कालोनाइजेशन प्रकरण में पारित कलेक्टर एवं एसडीओ के आदेशों के प्रभाव और क्रियान्वयन पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी।

हाई कोर्ट ने छिंदवाड़ा निवासी जितेंद्र चोरे की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य शासन सहित अन्य पक्षकारों को नोटिस जारी किए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सौरभ शर्मा व विकास संतू ने तर्क दिया कि मध्यप्रदेश कालोनी विकास नियम, 2021 के तहत अनधिकृत कालोनी के मामलों में निर्माण हटाने तथा डेवलपर व भूमि स्वामी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई का प्राविधान है, जबकि दंड और जुर्माना लगाने का अधिकार सक्षम न्यायालय के पास है। याचिका में मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 339-सी का हवाला देते हुए कहा गया कि अवैध कालोनाइजेशन के अपराध में सजा और अर्थदंड न्यायालय द्वारा ही निर्धारित किए जा सकते हैं। ऐसे में कलेक्टर और एसडीओ द्वारा की गई कार्रवाई अधिकार क्षेत्र से परे है। इसी प्रकार के पूर्व प्रकरण में दी गई अंतरिम राहत का भी उल्लेख किया गया। राज्य शासन की ओर से प्रस्तुत अधिवक्ता इस तथ्य का प्रभावी प्रतिवाद नहीं कर सके। इसे देखते हुए हाई कोर्ट ने अंतरिम राहत प्रदान करते हुए विवादित आदेशों के प्रभाव और संचालन पर रोक लगा दी। साथ ही राज्य शासन को जवाब तथा आवश्यक होने पर स्थगन निरस्तीकरण आवेदन प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता दी।

### गंभीर आरोपों की जांच को प्रारंभिक स्तर पर बाधित नहीं किया जा सकता

## अवैध कारोबार के आरोप में राहत की दहलीज ऊंची : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में हस्तक्षेप से इन्कार करते हुए संकेत दिया कि गंभीर आरोपों की जांच को प्रारंभिक स्तर पर बाधित नहीं किया जा सकता।जस्टिस रामकुमार चौबे की सिंगल बेंच ने इस मत के साथ अवैध शराब भंडारण के आरोपी को अग्रिम जमानत देने का आधार नहीं पाया और अर्जी निरस्त कर दी। मामला पन्ना जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक टपरे में अवैध शराब का भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी बल्लू उर्फ रामपाल यादव ने गिरफ्तारी की आशंका जताते हुए हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी। कोर्ट के समक्ष सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने राहत की मांग की, जबकि राज्य की ओर से इसका विरोध किया गया। प्रकरण के तथ्यों पर विचार करने के बाद कोर्ट ने अर्जी निरस्त कर दी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चयन में प्रस्तुत दस्तावेज सत्यापन में गलत पाए गए, याचिका निरस्त

## फर्जी अंकसूची पर एफआइआर के आदेश को अवैध नहीं ठहरा सकते : हाई कोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट ने अपने एक आदेश में साफ किया कि दस्तावेज की सत्यता का परीक्षण सक्षम संस्थान द्वारा किया जा चुका है और वह फर्जी पाया गया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे में एफआइआर दर्ज कराने के निर्देश को अवैध नहीं ठहराया जा सकता। ऐसे में याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर देने से भी कोई व्यावहारिक परिणाम नहीं होगा। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कहा कि यदि आपराधिक प्रकरण दर्ज होता है तो याचिकाकर्ता कानून के अनुसार अग्रिम जमानत सहित अन्य वैधानिक उपाय अपनाने स्वतंत्र है। इन्हीं टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी।

टीकमगढ़ जिले की ममता यादव ने याचिका दायर कर 26 मई, 2026 के आदेश को चुनौती दी थी। इसके तहत अधिकारियों को उनके खिलाफ सात दिन के भीतर एफआइआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए थे। याचिकाकर्ता का तर्क था कि बिना सुनवाई का अवसर दिए और बिना विधिवत जांच किए यह कार्रवाई की गई है। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से बताया गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत 12वीं की अंकसूची का सत्यापन कराया गया था। संबंधित संस्थान, महार्षि पतंजलि संस्कृत संस्थानम ने स्पष्ट किया कि संलग्न अंकसूची उसके द्वारा जारी नहीं की गई है।



## गौरीघाट रेत नाका पुल के नीचे अतिक्रमण हटाया, नगर निगम ने लगाया जुर्माना

**जबलपुर।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने के अभियान के तहत नगर निगम ने गौरीघाट रेत नाका रेलवे पुल के नीचे से अवैध कब्जा हटाते हुए कार्रवाई की और संबंधित पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। संभागीय अधिकारी पंकज अवस्थी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान रोहित बर्मन द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कार वॉशिंग दुकान संचालित की जा रही थी, जिससे क्षेत्र में गंदगी फैल रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिक्रमण विरोधी दस्ते को मौके पर बुलाकर दुकान हटवाई गई। इसी क्रम में रांझी क्षेत्र में नगर निगम की टीम ने स्वच्छता अभियान के तहत होटल और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। होटल संचालक कमल दास के प्रतिष्ठान में डस्टबिन की अनुपलब्धता और गंदगी पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंक दिलाने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान संबंधित अधिकारी एवं स्वास्थ्य निरीक्षक उपस्थित रहे।

## जबलपुर में होगा "एंडो डायलॉग 2026", 100 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक जुटेंगे

**जबलपुर।** मध्य भारत की संस्कारधानी जबलपुर में आगामी 13 एवं 14 जून 2026 को "एंडो डायलॉग 2026" का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव और डॉ. ऋतु श्रीवास्तव की पहल पर पार्क इन बाय रैडिसन, जबलपुर में आयोजित होगा। सम्मेलन में देशभर से 100 से अधिक राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय ख्याति प्राप्त चिकित्सक, शोधकर्ता और प्रोफेसर भाग लेंगे। इसका मुख्य विषय "ब्रिजिंग द गैप ऑन एंडो मेटाबॉलिक डिजीज" है। इसमें मधुमेह, थायरॉइड, मोटापा, हार्मोनल असंतुलन, हृदय रोग और अन्य मेटाबॉलिक बीमारियों में नवीनतम उपचार और शोध पर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे। डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों में तेजी से वृद्धि हो रही है और चिकित्सकों को नवीनतम तकनीक एवं ज्ञान से जोड़ना आवश्यक है। सम्मेलन में वैज्ञानिक सत्र, पैनल डिस्कशन और ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियों के माध्यम से विशेषज्ञ अनुभव साझा करेंगे। साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. वी.के. भारद्वाज ने कहा कि यह सम्मेलन चिकित्सकों को आधुनिक चिकित्सा ज्ञान से जोड़ने और मरीजों को बेहतर उपचार सुनिश्चित करने में मदद करेगा। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल ने बताया कि मधुमेह और हृदय रोगों का गहरा संबंध है, इसलिए समय पर जांच और उचित उपचार अत्यंत महत्वपूर्ण है। एंडो डायलॉग 2026 चिकित्सा शिक्षा, शोध और रोगियों के बेहतर उपचार की दिशा में मध्य भारत का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।



### बिना टिकट यात्रा के 2.07 लाख मामले पकड़े गए, पिछले वर्ष से 16 प्रतिशत अधिक राजस्व प्राप्त

## टिकट चेकिंग से पमरे की कमाई में उछाल, मई में वसूले 16.82 करोड़ रुपये

हरिभूमि, जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेल द्वारा टिकट जांच अभियान के तहत मई 2026 में बिना टिकट यात्रा करने वालों और अनियमित टिकट पर सफर करने वाले यात्रियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 2 लाख 7 हजार मामले पकड़े गए, जिनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माने के रूप में 16 करोड़ 82 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।




प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर मुख्यालय सहित जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में यात्री ट्रेनों और स्टेशनों पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाए गए। पश्चिम मध्य रेल द्वारा प्राप्त यह राजस्व पिछले वर्ष मई माह में वसूले गए 14 करोड़ 49 लाख रुपये की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है।

### जबलपुर मंडल रहा सबसे आगे

मई 2026 के दौरान टिकट जांच अभियान में जबलपुर मंडल ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। यहां 1 लाख 1 हजार 800 मामलों में कार्रवाई करते हुए 8 करोड़ 87 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। वहीं भोपाल मंडल में 68 हजार मामलों से 4 करोड़ 93 लाख रुपये तथा कोटा मंडल में 34 हजार मामलों से 2 करोड़ 80 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड ने भी अभियान चलाकर बिना टिकट यात्रा, अनबुक्ड लगेज एवं अनियमित टिकट के 3 हजार 300 मामले पकड़े और 22 लाख रुपये की वसूली की।

### पमरे का प्रदर्शन एक नजर में

**कुल मामले** : 2.07 लाख
**कुल राजस्व** : 16.82 करोड़ रुपये
**गत वर्ष की तुलना में वृद्धि** : 16 प्रतिशत
**जबलपुर मंडल** : 1.01 लाख मामले, 8.87 करोड़ रुपये
**भोपाल मंडल** : 68 हजार मामले, 4.93 करोड़ रुपये
**कोटा मंडल** : 34 हजार मामले, 2.80 करोड़ रुपये
**मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड** : 3,300 मामले, 22 लाख रुपये।

### मानसून में बदलेगी जबलपुर-कोयंबटूर स्पेशल ट्रेन की समय सारिणी

**जबलपुर।** मानसून के दौरान कोंकण रेलवे क्षेत्र में परिचालन को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 02198/02197 जबलपुर-कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन की समय सारिणी में आंशिक परिवर्तन किया गया है। परिवर्तित समय सारिणी के अनुसार ट्रेन का संचालन 19 जून 2026 से जबलपुर से प्रत्येक शुक्रवार तथा 15 जून 2026 से कोयंबटूर से प्रत्येक सोमवार को किया जाएगा। रेलवे के अनुसार जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवाड़ा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, पनवेल और रोहा स्टेशनों के समय में कोई बदलाव नहीं होगा। वहीं कोंकण रेलवे क्षेत्र के खेड़, चिपलून, रत्नागिरी, कणकवली, कुडाल, मडगांव, कारवार, उडुपी, मंगलुरु सहित कई स्टेशनों पर आगमन एवं प्रस्थान समय में आंशिक परिवर्तन रहेगा। जबलपुर-कोयंबटूर स्पेशल 19 जून से 16 अक्टूबर 2026 तक 18 ट्रिप संचालित होगी और प्रत्येक शुक्रवार रात 11:50 बजे जबलपुर से रवाना होकर रविवार शाम 5:10 बजे कोयंबटूर पहुंचेगी। वहीं कोयंबटूर-जबलपुर स्पेशल 15 जून से 19 अक्टूबर 2026 तक 19 ट्रिप संचालित होगी तथा प्रत्येक सोमवार दोपहर 3:10 बजे कोयंबटूर से चलकर बुधवार सुबह 8:45 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

### 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली हवाएं, जनजीवन प्रभावित

## आंधी-तूफान और बारिश से थमा शहर, कई इलाकों में बिजली गुल



**जबलपुर।** शुक्रवार दोपहर अचानक बदले मौसम ने शहरवासियों को गर्मी से राहत तो दी, लेकिन तेज आंधी, तूफान और बारिश ने शहर की बिजली व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। दोपहर बाद आसमान में घने बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। कई क्षेत्रों में पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं, जबकि बिजली के तार और खंभे क्षतिग्रस्त होने से अनेक इलाकों की विद्युत आपूर्ति घंटों बाधित रही।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार दोपहर 3:30 बजे से शाम 4:30 बजे के बीच शहर में 8.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग ने 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की पुष्टि की है। अचानक आए मौसम परिवर्तन के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। कई प्रमुख मार्गों पर पेड़ गिरने और जलभराव जैसी स्थिति बनने से यातायात भी प्रभावित हुआ। शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों को उमस और अंधेरे की समस्या झेलनी पड़ी। विद्युत विभाग की टीमें शाम तक फॉल्ट सुधारने में जुटी रहीं।

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे के दौरान भी गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। विभाग ने नागरिकों से खराब मौसम के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों और खुले स्थानों से दूर रहने की सलाह दी है।

शुक्रवार को पारा 40.6 डिग्री के पर रहा, जो सामान्य ये 1 डिग्री दर्ज किया गया. वहीं न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 52 प्रतिशत और सायंकाल 76 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.24 पर और सूर्यास्त शाम 6.57 मिनिट पर दर्ज किया गया। उत्तर पश्चिमी हवायें 5-6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 40.7 और न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शुक्रवार को हुई 8.4 मिमी वर्षा के बाद अब तक कुल वर्षा का आंकड़ा 28.5 मिमी पर पहुंच गया जो लगभग 1 इंच से अधिक है। अगले 24 घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की

### सुरक्षा नियम तोड़ने वाले वाहनों पर आरटीओ कसेगा शिकंजा

**जबलपुर।** यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले व्यावसायिक वाहनों पर परिवहन विभाग अब सख्त रुख अपनाएगा। विभागीय जांच में सामने आया है कि जबलपुर संभाग की करीब 70 प्रतिशत बसों और टैक्सियों में लगे पैनिक बटन और वीएलटी डिवाइस फिटनेस के तुरंत बाद बंद कर दिए जाते हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए विभाग ऐसे वाहनों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने और भारी जुर्माना लगाने की तैयारी कर रहा है। परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के निर्देश पर आरटीओ संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी विक्रम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में मई माह में सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान ओवरलोडिंग, अवैध परिवहन और दस्तावेजों के उल्लंघन पर 980 वाहनों के चालान काटे गए और 53.45 लाख रुपये का राजस्व वसूला गया। कई वाहन बिना परमिट, फिटनेस, बीमा और कर भुगतान के चलते मिले। विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में सुरक्षा उपकरण बंद पाए जाने पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। नियमित औचक जांच तेज होगी और नियम तोड़ने वाले संचालकों पर कठोर कार्रवाई तय है। इसका उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और नियमों का पालन कराना है।



## जबलपुर में लगेंगे 11 लाख पौधे, उमरिया पिपरिया में विकसित होगा नगर वन

**जबलपुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम इस वर्ष शहर में 11 लाख पौधे लगाने का अभियान शुरू करने जा रहा है। अभियान के तहत जून माह से पौधारोपण कार्य प्रारंभ होगा और विभिन्न क्षेत्रों में ऑक्सीजन जोन विकसित किए जाएंगे। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने उमरिया पिपरिया में चिन्हित 20 एकड़ भूमि का निरीक्षण किया, जहां प्रथम चरण में एक बड़े नगर वन का विकास किया जाएगा। इस क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से घना जंगल, तालाब, वॉकिंग ट्रैक तथा फलदार पौधे विकसित किए जाएंगे। महापौर ने बताया कि अगले एक वर्ष में लगभग 175 एकड़ भूमि को विकसित कर ऑक्सीजन जोन बनाया जाएगा, जिससे शहर की हरियाली बढ़ने के साथ वायु गुणवत्ता में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह नगर वन संस्कारधानी के नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240